13 फरवरी, 2025
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 116

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में आधार लिंक की समय सीमा बढ़ी

## न्यूज रील्स

### राम मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास का निधन

अयोध्या। अयोध्या में रामलला मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का 80 साल की उम्र में निधन हो गया। बुधवार सुबह 7 बजे लखनऊ पीजीआइ में उन्होंने आखिरी सांस ली। उनको तीन फरवरी को ब्रेन हेमरेज के बाद अयोध्या से लखनऊ रेफर किया गया था। आचार्य सत्येंद्र दास का पार्थिव शरीर अयोध्या के सत्य धाम गोपाल मंदिर आश्रम में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। आचार्य सत्येंद्र दास के निधन पर सीएम योगी ने शोक जताया है। आचार्य सत्येंद्र दास को गुरुवार दोपहर 12 बजे जल समाधि दी जायेगी। सत्येंद्र दास 32 साल से रामजन्मभूमि में बतौर मुख्य पुजारी सेवा दे रहे थे। 6 दिसंबर, 1992 को बाबरी विध्वंस के समय वे रामलला को गोद में लेकर भागे थे।

# मुफ्त स्कीम पर सुप्रीम कोर्ट ने जतायी नाराजगी

## कहा, इसी वजह से लोग काम नहीं करना चाहते

- कोर्ट ने कहा, जरूरतमंदों को मुख्यधारा से जोड़ने की कोशिश होनी चाहिए

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव से पहले राजनीतिक दलों की ओर मुफ्त सुविधाओं (फ्रीबीज) की घोषणा पर नाराजगी जाहिर की है। कोर्ट ने कहा कि लोग इनके चलते काम नहीं करना चाहते, क्योंकि उन्हें मुफ्त में राशन और पैसा मिल रहा है। अदालत ने कहा कि कि मुफ्त राशन और पैसा देने की बजाय बेहतर होगा कि ऐसे लोगों को समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनाया जाये, ताकि वे देश के विकास के लिए योगदान दे सकें।

**सुप्रीम कोर्ट ने क्यों की यह टिप्पणी? :** जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज की बेंच ने यह टिप्पणी शहरी इलाकों में बेघर लोगों के आश्रय स्थल से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान की। सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने बताया कि सरकार शहरी गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम को अंतिम रूप देने में लगी है, जो गरीब शहरी बेघर लोगों को आवास उपलब्ध कराने से लेकर दूसरे जरूरी मसलों में मददगार होगा। सुप्रीम कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल से कहा कि वह सरकार से निर्देश लेकर बतायें कि यह कार्यक्रम कब से लागू होगा। छह हफ्ते बाद कोर्ट आगे सुनवाई करेगा।

### सुप्रीम कोर्ट पहले भी लगा चुका है फटकार

बता दें कि यह पहली बार नहीं है, जब मुफ्त की योजनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को घेरा है। बीते साल कोर्ट ने केंद्र और चुनाव आयोग से पूछा था कि राजनीतिक पार्टियां हमेशा ही चुनावों से पहले मुफ्त स्कीमों की घोषणाएं करती हैं। अधिक वोट पाने के लिए राजनीतिक पार्टियां मुफ्त की योजनाओं पर निर्भर रहती हैं और इसका एक उदाहरण हाल ही में हुए दिल्ली चुनावों में भी देखा गया है।

# शहीद कैप्टन का शव रांची पहुंचा

# आज हजारीबाग में होगी अंत्येष्टि

## हवाई अड्डे पर राज्यपाल, वित्त मंत्री और अन्य ने अर्पित की श्रद्धांजलि

- जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में आइइडी धमाके में हुए शहीद

आजाद सिपाही संवाददाता



शहीद के परिजनों से मुलाकात करते राज्यपाल और वित्त मंत्री। शहीद कैप्टन करमजीत (इनसेट में फाइल फोटो)

**रांची/ हजारीबाग।** हजारीबाग के जुलु पार्क निवासी कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी देश की सेवा करते हुए मंगलवार देर शाम शहीद हो गये। उनका पार्थिव शरीर बुधवार शाम रांची पहुंचा। बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और कई अन्य विशिष्ट लोगों ने शहीद कैप्टन को पुष्पांजलि अर्पित की। राज्यपाल और अन्य ने हवाई अड्डे पर शहीद कैप्टन के परिजनों से मुलाकात की। शहीद कैप्टन के पार्थिव शरीर का गुरुवार को हजारीबाग मुक्तिधाम में पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार होगा। इसके लिए विशेष व्यवस्था की गयी है।

**आवास पर लोगों का लगा तांता :** हजारीबाग और आसपास के इलाके में कैप्टन करमजीत के शहीद होने की खबर आग तरह फैल गयी है। लोग उनके आवास पर पहुंच कर उन्हें याद कर रहे हैं। परिवार को लोगों को गर्व है कि उनके बेटे ने देश के लिए बलिदान दिया है। शाहिद करमजीत के पिता अजिंदर सिंह बक्शी ने नम आंखों से कहा कि वह देश के लिए शहीद हो गया। 11 साल से सेना में था। वह परिवार का सबसे बड़ा बेटा था। पूरे परिवार की जिम्मेदारी उठा रहा था। उसकी शादी भी अप्रैल में होने वाली थी।

गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में एलओसी के पास मंगलवार को हुए आइइडी धमाके में कैप्टन समेत दो जवान शहीद हो गये थे, वहीं एक जवान घायल है।

जम्मू के अखनूर में सर्च ऑपरेशन के दौरान झारखंड से कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी और सेना के एक और जवान के शहीद होने की दुखद खबर मिली। मरांग बुरु शहीद जवानों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

-हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री



हजारीबाग के बेटे कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के शहीद होने की सूचना से मन अत्यंत व्यथित है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोक संतप्त परिजनों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति दें। कृतज्ञ राष्ट्र के रूप में हम सदैव करमजीत की शहादत के ऋणी रहेंगे।

- बाबूलाल मरांडी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

# डोमचांच के रूपनडीह में प्रतिमा और झंडा लगाने को लेकर विवाद

- झड़प में थाना प्रभारी समेत एक दर्जन घायल, कई हिरासत में

आजाद सिपाही संवाददाता

**डोमचांच/ कोडरमा।** जिले के डोमचांच थाना अंतर्गत रूपनडीह में दो पक्षों में बुधवार सुबह जमकर पत्थरबाजी हुई। यह विवाद मंदिर के बैनर को हटाने और संत रविदास की प्रतिमा को लगाने को लेकर हुआ। इस घटना में मामले को शांत कराने दल बल के साथ पहुंचे डोमचांच थाना प्रभारी ओमप्रकाश समेत लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार रूपनडीह गांव में संत रविदास मंदिर के सामने झंडा बोर्ड और होर्डिंग लगाया गया है। इसको लेकर कुछ लोग विरोध कर रहे हैं। बताया गया कि रविदास मंदिर से थोड़ी दूर पर दुर्गा माता का मंदिर बन रहा है। इसे लेकर कुछ महीने पहले होर्डिंग और बैनर-पोस्टर लगाये गये थे। बुधवार को संत रविदास की जयंती पर लोग पहुंचे और मंदिर के सामने लगाये गये होर्डिंग और बैनर को हटाना शुरू कर दिया। उनका कहना था कि होर्डिंग-पोस्टर लगाकर रविदास मंदिर को ढंक दिया गया है। इसका दूसरे पक्ष के लोगों ने विरोध किया। इसे लेकर दोनों पक्ष के लोग आमने-सामने हो गये और एक-दूसरे पर पथराव शुरू कर दिया। मंगलवार को भी अनुमंडल कार्यालय के समक्ष संत शिरोमणि रविदास समारोह समिति डोमचांच ने धरना प्रदर्शन भी किया था। वहीं बुधवार को इसी मामले में दो पक्षों में झड़प के बाद पत्थरबाजी की घटना हुई। माहौल शांत करने पहुंचे थाना प्रभारी ओम प्रकाश कुमार को भी पत्थर लगा और वे घायल हो गये। वहीं सर्किल इंस्पेक्टर विनोद कुमार और कुंदन कुमार मेहता, शंकर दास, नारंगी दास समेत अन्य लोगों को भी चोट लगी है। बाद में एसडीओ रिया सिंह, एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में पहुंची विभिन्न थानों की पुलिस ने मामले को संभाला। लोगों को नियंत्रित करने किये लाठी भी भांजनी पड़ी, तो वहीं गांव में विभिन्न थानों के पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। घटना के बाद आसपास की दुकानें बंद हो गयी हैं। वहीं हंगामे और मारपीट के आरोप में कई लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। घटनास्थल पर खड़ी कई मोटरसाइकिलें भी पुलिस ने जब्त की हैं। मामले को लेकर दोनों ओर से प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

### गोड्डा में आदिवासी महिला के साथ गैंगरेप

गोड्डा (आजाद सिपाही)। गोड्डा जिले में एक आदिवासी महिला के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया। घटना राजाभीठा थाना क्षेत्र के रतनपुर साप्ताहिक हाट के पास हुई। महिला को बाइक सवार दो युवकों ने रोका और सुनसान मैदान में ले जाकर बारी-बारी से बलात्कार किया। पीड़िता की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग जमा हो गये, जिससे आरोपी अपनी बाइक छोड़कर फरार हो गये। ग्रामीणों ने महिला की मदद की और इलाज कराया। महिला ने राजाभीठा थाने में शिकायत दर्ज करायी, लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज करने से इनकार कर दिया और समझौता करने की सलाह दी। महिला ने गोड्डा के पुलिस अधीक्षक अनिमेष नेथानी से गुहार लगायी, जिसके बाद पुलिस हरकत में आयी और एक आरोपी विशाल पहाड़िया को गिरफ्तार कर लिया। एसपी नेथानी ने बताया कि दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है और जल्द ही उसे भी पकड़ लिया जायेगा।

# भारत में बिना वीजा-पासपोर्ट के प्रवेश पर सख्त नियम बनेंगे

- सरकार नया बिल लायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत में बिना वीजा-पासपोर्ट के प्रवेश पर केंद्र सरकार सख्त कानून लाने जा रही है। अगर कोई विदेशी नागरिक वैध पासपोर्ट या वीजा के बिना भारत में प्रवेश करता है, तो उसे पांच साल तक जेल और पांच लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। अगर कोई विदेशी फर्जी दस्तावेज के साथ भारत में प्रवेश करता है, तो उसे यहां से निकाला जा सकता है। साथ ही दो साल की जेल हो सकती है, जिसे सात साल तक बढ़ाया जा सकता है। वहीं, एक लाख से दस लाख रुपये तक जुर्माना लगाया जा सकता है। यह नियम आव्रजन और विदेशी नागरिक कानून, 2025 के तहत है, जिसे सरकार संसद के बजट सत्र में पेश करेगी।

### इनकम टैक्स बिल आज लोकसभा में हो सकता है पेश

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** नया इनकम टैक्स बिल गुरुवार 13 फरवरी को लोकसभा में पेश किया जा सकता है। 622 पन्नों वाला बिल छह दशक पुराने इनकम टैक्स एक्ट 1961 को बदलेगा। प्रस्तावित कानून को आयकर अधिनियम 2025 कहा जायेगा और इसे अप्रैल 2026 में प्रभावी होने की उम्मीद है।

# महाकुंभ: माघी पूर्णिमा पर 2.5 करोड़ लोगों ने लगायी डुबकी

- अनिल कुंबले ने स्नान किया, 15 किमी तक भीड़
- श्रद्धालुओं पर मुस्लिमों ने बरसाये फूल

आजाद सिपाही संवाददाता

**प्रयागराज।** महाकुंभ में बुधवार को श्रद्धालुओं ने माघ पूर्णिमा का स्नान किया। संगम से 15 किमी तक चारों तरफ श्रद्धालुओं की भीड़ लगी। अंतिम समाचार मिलने तक 2.5 करोड़ लोग स्नान कर चुके थे। देर शाम तक लोगों का पहुंचना और स्नान करने का सिलसिला जारी था। बुधवार को पूर्व क्रिकेटर अनिल कुंबले ने संगम में स्नान किया। उधर, श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से 25 क्विंटल फूल बरसाये गये। वहीं, काटजू रोड पर मस्जिद के बाहर जुटे नमाजियों ने भी श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की।

**लेटे हनुमान मंदिर को बंद किया गया:** प्रयागराज में व्यवस्था को बनाये रखने के लिए प्रशासन मुस्तैद है। शहर में ट्रैफिक प्लान को बदला गया है। वाहनों की एंट्री बंद है। श्रद्धालुओं को संगम तक पैदल जाना पड़ा। हालांकि पार्किंग से शटल बसें चलायी गयी हैं। संगम पर पैरामिलिट्री फोर्स के जवान तैनात हैं। वहां लोगों को रुकने नहीं दिया जा रहा, ताकि भीड़ न बढ़ जाये। महाकुंभ मेले से भीड़ जल्दी बाहर निकल जाये, इसलिए लेटे हनुमान मंदिर, अक्षयवट और डिजिटल महाकुंभ सेंटर को बंद कर दिया गया है।

### कल्पवासी भी आज से लौटेंगे

महाकुंभ में कल्पवास भी गुरुवार को खत्म हो जायेगा। संगम स्नान के बाद करीब 10 लाख कल्पवासी घर लौटेंगे। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक, माघी पूर्णिमा स्नान का मुहूर्त शाम 7.22 बजे तक है। 13 जनवरी से अब तक 48.19 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। अब 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर आखिरी स्नान पर्व होगा।

नौवीं पुण्यतिथि



स्व. वेद प्रकाश भाटिया जी
(10.12.1937-13.02.2016)

। न जायते म्रियते कदाचिदयं भूत्वा भविता वा न भूयः।
॥ अजोनित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे ॥

भावपूर्ण/भावभीनी श्रद्धांजलि
समस्त भाटिया परिवार व समस्त कर्मचारीगण

PUNJAB SWEET HOUSE · Kaveri RESTAURANT · CAPITOL HOTELS

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 79,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 98,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 13 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in



# झारखंड भाजपा को बेसहारा छोड़ दिया है आलाकमान ने

## ■ विधायक दल के नेता का भी चुनाव नहीं कर पा रही है पार्टी

## ■ सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद अब तक फंसा हुआ है पेंच

## ■ विधानसभा का बजट सत्र शुरू होने में अब 12 दिन ही बचे हैं

आजाद सिपाही विशेष

झारखंड में विधानसभा चुनाव के तीन महीने बीतने बाद भी भारतीय जनता पार्टी विधायक दल का नेता नहीं चुना गया है। पार्टी इस पद के लिए फैसला लेने में असमर्थ दिखायी दे रही है, जिससे भीतर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। विधानसभा में मुख्य विपक्षी दल होने की वजह से भाजपा विधायक दल के नेता को नेता प्रतिपक्ष का दर्जा हासिल होगा। पार्टी इस पद के लिए चयन को लेकर अभी तक किसी नतीजे तक नहीं पहुंच पायी है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद पार्टी अब तक विधायक दल के नेता का नाम तय नहीं कर पायी है, जिससे सूचना आयुक्त जैसी महत्वपूर्ण नियुक्तियां प्रभावित हो रही हैं। पार्टी नेता कह रहे हैं कि आलाकमान को इस संदर्भ में फैसला लेना है और उसी की प्रतीक्षा की जा रही है। नेता का चयन नहीं होने की वजह से पार्टी के भीतर असमंजस की स्थिति है। अब तो कहा जाने लगा है कि विधानसभा चुनाव हारने के बाद पार्टी आलाकमान ने झारखंड भाजपा को अपने हाल पर छोड़ दिया है। वैसे भी झारखंड के नेताओं पर आलाकमान को कितना भरोसा है, यह विधानसभा चुनाव में दिख चुका है, क्योंकि पार्टी ने बाहर से दो नेताओं को यहां तैनात कर दिया था। ये नेता चुनाव हारने के बाद से ही झारखंड को छोड़ चुके हैं। अब पार्टी की झारखंड इकाई में केवल एक प्रदेश अध्यक्ष हैं, जिनके सहारे पार्टी की गाड़ी रेंग रही है। ऐसे में विधायक दल के नेता का चुनाव नहीं होने से आम लोगों में गलत संदेश जा रहा है। कहा जा रहा है कि झारखंड को लेकर भाजपा नेतृत्व गंभीर नहीं है, क्योंकि अब यहां से वह राज्यसभा की भी सीट नहीं जीत सकती है। झारखंड में आखिर क्यों विधायक दल का नेता नहीं चुन पा रही है भाजपा और क्या है इसका अंदरूनी समीकरण, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

**राकेश सिंह**

झारखंड का सियासी माहौल अभी पूरी तरह शांत है। सत्ता पक्ष, यानी झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार चलाने के साथ-साथ छोटी-छोटी सियासी गतिविधियां चला रहा है, लेकिन विपक्षी भाजपा पूरी तरह से निष्क्रिय है। ऐसा लगता है कि विधानसभा चुनाव की हार ने उसकी पूरी ताकत छीन ली है और चुनाव के तीन महीने बाद भी वह निस्तेज पड़ी हुई है। झारखंड भाजपा की हालत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वह झारखंड में विधायक दल का नेता तक नहीं चुन पायी है, जबकि सुप्रीम कोर्ट तक ने इसके लिए कह चुका है।

झारखंड की छठी विधानसभा का पहला सत्र नेता प्रतिपक्ष के बिना ही हो चुका है और अब बजट सत्र भी 24 फरवरी से शुरू होनेवाला है। ऐसे में कहा जा रहा है कि पार्टी आलाकमान ने झारखंड प्रदेश इकाई को अपने हाल पर छोड़ दिया है। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को फिलहाल अपनी प्रदेश इकाई से कोई उम्मीद नहीं है, क्योंकि पार्टी अब राज्यसभा का भी चुनाव अपने बल पर जीतने की स्थिति में नहीं है।

### क्या हैं झारखंड भाजपा की समस्याएं

झारखंड में भाजपा की समस्याएं गंभीर हैं। झारखंड में 2019 और 2024 के विधानसभा चुनावों में लगातार दो हार के बाद भाजपा का जनाधार तेजी से खिसका है। आदिवासी और कुर्मी समेत कुछ ओबीसी के वोट अब भाजपा के पास नहीं हैं। आदिवासी वोट बैंक को वापस लाने के प्रयास भी विफल रहे। बाबूलाल मरांडी के बाद सीता सोरेन, लोबिन हेंब्रम और फिर चंपाई सोरेन को पार्टी में लाकर भाजपा ने आदिवासियों को साधने की कोशिश की, लेकिन वह कामयाब नहीं हो सकी। पार्टी आरक्षित सीटों पर आदिवासी वोट वापस नहीं ला सकी और पिछड़ी जातियों और कुर्मी समुदाय का कुछ वोट भी उसके हाथ से खिसक गया।

### भाजपा में यह रही है परंपरा

झारखंड में भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल के नेता के पदों को आदिवासियों और गैर-आदिवासियों के बीच बांट कर रखा है। 2009 में ओबीसी नेता रघुवर दास प्रदेश अध्यक्ष थे और अर्जुन मुंडा विधायक दल के नेता थे। 2014 में दोनों पद गैर-आदिवासियों को सौंपे गये थे। 2019 के विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने इन दो पदों को फिर से दो समूहों में बांटा और लक्ष्मण गिलुआ को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया, जबकि रघुवर दास मुख्यमंत्री, यानी विधायक दल के नेता बने। 2019 के चुनाव में हार के बाद भाजपा नेतृत्व ने बाबूलाल मरांडी को अपने खेमे में शामिल किया और उन्हें विधायक दल का नेता बनाया, जबकि दीपक प्रकाश को गैर-आदिवासी समूह से प्रदेश अध्यक्ष बना दिया गया। इसमें एक कानूनी पचड़ा फंस गया। बाबूलाल मरांडी को विधायक दल का नेता तो चुना गया, लेकिन स्पीकर ने उन्हें नेता प्रतिपक्ष की मान्यता नहीं दी, क्योंकि उनके खिलाफ दलबदल का मामला शुरू हो गया। तब पांचवीं विधानसभा के कार्यकाल में अंतिम समय में ओबीसी नेता अमर कुमार बाउरी को विधायक दल का नेता और बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया।

### विधायक दल का नेता चुनने में क्या है पेंच

अब पार्टी को दो बार लगातार हार के बाद राज्य में जातीय संतुलन की रणनीति दोबारा तैयार करनी होगी। यदि नेता विपक्ष आदिवासी समुदाय से होगा, तो प्रदेश अध्यक्ष गैर-आदिवासी होना चाहिए। इस बार चूंकि कई वरिष्ठ नेता विधानसभा चुनाव हार गये, पार्टी के पास आदिवासी नेताओं की संख्या सीमित है। यदि पार्टी को आदिवासी समुदाय से जुड़ाव बनाये रखना है, तो उसे गिने-चुने विकल्पों में से चयन करना होगा। इनमें बाबूलाल मरांडी और चंपाई सोरेन ही हैं। पार्टी की समस्या यह है कि यदि वह बाबूलाल मरांडी को विधायक दल का नेता बनाती है, तो चंपाई सोरेन के नाराज होने की आशंका है और यदि चंपाई सोरेन को यह पद दिया जाता है, तो फिर बाबूलाल मरांडी को एडजस्ट कर पाने की चुनौती होगी।

### भाजपा आलाकमान का रवैया

झारखंड विधानसभा का चुनाव हारने के बाद पार्टी आलाकमान भी सुस्त पड़ गया। झारखंड को लेकर उसकी चिंता कभी दिखायी ही नहीं पड़ी। झारखंड की नयी विधानसभा का पहला सत्र दिसंबर की शुरुआत में बुलाया गया था, लेकिन भाजपा ने विधायक दल का नेता चुनने में कोई जल्दबाजी नहीं दिखायी, क्योंकि केंद्रीय नेतृत्व संसद सत्र में व्यस्त था। इससे पहले, तीन दिसंबर को राज्य के नेताओं ने दिल्ली में केंद्रीय नेताओं से मुलाकात की थी, लेकिन पार्टी ने विधायक दल के नेता को लेकर कोई फैसला नहीं लिया और केंद्रीय नेतृत्व ने राज्य नेताओं को संगठनात्मक चुनावों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा।

वैसे भी झारखंड के नेताओं को लेकर आलाकमान का रवैया विधानसभा चुनावों से पहले ही साफ हो चुका था, जब दो बाहरी नेताओं को झारखंड में तैनात कर दिया गया था। इन नेताओं के साथ आलाकमान ने पूरा चुनाव प्रबंधन बाहरी नेताओं के हाथों में सौंप दिया और स्थानीय नेता पूरी तरह उपेक्षित रहे। चुनाव परिणाम के बाद बाहरी नेता तो लौट गये, लेकिन स्थानीय नेताओं को स्थिति का सामना करने के लिए बेसहारा छोड़ दिया गया।

अब भाजपा को, जो खुद को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी के अलावा अनुशासित पार्टी कहती है, झारखंड के लिए गंभीरता से विचार करना होगा। पार्टी को लंबी अवधि के बारे में सोचना होगा। उसने चुनाव में कुछ पिछड़ी जातियों का वोट भी खोया है और इसे वह जारी नहीं रख सकती है। इसलिए उसे कोई भी फैसला करने से पहले तमाम समीकरणों को ध्यान में रखना होगा।

---

### एयरो इंडिया में संजय सेठ ने किया नौसेना के सेमिनार का उद्घाटन

# 'रक्षा उत्पादों के स्वदेशीकरण में नौसेना ने बड़ी छलांग लगायी'

**60 जहाजों का शिपयार्ड में निर्माणाधीन होना, भारत की बड़ी उपलब्धि**

**मित्र देशों के साथ साझेदारी से और सशक्त हो रही नौसेना**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेंगलुरु/रांची।** बेंगलुरु में आयोजित एयरो इंडिया में बुधवार को तीसरे दिन भारतीय नौसेना के द्वारा आयोजित सेमिनार का उद्घाटन रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने किया। इस सेमिनार का आयोजन आत्मनिर्भर भारतीय नौसेना विमानन -2047 प्रौद्योगिकी रोडमैप विषय पर किया गया।

इस अवसर पर रक्षा राज्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने के लिए नौसेना द्वारा रक्षा निर्माण के क्षेत्र में किये जा रहे कार्य और इनकी प्रतिबद्धताएं प्रशंसनीय हैं। यह बहुत ही सुखद और बड़ी बात है कि भारतीय शिपयार्ड में 60 जहाज निर्माणाधीन हैं। यह भारतीय नौसेना की बड़ी उपलब्धि है। पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में मेक इन इंडिया में अग्रणी रहने और आत्मनिर्भरता के साथ रक्षा उत्पादों को बढ़ाने की दिशा में रक्षा मंत्रालय का हर कार्य और प्रयास सराहनीय है।

श्री सेठ ने कहा कि विमानवाहक पोत, छोटे गश्ती जहाज, पनडुब्बियों के साथ अन्य रक्षा उत्पादों के स्वदेशीकरण में नौसेना ने एक बड़ी छलांग लगायी है। यह रक्षा क्षेत्र में भारत की बहुत बड़ी उपलब्धि है। यह गौरव करने वाली उपलब्धि है कि भारतीय नौसेना के साथ दुनिया के कई मित्र देश अपनी साझेदारी निभा रहे हैं। भारत के आर्थिक पुनरुत्थान, सरकार की पहल और रक्षा उत्पादों को बढ़ाने के लिए अनुकूल परिस्थितियों का निर्माण विगत एक दशक में नौसेना ने किया है। भारत दुनिया के साथ अनुसंधान, विकास और रक्षा उत्पादन में संयुक्त साझेदारी के साथ काम कर रहा है। नौसेना के ये कार्य और उपलब्धियां अद्वितीय हैं। आने वाले दिनों में भारतीय नौसेना मेक इन इंडिया के साथ रक्षा क्षेत्र की आत्मनिर्भरता बढ़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगी यह विश्वास हम सबको है। इस अवसर पर नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी, एडमिरल जेबी सिंह सहित नौसेना के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### कई देशों के रक्षा मंत्री और रक्षा प्रतिनिधियों से मिले संजय सेठ

**रांची/बेंगलुरु (आजाद सिपाही)। एयरो इंडिया 2025 में 81 देशों के 162 से अधिक प्रतिनिधि अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। इस कार्यक्रम में विभिन्न देशों के 15 रक्षा मंत्री, 11 उप रक्षा मंत्री, 15 सचिव, 17 सेवा प्रमुखों ने अपनी सशक्त भागीदारी निभाई है। बुधवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आर्मेनिया के उप रक्षा मंत्री, चाड के सेवा प्रमुख और रक्षा मंत्रालय के निदेशक, श्रीलंका के रक्षा सचिव, फ्रांस के रक्षा प्रतिनिधि, वेनेजुएला के उप मंत्री सहित कई देशों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद रक्षा राज्य मंत्री ने बताया कि एयरो इंडिया 2025**

**कार्यक्रम रक्षा के क्षेत्र में दुनिया में भारत के बढ़ते प्रभाव का परिचायक है। भारत की कई देशों के साथ रक्षा क्षेत्र में साझेदारी बढ़ी है। प्रधानमंत्री से नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कुशल नेतृत्व में भारत रक्षा क्षेत्र में नित्य नये आयाम स्थापित कर रहा है।**

# इस्टर्न कमांड अलंकरण समारोह-2025: राज्यपाल ने वीरता पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को दी शुभकामनाएं

### 42 पुरस्कार विजेताओं को किया गया सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को कॉकरेल इकोलॉजिकल पार्क एवं प्रशिक्षण क्षेत्र, दीपाटोली, रांची में आयोजित इस्टर्न कमांड अलंकरण समारोह-2025 में वीरता पुरस्कार प्राप्त करने वाले सैनिकों एवं उनके परिजनों से भेंट की और उनके साथ भोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रसेवा में समर्पित वीर जवानों के अदम्य साहस, त्याग और बलिदान को नमन किया। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय सेना के वीर योद्धा देश की अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा के लिए जिस अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हैं, वह प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने वीर सैनिकों एवं उनके परिजनों को बधाई देते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र को आप सभी पर गर्व है। इस समारोह की अध्यक्षता लेफ्टिनेंट जनरल राम चंदर तिवारी, यूवाइएसएम, एवीएसएम, एसएम, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, पूर्वी कमान ने की। इस अवसर पर 42 पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया गया। इसमें 21 सेना पदक (वीरता), 05 सेना पदक (विशिष्ट सेवा), 02 बार टू सेना पदक (विशिष्ट सेवा), 02 युद्ध सेवा पदक, 01 बार टू विशिष्ट सेवा पदक 11 विशिष्ट सेवा पदक शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, 45 सैन्य इकाइयों को उनकी असाधारण पेशेवर क्षमता और अप्रतिम उपलब्धियों के लिए

जीओसी-इन-सी, पूर्वी कमान यूनिट प्रशंसा से सम्मानित किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में सैन्य अधिकारी, नागरिक गणमान्य व्यक्ति, छात्र और पुरस्कार विजेताओं के गौरवान्वित परिवारजन उपस्थित रहे। वहीं, पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और सभी रैंकों को भारतीय सेना की उच्च परंपराओं और मूल्यों को बनाये रखने के लिए प्रेरित किया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.5 °C | 16.7 °C |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.43 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 06.23 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 13 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in



## कृषि मंत्री ने नवनिर्मित भवन का किया उद्घाटन

# स्वास्थ्य के क्षेत्र में मांडर रेफरल अस्पताल नजीर साबित होगा : शिल्पी नेहा तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बुधवार को मांडर रेफरल अस्पताल के नये भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि इस रेफरल अस्पताल ने ना जाने कितने लोगों को नया जीवन दिया। समय के साथ अस्पताल भवन का भी कायाकल्प जरूरी था। जब से मांडर की जनता ने मुझे अपना जनप्रतिनिधि चुना, तब से अस्पताल परिसर को नया रूप-नया जीवन देने के प्रयास में लगी थी। आज 9 करोड़ 21 लाख 15 हजार रुपये से ज्यादा की लागत से नवनिर्मित भवन सबके सामने है। मांडर रेफरल अस्पताल स्वास्थ्य के क्षेत्र में नजीर साबित होगा। इस रेफरल अस्पताल के साथ भले ही मांडर का नाम जुड़ा हो, पर हकीकत ये है कि इस अस्पताल में खलारी, बुड़मू, चान्हो जैसे सीमावर्ती प्रखंड और उसके गांव के लोग बेहतर इलाज के लिए यहां रोजाना

आते हैं। अस्पताल के नये भवन के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य के लिए उपकरण की भी व्यवस्था जरूरी है। आज लोग गंभीर बीमारियों के लिए भले ही बड़े अस्पताल या बड़े शहरों की तरफ रुख करते हों, पर कोशिश ये होनी चाहिए कि गंभीर बीमारी को छोड़ बाकी का इलाज इसी अस्पताल में हो सके। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि अगर आप और हम स्वस्थ रहेंगे। निरोग रहेंगे, तभी स्वस्थ समाज का भी निर्माण संभव है। मेरा इस रेफरल अस्पताल को समय के साथ अपग्रेड करने का प्रयास आगे भी जारी रहेगा। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बुढ़ा खुखरा स्थित सरकारी हाइस्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य मेले में भी भाग लिया। मंत्री के सौजन्य से इस निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया था। इस स्वास्थ्य मेले में हड्डी रोग, नेत्र रोग, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों ने लोगों निःशुल्क परामर्श दिया। बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता ने इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। दिन भर इस स्वास्थ्य मेले में लोगों का आना-जाना लगा रहा। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की वंडरलैंड स्कूल मांडर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुईं। यहां स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से वो प्रभावित भी हुईं। उन्होंने स्कूली बच्चों से मन लगा कर पढ़ने और भविष्य में कुछ बन कर दिखाने की अपील की।

## भाजपा ने कवि और समाज सुधारक रविदास की जयंती मनायी

# कर्मयोग के सच्चे उपासक थे संत रविदासः बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को माघ पूर्णिमा पर संत रविदास की जयंती मनायी गयी। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि संत रविदास जी कर्मयोग के सच्चे उपासक थे।

रविदास जी भक्ति मार्ग के लिए अपने कर्म को शुद्ध पवित्र बनाकर ईश्वर के चरणों में अर्पित करना ही भक्ति मानते थे। उन्होंने मन और विचार की शुद्धि पर जोर दिया और बाह्य आडंबरों से दूर रहने की प्रेरणा दी।

### संत रविदास महान समाज सुधारक थे: कर्मवीर सिंह

संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा संत रविदास जी ने रविदासिया पंथ की स्थापना की थी। इन्हें संत शिरोमणि की उपाधि दी गयी थी। संत रविदास बेहद धार्मिक स्वभाव के थे। वे भक्तिकालीन संत और महान समाज सुधारक थे। उन्होंने भगवान की भक्ति में समर्पित होने के साथ-साथ अपने सामाजिक और पारिवारिक कर्तव्यों का भी बखूबी निर्वहन किया। संत रविदास ने लोगों को बिना भेदभाव के आपस में प्रेम करने की शिक्षा दी और इसी तरह से वे भक्ति के मार्ग पर चलकर संत रविदास कहलाये। मन चंगा तो कठौती में गंगा संत रविदास का ये दोहा आज भी प्रसिद्ध है।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर पूर्व विधायक रामचंद्र नायक, सीमा पासवान, शिवपूजन पाठक, हेमंत दास, आरती सिंह, जोगेंद्र लाल, राजीव राज लाल, राकेश राम, संदीप कुमार, सुचिता सिंह, पंकज सिन्हा, लक्ष्मीचंद्र दीक्षित, संजय जायसवाल एवं अन्य ने भी पुष्प अर्पित किया।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** कोई भी निर्णय सोच-समझकर लें,व्यर्थ के वाद-विवाद से दूर रहें, उलझनों से राहत मिलेगी

**वृष** नौकरी या कार्यक्षेत्र में आपको कोई नयी-नयी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी जायेगी।

**मिथुन** धैर्य से आवश्यक कार्य पूरे होंगे, धन लाभ होगा, धार्मिक कार्य में रूचि बढ़ेगी।

**कर्क** व्यस्तता अधिक रहेगी, बाहरी यात्रा का योग है, गृहस्थ जीवन में प्रसन्नता का माहौल रहेगा।

**सिंह** वाद-विवाद लड़ाई-झगड़े से दूर रहें, वाहन सावधानी पूर्वक चलायें, दुर्घटना होने की आशंका।

**कन्या** मन में बैचेनी रहेगी, अपनी वाणी गुस्से को नियंत्रित रखें, प्रयास और परिश्रम से सफलता मिलेगी।

**तुला** घर में किसी नवीन वस्तु की खरीदारी सम्भव है, विवाह आदि उत्सवों की योजना बनेगी।

**वृश्चिक** व्यवसाय में परेशानी एवं बाधा का सामना करना पड़ेगा, आर्थिक परेशानी होगी।

**धनु** परिवार में कोई खुशी का अवसर आयेगा, रिश्तेदार और मित्रों से मेल-मिलाप होगा।

**मकर** शुभ कार्य की ओर प्रवृति बढ़ेगी, नये-नये लोगों से जान-पहचान बनेगी,जो आगे चलकर लाभप्रद सिद्ध होगी।

**कुंभ** लंबे समय से चली आ रही चिंता समाप्त होगी, कोई शुभ समाचार मिलेगा।

**मीन** किसी सामाजिक समारोह में जाने का अवसर मिलेगा, बिना पढ़े किसी कागज पर हस्ताक्षर न करें।

# तमाड़ में दिनदहाड़े पांच लाख की लूट

**भारतीय स्टैट बैंक के सीएससी ग्राहक सेवा केंद्र में अपराधियों ने पिस्तौल दिखाकर लूटे रुपये**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रड़गांव/तमाड़।** थाना क्षेत्र के रंगामाटी दाडिदा सड़क में भारतीय स्टैट बैंक के सीएससी ग्राहक सेवा केंद्र में अपराधियों ने बुधवार को दिन दहाड़े पिस्तौल के बल पर पांच लाख रुपये लूट लिये। घटना बुधवार सुबह 11 बजे की है। जनकारी के अनुसार बिना नंबर की एक अपाची बाइक से दो अपराधी सीएससी केंद्र के अंदर घुसे और सीएचसी ऑपरेटर जगदीश को पिस्तौल दिखाकर लगभग चार से पांच लाख रुपये लूट लिये। लूटे गये पैसे बैग में भरकर रांची-टाटा रोड में चौका

की तरफ बाइक से भाग गये। ऑपरेटर द्वारा सीएससी केंद्र के अंदर से हल्ला करने के बाद कुछ व्यक्तियों ने सीएसएसी केंद्र का शटर खोला। उसके बाद ऑपरेटर ने कहा कि अपराधियों ने पैसे लूट लिये। इसकी खबर तमाड़ पुलिस को दी गयी। जिसके बाद पुलिस अपराधियों की धर-पकड़ के लिए छापामारी कर रही है। अपराधी दो दिनों से रेकी कर रहे थे और बुधवार को ग्राहक बनकर सीएचसी में घुसे और कांड को अंजाम दिया। सीएचसी के मालिक चरण पातर हैं। इससे पहले तीनों बाइक सवार अपराधी झबरी के बैंक ऑफ बड़ौदा सीएचसी केंद्र भी घुसे थे। लेकिन वहां सफल नहीं हो पाये उसके बाद रंगामाटी में घटना को अंजाम दिया।

## रांची के डोरंडा थाना में पदस्थापित सिपाही की मौत

**रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची के डोरंडा थाना में पदस्थापित एक सिपाही की बुधवार की सुबह मौत हो गयी। मृतक सिपाही का नाम गजेंद्र कुमार यादव है। वह मूल रूप से गोड्डा का रहने वाला था। मौत के बाद पुलिस ने सिपाही के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही सिपाही की मौत के कारणों का पता चल सकेगा। हालांकि बताया जा रहा है कि गजेंद्र कुमार लंबे समय से बीमार चल रहे थे। साथ ही कई गंभीर बीमारी से भी पीड़ित थे।**

**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**

www.azadsipahi.in

# कांग्रेस ने गुरु रविदास की जयंती मनायी

## 'अधिकारों के व्यापक संघर्ष के लिए एकजुटता आवश्यक'

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संत शिरोमणि गुरु रविदास की 648 वीं जयंती कांग्रेस भवन रांची में बुधवार को प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की ओर से केदार पासवान की अध्यक्षता में मनायी गयी। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने गुरु रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि गुरु रविदास से हमें सीखने की आवश्यकता है। खासकर अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को उनके विचारों के अनुसार संगठित होकर समाज में आगे बढ़ाने की कोशिश करनी चाहिए। कांग्रेस हमेशा से दलित

वर्ग के उत्थान के लिए आवाज उठाती है, कांग्रेस नीत सरकारों में कई कल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत की गयी थी जिसने अनुसूचित जाति समाज के आर्थिक स्तर को मजबूत किया।

**संत रविदास के योगदान को याद करें : राधा कृष्ण किशोर :** विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि संत रविदास की जयंती समाज में उनके योगदान को याद करने का अवसर है। यह समाज में समानता प्रेम और भाईचारे को बढ़ाने की प्रेरणा देता है। उनका जीवन सिखाता है कि हमें जाति, धर्म और समाज के हर वर्ग से ऊपर उठकर एकता और प्रेम में विश्वास करना चाहिए। अनुसूचित जाति के अंदर 66 उपजातियां आती हैं और हम एक होने की जगह इन्हीं उपजातियों में विभक्त होकर रह गये हैं। विभाजन का परिणाम है कि संविधान में अधिकार मिलने के बाद भी हमारी आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं है। अधिकारों के व्यापक संघर्ष के लिए एकजुटता आवश्यक है। कार्यक्रम को विधायक सुरेश बैठा सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया।

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से रवींद्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, संजय लाल पासवान, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, किशोर शाहदेव, निरंजन पासवान, सोनाल शांति रियाज, अहमद विनय सिन्हा, दीपू कमल ठाकुर, अमूल्य नीरज खलको, जगदीश साहू सहित अन्य शामिल थे।

# संस्कृति विहार के सचिव ने त्याग पत्र दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संस्कृति विहार के सचिव एवं अनेक सामाजिक संस्थाओं के मुखिया रहे विश्वनाथ नारसरिया ने संस्कृति विहार के सचिव पद से बुधवार को त्याग पत्र दे दिया है। श्री नारसरिया ने संस्कृति विहार के अध्यक्ष अजय मारू को त्याग पत्र भेज कर उन्हें त्याग पत्र की सूचना व्हाट्सएप द्वारा दे दी है। त्याग पत्र में उन्होंने कहा है कि स्मृति शेष गंगा प्रसाद बुधिया द्वारा स्थापित व स्मृति शेष सीताराम मारू के वैंकुंठवास गमन के बाद आपके द्वारा इस पुरानी संस्था का आपके द्वारा नेतृत्व एवं संचालन किया जा रहा है।

संस्कृति विहार के सचिव पद से त्यागपत्र देने के बाद श्री नारसरिया ने कहा कि सदैव इस संस्था से लगाव रहेगा। ज्ञात हो की संस्कृति विहार बुंडू स्थित श्री सूर्य उपासना भवन, शिशु मंदिरों, छात्रावास, आश्रम आदि का संचालन करती है।

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजनाः आधार लिंक की समय सीमा बढ़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत झारखंड सरकार ने आधार लिंक की समय सीमा को बढ़ाकर 31 मार्च 2025 कर दिया है। इससे योजना की लाभुक महिलाओं को राहत मिलेगी और वे अपने खातों में राशि प्राप्त कर सकेंगी।

### अब तक क्या हुआ

- दिसंबर 2024 में हुई विधानसभा सत्र के दौरान सरकार ने इस योजना के लिए अनुपूरक बजट पेश किया था।
- 27 दिसंबर को सभी जिलों को 5225 करोड़ रुपये की राशि आवंटित कर दी गयी।
- 14 अक्टूबर 2024 को जारी संकल्प के अनुसार, दिसंबर 2024 से मार्च 2025 तक 5900 करोड़ रुपये खर्च किये जाने का अनुमान लगाया गया था।
- 6 जनवरी 2025 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के नामकुम में आयोजित कार्यक्रम में 56.61 लाख महिला लाभुकों के खातों में दिसंबर माह की 1415.44 करोड़ रुपये की राशि भेजी थी।
- आधार लिंक की समयासीमा को बढ़ाकर 31 मार्च 2025 कर दिया गया है।

योजना की विशेषताएं

- योजना के तहत 59 लाख से अधिक महिलाओं को लाभ मिलेगा।
- आधार लिंक की समय सीमा को 31 मार्च 2025 तक बढ़ाया गया है।
- योजना के लिए 5225 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गयी है।
- फर्जी तरीके से लाभ लेने वालों के खिलाफ एफआइआर दर्ज करायी जायेगी।

# नप गये राज्य सेवा के तीन अफसर

## चलेगी विभागीय कार्यवाही, एक को निंदन की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पिछले दो महीने में राज्य प्रशासनिक सेवा के तीन अफसरों पर गाज गिरी है। इन पर टेंडर में अनियमितता, मनरेगा में गड़बड़ी, और स्ट्रीट लाइट खरीद में अनियमितता के आरोप लगे हैं। राज्य सरकार ने इन अफसरों पर विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्देश दिया है। वहीं एक अफसर को निंदन की सजा दी गयी है।

**अड़की की तत्कालीन बीडीओ पर चलेगी विभागीय कार्यवाही :** अड़की की तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी मेरी मड़की पर मनरेगा योजना के तहत मिट्टी मोरम पथ निर्माण योजना में अनियमितता बरतने, बिना कार्य किये राशि भुगतान कर वित्तीय अनियमितता करने, फर्जी मस्टर रोल बनाने, अभिलेखों को सही तरीके से




संधारित न करने और योजनाओं के पर्यवेक्षण में लापरवाही करने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। राज्य सरकार ने इनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है।

**पथ निर्माण विभाग के तत्कालीन संयुक्त सचिव पर टेंडर में गड़बड़ी करने का आरोप :** राज्य सरकार ने पथ निर्माण विभाग के तत्कालीन संयुक्त सचिव सह आंतरिक वित्तीय सलाहकार संजय कुमार प्रसाद के खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है। उन पर रांची में पदस्थापन के दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग संहिता, 2012 के नियम 183(अ) का उल्लंघन करने का आरोप है।

यह भी आरोप है कि संजय कुमार प्रसाद ने विभागीय निविदा समिति के सदस्य के रूप में निविदित दर से 10 प्रतिशत से अधिक नीचे तक कोट किये गये निविदाओं को एल वन मानते हुए निविदा आवंटित की। यह मामला प्रथम दृष्ट्या प्रमाणित पाया गया है, जिसके आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

**कृषि विभाग के तत्कालीन अंडर सेक्रेट्री पर बिना अनुमति अनुपस्थित रहने का आरोप :** इसी तरह कृषि विभाग के तत्कालीन अंडर सेक्रेट्री अनिल कुमार सिंह पर अनाधिकृत रूप से (बिना अनुमति के) अनुपस्थित रहने का आरोप है। सरकार ने इनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है।

इसके अलावा वंशीधर नगर पंचायत गढ़वा के तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी अमित कुमार के खिलाफ राज्य सरकार ने विभागीय कार्यवाही चलाने का फैसला लिया है। इनके खिलाफ बंशीधरनगर नगर पंचायत में सोलर लाइट अधिष्ठापन और फोर्निंग मशीन क्रय में अनियमितता का आरोप है। आरोप यह है कि ये उपकरण वास्तविक मूल्य से ज्यादा पर खरीद की गयी है।

### नामकुम के तत्कालीन सीओ को निंदन की सजा

**नामकुम के तत्कालीन सीओ मनोज कुमार के खिलाफ जन सूचता पदाधिकारी के रूप में आवेदक को शपथ पत्र उपलब्ध नहीं करवाने और आयोग के समक्ष अपना पक्ष नहीं रखने के आरोप में निंदन की सजा दी गयी है। बता दें कि निंदन की सजा के तहत, कर्मचारी की प्रोन्नति रोक दी जाती है। यह सजा, कर्मचारी की सर्विस बुक में दर्ज की जाती है।**

# केस आइओ को चार साल के लिए मिलेगा मोबाइल

## गृह विभाग ने जारी किया संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार केस आइओ (अनुसंधान अधिकारी) को 25,000 रुपये का मोबाइल फोन देगी। यह प्रस्ताव 21 जनवरी को हुई कैबिनेट बैठक में पारित किया गया था। गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इससे संबंधित संकल्प जारी किया है। जारी संकल्प में कहा गया है कि मोबाइल फोन की खरीददारी पुलिस मुख्यालय द्वारा की जायेगी। दिये गये मोबाइल फोन की अवधि चार साल होगी। अवधि समाप्त होने के बाद केस आइओ को उस फोन को विभाग के कार्यालय में जमाकर नया मोबाइल प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान फोन की सुरक्षा और गोपनीयता का दायित्व संबंधित केस आइओ का होगा। इसके अलावा, सभी ऑडियो-वीडियो इलेक्ट्रॉनिक कार्यों के लिए डाटा रिचार्ज के लिए प्रति माह 500 रुपये भी दिये जायेंगे।

### चार साल तक नहीं दिया जायेगा नया फोन

**जारी संकल्प में यह भी कहा गया है कि चार साल तक केस आइओ को कोई नया मोबाइल सेट नहीं दिया जायेगा। रिटायरमेंट या नौकरी छोड़ने की स्थिति में केस आइओ को मोबाइल फोन विभाग के कार्यालय में जमा करना होगा। तबादला होने पर भी**

फोन जमा करना अनिवार्य होगा।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 13 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# श्री राधा-कृष्ण मंदिर में श्रद्धालुओं का लगा तांता

## माघ पूर्णिमा पर विशेष पूजा-पाठ का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग में श्री राधा-कृष्ण मंदिर में माघ पूर्णिमा पर्व के अवसर पर बुधवार को विशेष पूजा-पाठ एवं आरती का आयोजन किया गया। पुजारी अरविंद पांडेय ने भगवान श्री श्याम जी को विधिवत पूजा-अर्चना कर भोग लगाया और पूरे विधि-विधान से पूजा का अनुष्ठान संपन्न कराया। इसके बाद सामूहिक रूप से आरती की गयी और प्रसाद वितरण किया गया। माघ पूर्णिमा के अवसर पर श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि माघ पूर्णिमा के अवसर पर विशेष पूजा-पाठ की गयी। माघ पूर्णिमा का सनातन धर्म में विशेष महत्व माना गया है। यह पर्व पूर्णिमा जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित होता है। इस अवसर पर भगवान विष्णु संग लक्ष्मी जी की प्रार्थना करने से सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में आज अमृत स्नान किया गया। उन्होंने कहा कि आज हजारों की संख्या में श्रद्धालु श्री कृष्ण राधा मंदिर पहुंचे, और भव्य मंदिर के शीश महल में विराजमान भगवान श्री राधा-कृष्ण, श्रीमद् भागवत गीता ग्रंथ, भगवान का वस्त्र, मोर मुकुट, मुरली की पूजा अर्चना किया, मंदिर में श्री कृष्ण की जन्म से लेकर महाभारत तक की झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुई हैं। रांची का श्री राधा कृष्ण मंदिर धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र बन गया है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने राज्य सरकार पर निशाना साधा

# आयुष्मान योजना को लेकर हेमंत सरकार के फैसले से गरीब परेशान : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड की धरती से विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान भारत की शुरुआत की थी, लेकिन अब झारखंड सरकार की एक अव्यवहारिक फैसले ने आमजनों के लिए समस्याएं उत्पन्न कर दी हैं।

उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत के तहत झारखंड सरकार ने नया नियम जारी किया है, जिसमें केवल 50 बेड (शहरी) और 30 बेड (ग्रामीण) वाले निजी अस्पताल ही योजना में शामिल होंगे। इससे सैकड़ों छोटे अस्पताल बाहर हो जायेंगे, जिससे गरीब मरीजों को इलाज में दिक्कत होगी। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां छोटे अस्पतालों पर निर्भरता ज्यादा है, मरीजों को महंगे और दूर के बड़े अस्पतालों में जाना पड़ेगा। इससे स्वास्थ्य सेवाएं गरीबों के लिए और सीमित हो जायेंगी।

उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इस निर्णय पर पुनर्विचार करने को कहा। ताकि कोई भी व्यक्ति आयुष्मान योजना के लाभ से वंचित न हो। कहा कि अगर कहीं गड़बड़ी हो रही है, तो उसकी जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करें। लेकिन ऐसा आदेश न दें जिससे किसी को आयुष्मान योजना के लाभ से वंचित होना पड़े।

# बीआइटीटी पॉलिटेक्निक में अग्निशामक कार्यशाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बीआइटीटी पॉलिटेक्निक में छात्रों को अग्नि सुरक्षा के महत्वपूर्ण कौशल सिखाने के उद्देश्य से एक अग्निशामक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में डिप्लोमा प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अग्निशामक तकनीकें सीखीं। छात्रों ने पास तकनीक (खींचो, निशाना लगाओ, निचोड़ो और झाड़ू लगाओ) का व्यावहारिक अभ्यास किया, जिससे उन्हें आग पर प्रभावी नियंत्रण करने का अनुभव मिला। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य कृष्णा कुमार महली ने कहा, अग्नि सुरक्षा ज्ञान से छात्रों को सशक्त बनाना महत्वपूर्ण है। इससे न केवल आपात स्थितियों में उनकी सहायता होती है, बल्कि यह जिम्मेदारी और जागरूकता भी बढ़ाता है। उन्होंने इसे वार्षिक कार्यक्रम बनाने की योजना भी साझा की। कार्यशाला में विनय कुमार सिंह (एडिशनल ग्रुप डायरेक्टर), अमित कुमार सिंह (रजिस्ट्रार) सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे। बीआइटीटी की चेयरपर्सन डॉ वंदना कुमारी और बीआइटीटी ग्रुप के चेयरमैन डॉ रंजित कुमार ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सरला बिरला के छात्रों का जेइइ मेंस 2025 में शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने जेइइ मेंस 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, सक्षम गोयल ने 99.8454085 पर्सेंटाइल, शिवम मिश्रा 98.8190388 पर्सेंटाइल, रूपेश आनंद 98.3317328 पर्सेंटाइल, शान्वी स्नेहल 95.9218264 पर्सेंटाइल, अन्वेषा अग्रवाल 94.7796072 पर्सेंटाइल, पलक बागला 94.4647915 पर्सेंटाइल, वैष्णवी सिंह 92.1683623 पर्सेंटाइल, मृत्युंजय अरमान 91.2150096 पर्सेंटाइल, चपिती अनिरुद्ध 91.1062060 पर्सेंटाइल, स्पर्श रंजन 90.6823898 पर्सेंटाइल और अभिषेक कुमार आयुष 90.1368776 पर्सेंटाइल हासिल कर स्कूल की शान बढ़ायी है। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों की इस उपलब्धि की सराहना की और उन्हें जेइइ एडवांस के लिए शुभकामनाएं दीं।

# संत माइकल्स स्कूल में प्रेरणादायक सत्र का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संत माइकल्स स्कूल में मेडिफर्स्ट हॉस्पिटल, रांची के विभागाध्यक्ष डॉ कुमार विशाल के साथ एक अत्यंत प्रेरक और ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस सत्र में छात्र परिषद के सदस्य, कक्षा नौवीं और ग्यारहवीं के छात्र शामिल हुए, जो डॉ विशाल की प्रेरक यात्रा और अमूल्य अंतर्दृष्टि से अभिभूत थे। डॉ विशाल ने मेडिका हॉस्पिटल, पारस, एचइसी और अपोलो हॉस्पिटल दिल्ली जैसे प्रसिद्ध संस्थानों में अपने काम से प्राप्त अपने व्यापक अनुभव छात्रों के संग साझा किया। उन्होंने दृढ़ता, समर्पण और अपने जुनून का पीछा करने के महत्व के बारे में बताया। उनके शब्द छात्रों के हृदय को गहरायी से छुए, उन्हें बाधाओं को दूर करने और अपनी पढ़ाई और भविष्य के करियर दोनों में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। यह सत्र एक सशक्त अनुभव साबित हुआ, जिसने छात्रों को सफलता के लिए अपने रास्ते खुद चुनने के लिए प्रेरित किया।

# दिल्ली में मनाया गया हो समाज का प्रसिद्ध मांगे पर्व

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में झारखंड और ओड़िशा हो समाज के निवास करने वाले आदिवासियों ने दिल्ली स्थित अंबेडकर भवन झांसी रानी मार्ग में हो समाज का प्रमुख मांगे पर्व धूमधाम से मनाया। यह पर्व जनवरी और फरवरी माह में फसल कट जाने के उपरांत मनाया जाता है। यह आदिवासी हो समाज का प्रमुख त्योहार है। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लिपूलेख दर्रे पर बाइक चलाकर विश्व कीर्तिमान स्थापित करने वाली बाइकर गर्ल के नाम से विख्यात हो चुकी झारखंड की बेटी कंचन उगूरसैंडी शामिल हुईं। उन्होंने समाज की ओर से सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि देश की राजधानी में अपने समाज का प्रमुख त्योहार मानना बहुत अच्छा लगा। हो समाज के संगठन सचिव अभिषेक सिंह कुंटिया ने बताया की मदन मोहन सामड और पालो कुडू के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जितेंद्र सिंह कुंटिया, घनश्याम बोदरा, संजय सुरिन, संजय तियू, राजू जेरई आदि का अहम योगदान रहा।

### फायरिंग से घायल युवक के पिता ने जतायी नाराजगी

# बोले- निर्दोष को फंसाया जा रहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** धुर्वा थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के पास हुई फायरिंग में घायल गुलशन पांडेय का इलाज पारस अस्पताल में चल रहा है। उसे पीठ में गोली लगी थी, जो निकाल दी गयी है, और अब उसकी स्थिति स्थिर बतायी जा रही है।

घायल युवक के पिता संतोष पांडेय ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि पुलिस ने निर्दोष युवकों को पकड़ रखा है। उन्होंने कहा कि गोलू, रवि, रोहित और अंशु को जबरदस्ती हिरासत में लिया गया है, जबकि इन्हीं लोगों ने मेरे बेटे को उठाकर अस्पताल पहुंचाया था। ये सभी मेरे पड़ोसी हैं और काफी मददगार भी हैं।

उल्लेखनीय है कि 10 फरवरी की देर रात धुर्वा थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान डांस करने के दौरान गुलशन पांडेय उर्फ मेडी को गोली लग गयी थी। अचानक हुई इस फायरिंग से समारोह में अफरा-तफरी मच गयी। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, कई लोग डांस कर रहे थे, तभी फायरिंग की आवाज आयी और गुलशन घायल होकर गिर पड़ा। हालांकि, गोली किसने चलायी, यह कोई नहीं देख पाया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है और हिरासत में लिये गये युवकों से पूछताछ जारी है।

# अभिकर्ता मनोज बजाज को टॉपर परफॉर्मेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में वित्तीय वर्ष 2024-25 में झारखंड से अभिकर्ता मनोज बजाज को निरंतर 11 वर्षों से टॉपर परफॉर्मेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। कंपनी के कार्यालय मोदी हाइट, रातू रोड रांची के सीनियर ऑफिसर प्रभात कुमार ने मनोज बजाज को एक करोड़ से अधिक रिटेल प्रीमियम जमा करने की उपलब्धि का ब्रोशर लॉन्च कर इस कीर्तिमान के लिए सम्मान किया। इस दौरान प्रभात कुमार ने लगातार 11 वर्षों तक उपलब्धि हासिल करने के लिए मनोज बजाज को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मंडल प्रबंधक निरंजन मिश्रा ने कहा कि मनोज बजाज कंपनी की ओर से कई विदेश यात्राएं कर चुके हैं। उनका बहुमूल्य योगदान के लिए हम गौरवान्वित है। सेल्स मैनेजर संजीव कुमार सिंह ने बधाई देते हुए कहा कि मनोज बजाज ने निरंतर स्टार हेल्थ को अपना श्रेष्ठ योगदान दिया है जो झारखंड बिहार के लिए निरंतर कीर्तिमान हैं। अभिषेक कुमार ने कहा श्री बजाज की उत्कृष्ट सेवा कंपनी व बीमा धारकों के प्रति अतुलनीय है। वरीय अधिकारी क्षेत्रीय प्रबंधक रवि शंकर ने मनोज बजाज की प्रसंशा कर कहा कि श्री बजाज स्टार हेल्थ के स्टार हैं। इस अवसर पर अभिकर्ता मनोज बजाज ने अपनी बीमा धारकों को और कंपनी के समस्त कर्मचारियों सेवाधारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# आज से श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव

### निकाली जायेगी भव्य शोभायात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अल्बर्ट एक्का चौक स्थित दुगार्बाड़ी में श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव को लेकर बुधवार को श्री श्याम परिवार की ओर से संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया गया। इस दौरान संस्था के महामंत्री मुटू जालान ने बताया कि 13 से 16 फरवरी तक श्री श्याम हवेली दुगार्बाड़ी में भव्य श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव मनाया जायेगा।

13 फरवरी को सुबह 10 बजे श्री गणेश पूजन, श्री श्याम प्रभु और हनुमान जी महाराज का निशान पूजन होगा। शाम 7 बजे श्री सुरेश बजाज के नेतृत्व में पुरुष एवं महिलाओं द्वारा सुंदर कांड का पाठ होगा। 14 फरवरी को आचार्यों और पंडितों की अगुवाई में श्री श्याम परिवार के सदस्यों द्वारा हवन पूजन और समस्त देवी-देवताओं का आह्वान किया जायेगा। 15 फरवरी को दोपहर 2 बजे से श्रृंगारित रथ पर विराजित श्री श्याम प्रभु की झांकी और भव्य निशान शोभायात्रा निकाली जायेगी। इस शोभायात्रा में 351 महिलाएं और पुरुष शामिल होंगे। श्री श्याम प्रभु के पवित्र निशान और भजन-कीर्तन के साथ नगर भ्रमण होगा। मुख्य आकर्षण श्रृंगारित रथ और श्री श्याम प्रभु की मनोहारी झांकी होगी।

वार्ता के दौरान मीडिया प्रभारी अमित चौधरी, जयदीप राज, रंजीत गाड़ोदिया, अशोक धानुका, महेश सैन, आतिश कुमार सिंह, कमल जालान, मोनू शर्मा, प्रणव लोहिया, अरविंद मंगल, सुशील केडिया, पवन शर्मा, गौपाल चांगल, नमन चांगल, मनोज अग्रवाल, अजय जालान, मदन सोनी, रतज जालान, रवि साबू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# रांची नगर निगम ने पार्किंग शुल्क बढ़ाया

## दो पहिया वाहन के लिए सौ प्रतिशत और चारपहिया वाहन के लिए पचास प्रतिशत की बढ़ोतरी की

**अब दो पहिया वाहन के लिए तीन घंटे तक 10 रुपये और चार पहिया वाहन के लिए तीन घंटे तक 30 रुपये**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम ने शहर के वाहन पड़ाव स्थल पर वाहन खड़ा करने का शुल्क बढ़ा दिया है। नयी व्यवस्था में दो पहिया वाहन के लिए पांच के बदले 10 रुपये देने होंगे। इसी तरह चारपहिया वाहन चालक को 20 के बजाय अब 30 रुपये पड़ाव शुल्क देना होगा। पड़ाव स्थल पर गाड़ी खड़ा करने वालों के लिए कई तरह की सुविधा भी बहाल की जायेगी। दोनों तरह के वाहन के लिए तय शुल्क पहले तीन घंटे के लिए होगा। दस मिनट तक के लिए वाहन पड़ाव निशुल्क होगा। अभी दो पहिया वाहन के लिए प्रति तीन घंटा के लिए पांच रुपये और चार पहिया वाहन के लिए 20 रुपये लगते थे। निगम के द्वारा नये स्तर से बंदोबस्ती को लेकर संवेदक के साथ एकरारनामा होते ही बढ़ी हुई दर प्रभावी हो जायेगी। निगम की ओर से इ-ऑक्शन के जरिये अभी 14 वाहन पड़ाव स्थल की बंदोबस्ती कर दी गयी है। शेष 15 पड़ाव स्थल की जल्द ही बंदोबस्ती हो जायेगी।

## घर जाने का रास्ता बंद करने का आरोप

**रांची (आजाद सिपाही)। कांके के ब्रह्मचारिणी नगर निवासी गुंजन शर्मा ने आरोप लगाया है कि कुछ लोगों ने उनके घर आने जाने वाले रास्ते मार्ग को बाधित कर दिया है। उन्होंने यह शिकायत एसएसपी को की है। आवेदन में उन्होंने आरोप लगाया है कि आनंद नमक युवक के घर पर पुलिस का छापा पड़ा था। इसके घर के बगल में ही उनका मकान है। उसे वक्त से अब तक शैलेश सिंह समेत अन्य लोग द्वारा उनके घर आने जाने वाले रास्ते को बंद कर दिया गया है। उस रास्ते में निर्माण सामग्री गिराकर मार्ग बाधित कर दिया गया है। इसकी शिकायत थाने में भी की गयी है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। पीड़िता ने आग्रह किया कि इस मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई हो ताकि उनके आने जाने का रास्ता सुचारू रूप से चालू हो सके।**

# बुद्धा नर्सिंग कॉलेज ने संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती मनायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जैनेंद्र ग्रुप ऑफ कॉलेज के तहत बिजुलिया में संचालित बुद्धा नर्सिंग कॉलेज में बुधवार को उत्साह के साथ संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती मनायी गयी। संस्थान के प्रबंध निदेशक भंते जैनेंद्र तथागत ने चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि जब समाज में कर्मकांड, जातिवाद और अंधविश्वास जैसी चीजें अपने चरम सीमा पर थीं तब भगवान रविदास आम जन मानस की आवाज बन कर उभरे। तथागत ने सभी छात्र-छात्रों को गुरु रविदास जी के मार्ग पर चलने की नसीहत दी। इस अवसर पर निदेशक प्रियांशु कुमार, प्राचार्या ज्योति तिर्की, एकेडमिक हेड आशीष कुमार, प्रबंधक हिमांशु सिंह, निकिता कुजूर, हिना परवेज, पुजा कुमारी, निधि पाठक, गुलशन कुमारी, पूनम कुमारी, सुनीता कच्छप, जमीमा खातून, दीपक रजक, आरपी सिंह, मुनसाद मंझर, चंदन कुमार, कुंदन कुमार, जुगनू कुमार, साकिब आलम, मोकिम अहमद सहित अन्य उपस्थित रहे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 13 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in



# जेजेएमपी का सदस्य अर्जुन सिंह गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार में पुलिस कप्तान कुमार गौरव के समक्ष उग्रवादी आत्मसमर्पण कर रहे हैं। वहीं कई उग्रवादी संगठन के सदस्य गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिये गये हैं। उसी कड़ी में मनिका थाना क्षेत्र के ग्राम सनगड़वा के आसपास उग्रवादी संगठन के लोगों को घूमते देखा गया। इधर लातेहार पुलिस कप्तान को गुप्त सूचना मिली, सूचना मिलते ही लातेहार पुलिस कप्तान के निर्देश पर बरवाडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। उग्रवादियों की गुप्त तरीके से रेकी की गयी और छापेमारी की गयी, जिसमें जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के अर्जुन सिंह को गिरफ्तार किया गया। अर्जुन सिंह मनिका थाना क्षेत्र में उग्रवादी संगठन के सदस्य होने के पूर्व में कई कांड किये हैं। छापेमारी में एक 7.56 एमएम की ऑटोमेटिक पिस्टल, 7.56 एमएम का पांच जिंदा कारतूस और एक मैगजीन बरामद किया गया। छापेमारी दल में शामिल थाना प्रभारी शशि कुमार, रणधीर कुमार अरुण लकड़ा मनोरंजन टोपनो और पप्पू कुमार यादव शामिल थे।

# कंधे से कंधा मिलाकर चलना विकसित समाज की पहचान : रामेश्वर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** रविदास विकास मंच लोहरदगा इकाई के तत्वावधान में संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह का भव्य आयोजन स्थानीय नगर भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने बतलाया कि जिस समाज में महिलाएं-पुरुषों से कंधा से कंधा मिलाकर के चलती हैं। वह समाज विकसित समाज कहलाता है। आज के समारोह में महिलाओं की संख्या अत्यधिक है अर्थात जागरूक समाज है।

विशिष्ट अतिथि उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्णा ने बतलाया कि संत रविदास ने कर्म को आधार बनाकर समाज सेवा करने का कार्य किया है। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं उनके विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। शिक्षा रूपी हथियार को अपनाने

की आवश्यकता है।

पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा ने बतलाया कि संत शिरोमणि रविदास जी महाराज भक्ति काल में जन्म लिये। भक्ति के माध्यम से ईश्वर से जोड़ने का कार्य किया। उन्होंने समाज में व्याप्त विषमताओं को दूर करने का प्रयास किया। उन्होंने भक्ति के माध्यम से मन चंगा तो कठौती में गंगा लोकोक्ति को चरितार्थ किया।

उपविकास आयुक्त दिलीप सिंह शेखावत ने कहा कि कुरीतियों को दूर कर शिक्षा रूपी का हथियार को अपनाना होगा। युवा साथी अपनी आवाज बुलंद करें, संगठित होते हुए इंसानियत को बढ़ावा देने की पहल करें। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ रामेश्वर उरांव, उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्णा, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा, उप विकास आयुक्त दिलीप सिंह शेखावत, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और संत रविदास जी के चित्र पर पुष्पांजलि कर किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण आयोजन समिति के अध्यक्ष बुध राम ने दिया। कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के सदस्य अरुण राम, धन्यवाद ज्ञापन संतोष कुमार रवि ने किया। कार्यक्रम में लखन राम, गोपाल राम, कृष्णा राम, विश्व नारायण राम, संतन राम, शंकर राम, ईश्वर राम, अनिल रविदास ने भी अपना विचार व्यक्त किया। समारोह को सफल बनाने में लक्ष्मण राम, प्रताप राम, बरतू राम, अजय राम, बिंदेश्वर राम, राधेश्याम राम, अशोक राम, दयानंद राम, पंचम राम, सीता देवी, जगमनी देवी, रेणु देवी, उर्मिला देवी, हेमा देवी, मंजू कुमारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम संध्या कुमारी, सौम्या वैष्णवी, नंदनी कुमारी, तन्नू कुमारी, अर्चना कुमारी, सुरभि कुमारी, आरती कुमारी, प्रिंसी सोनी, श्रुति कुमारी ने प्रस्तुत किया।

## ब्रह्मपुर रेलवे स्टेशन पर टिकट काउंटर का स्थान बदला गया

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** चल रहे पुनर्विकास कार्यों के कारण ब्रह्मपुर रेलवे स्टेशन पर सहयोग (पूछताछ) काउंटर को अनारक्षित टिकट काउंटर के पास स्थानांतरित कर दिया गया है, ताकि यात्रियों को टिकट खरीदते समय आवश्यक जानकारी मिल सके। निर्माण कार्य चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है, ताकि यात्रियों की आवाजाही में न्यूनतम व्यवधान हो और भीड़ पर नियंत्रण हो। यात्रियों को सुगम सुविधा प्रदान करने के लिए रेलवे अधिकारियों द्वारा ये अस्थायी उपाय लागू किये गये हैं। पूर्व तट रेलवे (इसीओआर) पुनर्विकास प्रक्रिया के दौरान यात्रियों से सहयोग का आग्रह करता है, भविष्य में यात्रियों के लिए सुविधा और आराम को बढ़ाना जिसका उद्देश्य है।

## ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड कर रहा मनमानी : अजय राय

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड पर आरोप लगाते हुए कहा है कि यहां व्यक्तिगत मनमानी अपने चरम पर है जिस पर राज्य सरकार को तुरंत संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि छोटी-छोटी तकनीकी विभाग के लिए उच्च स्तर जैसे कार्यकारी निदेशक, महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक के पद इसलिए स्वीकृत किये जा रहे हैं कि इससे उनके चहेतों को पद पर प्रोन्नति प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि प्राप्त सूचना के अनुसार निगम में नीचे के स्तर के पदों पर कर्मियों की भारी से भारी कमी है। लगभग 15 प्रतिशत नियमित कर्मचारी (लाइनमैन, एसबीओ, कंप्यूटर ऑपरेटर आदेशपाल, ड्राइवर, मैसेंजर इत्यादि) 15 प्रतिशत कनीय विद्युत अभियंता, 20 प्रतिशत सहायक विद्युत अभियंता और इसी प्रकार लेखा विभाग में 10 प्रतिशत कनीय प्रबंधक एवं लगभग 17 प्रतिशत के आसपास प्रधान प्रबंधक ही उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि विद्युत अनुरक्षण, बिल विपत्रीकरण राजस्व संग्रहण एवं उपभोक्ताओं के समस्याओं का निराकरण इत्यादि सभी कार्य इन्हीं के स्तर पर किये जाते हैं परंतु निगम द्वारा इन रिक्त पदों पर नियुक्ति करनी चाहिए थी जिससे निगम का राजस्व संसाधन एवं सर्वांगीण विकास होता परंतु निम्न स्तर के पदों पर नियुक्ति न कर उच्च पदों की स्वीकृति दी गयी है ताकि उनके चहेतों को उक्त पदों पर प्रोन्नति पैसे लेकर दी जा सके। उन्होंने कहा कि झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ राज्य सरकार से मांग करता है कि वे इस मामले की जांच करायें और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करें। अजय राय ने बताया कि जल्दी इस मुद्दे पर कानूनी सलाह लेकर वह कोर्ट जायेंगे।

# विवाहिता की मौत, परिजनों ने जहर देने का लगाया आरोप

## ससुराल पक्ष पर दहेज में दो लाख रुपये और बाइक नहीं देने पर हत्या का आरोप

**पति, सास, ससुर और ननद के खिलाफ थाने में शिकायत, घटना के बाद से आरोपित फरार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पिपरा थाना के अंबा झरना में 21 वर्षीय एक विवाहित महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। उसकी पहचान इंदु देवी के रुप में हुई है। वह हैदरनगर थाना क्षेत्र के सिंघना गांव निवासी लल्लू यादव की पुत्री थी। घटना मंगलवार की शाम की बतायी जा रही है। बुधवार की सुबह शव को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए लाया गया

मृतका इंदु देवी की फाइल फोटो।

है। दूसरी ओर, मृतका इंदु देवी के पिता लल्लू यादव ने पिपरा थाना में लिखित आवेदन देकर बताया कि उन्होंने अपनी बेटी इंदु की शादी पिपरा थाना के अंबा झरना निवासी भूखण यादव के पुत्र प्रवीण यादव के साथ साल 2022 के मई महीने में की थी। सामर्थ्य के मुताबिक दहेज में सारा सामान भी दिया था। इसके बाद इंदु के भाई की नौकरी हो गयी। इसके बाद से इंदु के ससुराल वाले मायके से बाइक मांग कर लाने का दबाव बनाने लगे। ऐसा नहीं करने पर मारपीट भी करते थे। कुछ महीना पहले इंदु और उसका पति हैदरनगर के सिंघना गांव स्थित उनके घर आये तो उन्होंने विदाई में दामाद को 85 हजार रुपये भी दिया था। पर मायके से जाने के बाद फिर दो लाख रुपये नगद और बाइक की मांग करने लगा। हम लोग उस पर भी राजी हो गये और उनसे थोड़ा समय देने की मांग की। पर अचानक मंगलवार की शाम सात बजे किसी ने फोन कर बताया कि उनकी बेटी इंदु को ससुराल के लोगों ने जहर देकर मार दिया है। खबर पाते ही वे लोग तुरंत गाड़ी लेकर इंदु के ससुराल पहुंच गये। जहां घर के आंगन में उसका शव पड़ा मिला। वहीं, परिवार के सभी सदस्य फरार थे। उनकी यह करतूत प्रमाणित करती है कि इंदु की हत्या ससुराल वालों ने की है। इंदु के पिता लल्लू यादव ने पिपरा थाना को दिये आवेदन में समधी भूखण यादव, दामाद प्रवीण यादव, सास एवं ननद पर बेटी को जहर देकर मारने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। वहीं, हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद इंदु का शव स्वजनों को सौंप दिया है। साथ ही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा। साथ ही पुलिस फरार ससुराल वालों का भी पता लगाने की कोशिश कर रही है।

## रेलवे ट्रैक से अधेड़ का शव बरामद

**विश्रामपुर/पलामू।** गढ़वा रोड-तोलरा स्टेशन के बीच धनुकाई रेल ब्रिज के पास मल्लाहटोली शिवस्थान के समीप बुधवार को एक अधेड़ व्यक्ति का क्षत-विक्षप्त शव बारमद हुआ। आशंका जतायी जा रही है कि किसी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी। जिसकी पहचान मल्लाहटोली गांव निवासी मुखदेव चौधरी (55) के रूप में हुई है। मृतक कृषक बताया जा रहा है। परिजनों की मानें तो वह मानसिक रूप से विक्षिप्त हो गया था। इसकी सूचना मिलने पर राजकीय रेल पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा जिला अस्पताल भेज दिया। जहां से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज ने संत रविदास जयंती मनायी

**रांची (आजाद सिपाही)।** आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज कुदलुम, नगड़ी, रांची ने संत रविदास की जयंती मनायी । इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्थान के प्राचार्य डॉ रामकेश पांडेय ने कहा कि आज हमें संत रविदास जी के जीवन संघर्षों एवं कार्यों से हम सभी शिक्षकों एवं प्रशिक्षुकों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का असली उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि मानवता, समानता और भाईचारे की भावना का प्रसार करना है। इस अवसर पर संस्थान के सभी सहायक आचार्यों ने अपने-अपने विचार दिये। जिसमें कमलेंद्र नाथ त्रिपाठी, मोहित कुमार तिवारी, वागीश दुबे, ओम प्रकाश तिवारी, प्रमोद कुमार सिंह, सुरेंद्र प्रताप, विवेक कुमार, निकिता मेहता, मिनी शोभा कुजूर एवं बीएड सत्र 2023-25 एवं 2024-26 के प्रशिक्षुओं द्वारा अपनी प्रस्तुती दी गयी। कार्यक्रम का संचालन श्यामली सामंत ने की और धन्यवाद ज्ञापन सह शांतिमंत्र मोहित कुमार तिवारी ने किया।

## झारखंड प्रदेश गुरु रविदास महासभा ने रविदास की जयंती मनायी

**रांची (आजाद सिपाही)।** गुरु नानक स्कूल पीपी कंपाउंड में बुधवार को संत रविदास की जयंती झारखंड प्रदेश गुरु रविदास महासभा के द्वारा मनायी गयी। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, कृषि मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की, विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, अमर कुमार बाउरी, किशुन दास, संजीव विजयवर्गीय कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरु रविदास महासभा के अध्यक्ष दीपक कुमा रवि के द्वारा की गयी। कार्यक्रम में राजीव रंजन, राजीव रजक, राजेश राम, भगत वाल्मिकी, उपेंद्र रजक और उमेश रवि, प्रदीप रवि, दीपक कुमार, संतोष रवि, दशरथ राम, राजेश राम, गोपाल रवि, विशाल रवि, सोहेल राम, संतोष राम आदि शामिल हुए।

# जेएसडब्ल्यू ने झारसुगुड़ा में 150 फीट ऊंचा हाई मास्ट फ्लैग पोस्ट स्थापित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** जेएसडब्ल्यू बीपीएसएल ने राष्ट्रीय गौरव और एकता के प्रतीक के रूप में झारसुगुड़ा में एक अद्वितीय ऊंचे हाई मास्ट फ्लैग पोस्ट स्थापित किया गया है। इस पहल का उद्देश्य सामुदायिक बुनियादी ढांचे को बढ़ाना है और यह क्षेत्र के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

तिरंगा फ्लैग पोस्ट का उद्घाटन ओड़िशा के राजस्व मंत्री सुरेश पुजारी ने झारसुगुड़ा के विधायक टंकधर त्रिपाठी, झारसुगुड़ा की कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट अबोली सुनील नरवणे, झारसुगुड़ा के पुलिस

अधीक्षक परमार स्मित परशोत्तमदास, जेएसडब्ल्यू बीपीएसएल के अध्यक्ष और डब्ल्यूटीडी अनिल कुमार सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।

150 फीट पर खड़ा, इस क्षेत्र का सबसे ऊंचे हाई मास्ट फ्लैग पोस्ट एक दृश्य चमत्कार है, जो फ्लडलाइट्स के साथ पूरा हुआ है। यह पश्चिमी ओड़िशा के लिए एक नया मील का पत्थर बन गया है, जो परिवारों और पर्यटकों को समान रूप से आकर्षित करता है। यह परियोजना केवल दो महीने में पूरी हुई। जेएसडब्ल्यू बीपीएसएल के अध्यक्ष और डब्ल्यूटीडी अनिल कुमार सिंह ने टिप्पणी की, 'क्षेत्र के सबसे ऊंचे तिरंगे फ्लैग पोस्ट का विकास नवीन और आकर्षक सामुदायिक स्थान बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जेएसडब्ल्यू का लक्ष्य देश के सांस्कृतिक और पर्यटन परिदृश्य को बढ़ाते हुए जीवन को समृद्ध बनाना है।'

ओड़िशा के राजस्व मंत्री सुरेश पुजारी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, 'पश्चिमी ओड़िशा में इस सबसे ऊंचे फ्लैग मास्ट पोस्ट को विकसित करने में जेएसडब्ल्यू बीपीएसएल का योगदान सराहनीय है।'

## नालको ने अखिल भारतीय विक्रेता समागम 2025 का आयोजन किया

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** नालको ने 12 फरवरी को नालको रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी सेंटर (एनआरटीसी), गोठपाटना, भुवनेश्वर में 'ग्रोथ इन टुगेदरनेस' विषय पर अखिल भारतीय विक्रेता समागम 2025 का आयोजन किया। इस अवसर पर नालको के सीएमडी बृजेंद्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जबकि सदाशिव सामंतराय, निदेशक (वाणिज्यिक) और पंकज कुमार शर्मा, निदेशक (उत्पादन), नालको, के साथ-साथ मनीष भाटिया, निदेशक-सार्वजनिक खरीद प्रभाग (वित्त मंत्रालय) इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इसके अलावा, सार्वजनिक खरीद प्रभाग, एमएसएमइ, आरएक्सआइएल, जीइएम और नालको के वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। आयोजन का उद्देश्य नालको को कच्चे माल, स्पेयर, उपभोग्य सामग्रियों और अन्य वस्तुओं की आपूर्ति करने वाले सभी विक्रेताओं और सार्वजनिक खरीद प्रभाग, एमएसएमइ, जीइएम और नालको के अधिकारियों को खरीद नीति कानून, जीइएम खरीद प्रक्रिया में वृद्धि, एमएसएमइ और टीआरइडीएस की सुविधा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर परस्पर सत्रों के लिए एक मंच प्रदान करना था। विक्रेताओं ने इस तरह के संवादात्मक कार्यक्रम के आयोजन के लिए नालको की पहल की सराहना की।

## राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला का समापन, कलाकारों ने गीत-संगीत, नृत्य से समा बांधा

# राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला में लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण

**सामाजिक सरोकार रखने वाले व्यक्तियों को किया गया सम्मानित, मेला के सफल आयोजन को लेकर डीसी ने जताया आभार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** दुबयाखांड राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला में विभिन्न विभागों की ओर से लगाये गये स्टॉल के माध्यम से परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। सरिता लकड़ा, माया देवी, रीता देवी, सोनपतिया देवी, सुनीता देवी को अबुआ आवास योजना अंतर्गत चाभी सौंपी गयी। वहीं, मनातू अंचल के 10 लाभुकों को कल्याण विभाग की ओर से सामुदायिक वन पट्टा वितरण किया गया। साथ ही जिला ग्रामीण विकास शाखा की ओर से सांकेतिक रूप से छह महिला मेठ को सम्मानित किया गया। इसके अलावा 100 मानव दिवस सृजन करने वाले आठ श्रमिकों को सांकेतिक रूप से सम्मानित किया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 9 बागवानी सखी को सम्मानित किया

गया। वित्तीय वर्ष 2025- 26 के लिए बागवानी लेने वाले चयनित और स्वीकृत तीन लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये। कृषि विभाग की ओर से कृषिकों को मूंग बीज दिये गये। श्रम आयुक्त कार्यालय की ओर से लगाये गये स्टॉल पर श्रमिक सेफ्टी किट योजना के तहत निबंधित लाभुकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से एक-एक हजार रुपये की राशि स्थानांतरित की गयी। जेएसएलपीएस के स्टॉल के माध्यम से 99 सखी मंगल को चक्रीय निधि, 1422 को सामुदायिक निवेश निधि, 15 उत्पादक समूह को कार्यशील पूंजी, एक आजीविका संसाधन केंद्र को स्थापना व्यय एवं कार्यशील पूंजी के तहत लाभ दिये गये। जेएसएलपीएस के माध्यम से सखी मंडल को सात करोड़ 76 लाख 70 हजार रुपये के लाभ से लाभांन्वित किया गया। पशुपालन विभाग की ओर से पशुपालकों को बकरा एवं शुकर प्रदान किये गये। समाज कल्याण विभाग की ओर से 10 महिलाओं को गोद भरायी की रस्में पूरी की गयी। वहीं पांच बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। पांच लोगों को दिव्यांग यंत्र लिये गये। 10 छात्राओं को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना एवं दो को कन्यादान योजना का

स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये। इसके अलावा अन्य विभागों के स्टॉल के माध्यम से लोगों को लाभान्वित किया गया।

दूसरी ओर, दुबियाखांड़ में आयोजित दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला का बुधवार को समापन संस्कृति कार्यक्रमों के नाम रहा। पारंपरिक परिधान में आदिवासी महिला-पुरुष कलाकारों गीत-संगीत, नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समा बांधा। मांदर की थाप पर लोग झूमते रहे। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक सरोकार रखने वाले व्यक्तियों को मेला आयोजन समिति एवं जिला प्रशासन की ओर से मोमेंटो, शॉल और गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह, सचिव हृदयानंद सिंह, बहादुर सिंह, अवधेश सिंह, निर्मल सिंह, नीरज सिंह, अजीत सिंह, उमेश सिंह, शैलेंद्र सिंह सहित सैकड़ों लोगों को सम्मानित किया गया। वहीं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग ले रहे कलाकारों को भी सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में निःशुल्क कार्य कर रहे वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। इधर, दो दिवसीय मेला में जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को दिया गया। साथ ही योजनाओं से संबंधित पंपलेट और बुकलेट का वितरण किया गया। ताकि इसके अध्ययन से लोग योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर उससे लाभान्वित हो सकें। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगाये गये स्लॉट में चिकित्सकों द्वारा लोगों की स्वास्थ्य जांच की गयी और जरूरतमंद व्यक्तियों को आवश्यक दवाइयां उपलब्ध करायी गयीं, जबकि मेला को सफल बनाने में जिला प्रशासन के वरीय और कनीय पदाधिकारियों के साथ ही मेला आयोजन समिति के सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही। मेला के सफल व शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर डीसी शशि रंजन ने सभी का आभार जताया है। कहा कि राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला का प्रतिवर्ष विस्तार होगा। इस मेले की पहचान राष्ट्रीय फलक पर पहुंचाने को लेकर स्थानीय जिला प्रशासन सजगता से कार्य कर रही है।

## भंडरा में हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना क्षेत्र के तिलसिरी गांव में बुधवार की सुबह जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया है। जंगली हाथियों का झुंड एक नहीं बल्कि कई किसानों के फसलों को नुकसान पहुंचाया है। जिसमें गेहूं, आलू, सरसों का खेती को अधिक नुकसान हुआ है। इस दौरान जंगली हाथियों की झुंड ने तिलसिरी गांव के किसान बसिया लकड़ा के खेत में एक एकड़ में लगी सरसों फसल को भी पूरी तरह रौंद दिया है। साथ ही केला बागान को भी नुकसान पहुंचाया है। इसी तरह सुनीत मिंज के गेहूं फसल, गंगा उरांव का आलू को क्षति पहुंचाया है। ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार की सुबह की 18 हाथियों का झुंड गांव में प्रवेश किया है। जिसे स्थानीय भंडरा थाना पुलिस की मदद से भंडरा व भरनो थाना क्षेत्र के सीमांत लोंगा पहाड़ पहुंचाया गया। क्षेत्र में हर एक दो माह में जंगली हाथियों के आगमन से किसान काफी परेशान है। जंगली हाथियों द्वारा फसल को काफी नुकसान पहुंचाया गया है। वन विभाग से मुआवजा को लेकर अंचलाधिकारी भंडरा को आवेदन सौंपा जायेगा।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य अभियंता (निर्माण)/I/दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डनरीच, कोलकाता-700043 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किया गया है। निविदा निर्धारित तारीख को **दोपहर 12:00 बजे** बंद कर दी जाएगी। **ई-निविदा सूचना संख्या: 4553-जीआरसी-सीई-सी-01-04-2025, दिनांक: 11.02.2025। कार्यों का संक्षिप्त विवरण:** मूरी से बचाने वाली इलु-सिल्ली बाईपास लाइन के लिए कम्पोजिट कार्य- दक्षिण पूर्व रेलवे के लूप लाइन आदि सहित इलु स्टेशन से सिल्ली स्टेशन तक गठन एवं कटाई में भूमिकार्य का संपादन सहित छोटे एवं बड़े पुलों का निर्माण, पी.वे लिंकिंग कार्य सहित बैलास्ट की आपूर्ति, सेवा भवनों तथा अप्रोच सड़क का निर्माण कार्य सहित संकेत एवं दूरसंचार, विद्युतीय कार्य तथा अन्य सम्बंधित कार्य। **अनुमानित लागत:** ₹ 74.38 करोड़। **बोली प्रतिभूति:** ₹ 38,69,200। **पूरा करने की अवधि:** 24 महीने। **बंद होने की तारीख:** 12.03.2025। निविदा के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा/स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस मद के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। **(PR-1126)**

# हमारी प्राथमिकता में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

पेरिस में हुए दो दिवसीय एआइ एक्शन समिट ने जहां आने वाले दौर के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की अहमियत को रेखांकित किया, वहीं यह भी साफ कर दिया कि इस मामले में होड़ के बावजूद सभी देशों का आपसी तालमेल बनाये रखते हुए सावधानी से आगे बढ़ना जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ इस शिखर बैठक की सह-अध्यक्षता की, बल्कि अगली शिखर बैठक की मेजबानी करने की पेशकश भी करते हुए बता दिया कि भारत इस पहल को कितनी गंभीरता से लेता है।

**बैठक की टाइमिंग:** यह एआइ एक्शन समिट ऐसे समय हो रही है, जब चीनी कंपनी डीप सीक अपने इनोवेशन से पूरी दुनिया को एक जबर्दस्त झटका दे चुकी है। कम समय और बहुत कम लागत में चैट जीपीटी से कहीं बेहतर एआइ टूल पेश करके डीप सीक ने बताया कि इस फील्ड में आउट ऑफ बॉक्स सोच से ज्यादा बड़ी चीज कुछ नहीं है।

**जरूरी है सतर्कता:** इसमें दो राय नहीं कि डीप सीक ने वाकई कमाल किया है। लेकिन निरंतर बदलती, विकसित होती तकनीक वाली इस फील्ड में हर इनोवेशन की अपनी सीमाएं भी होती हैं, जिनका ध्यान रखने की जरूरत होती है। खासकर सुरक्षा से जुड़े पहलू को किसी भी सूरत में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इस बिंदु पर इस चीनी इनोवेशन को भी कई तरह के सवालों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए अभी यह नहीं कहा जा सकता है कि चीन ने एआइ के मोर्चे पर जीत हासिल कर ली है। भारत को इस मोर्चे पर कम आंकना जल्दबाजी होगी।

**पेरिस में हुई एआइ एक्शन समिट ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की अहमियत और सुरक्षा पर जोर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों के साथ इसकी सह-अध्यक्षता की और भारत के टैलंट पूल की भूमिका को रेखांकित किया। भविष्य में भारत की पहल को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया गया।**

**पारदर्शिता और तालमेल:** इसी पहलू को रेखांकित करती है यह तीसरी एआइ एक्शन समिट, जिसमें दुनिया भर के 90 देशों और तमाम बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस शिखर बैठक में भी कहा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमारे भविष्य का अनिवार्य हिस्सा है, लेकिन किसी भी वजह से इसकी ग्रोथ को बेकाबू होने दिया गया, तो उसके परिणाम खतरनाक साबित हो सकते हैं। प्रधानमंत्री के बातों के निहितार्थ बहुत गहरे और दूरगामी हैं। भारत ही नहीं, पूरी दुनिया को इस पर गंभीरता से विचार करना होगा।

**भारत की भूमिका:** भारत की भूमिका को खास बनाता है इसका असाधारण टैलेंट पूल, इसके वे इंजीनियर और वैज्ञानिक, जो नाम मात्र की लागत पर बड़े-बड़े अंतरिक्ष अभियान को अंजाम देते रहे हैं। हालांकि अभी तक इस मामले में भारत की पहल बहुत अच्छी नहीं कही जा सकती। बेहतर होगा कि केंद्र सरकार एक मंत्रालय बनाकर इस तकनीक को लेकर अपनी प्राथमिकता तय करे। एआइ इनोवेशन में भारत अब पीछे छूटने का जोखिम नहीं उठा सकता।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**क्या हम उस समाज और धर्म की रक्षा और लाभ के लिए कुछ व्यर्थ महत्वाकांक्षाओं का त्याग नहीं कर सकते जिसके लिए राम ने वनवास झेला, कृष्ण ने असंख्य कष्ट सहे, राणा प्रताप जंगल-जंगल भटके, शिवाजी ने अपना सर्वस्व दांव पर लगा दिया और गुरु गोविंद सिंह ने अपने नन्हे-मुन्ने बेटों को जिंदा दफना दिया? आज समाज हाथ में कटोरा लेकर हमसे भीख मांग रहा है। यदि हम इसकी मांगों के प्रति उदासीन बने रहे तो एक दिन ऐसा आयेगा, जब हमें अपनी सबसे प्रिय वस्तु से विदा लेनी पड़ेगी।**

# सामाजिक प्रगति में सभी का विकास समाहित

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर विशेष

डॉ प्रदीप वर्मा

**कोई** भी व्यक्ति बहुत अधिक प्रगति कर सकता है, लेकिन जब तक उसका समाज भी उसी अनुरूप प्रगति नहीं करता, तब तक उसका कोई महत्व नहीं है। क्या हम उस समाज और धर्म की रक्षा और लाभ के लिए कुछ व्यर्थ महत्वाकांक्षाओं का त्याग नहीं कर सकते जिसके लिए राम ने वनवास झेला, कृष्ण ने असंख्य कष्ट सहे, राणा प्रताप जंगल-जंगल भटके, शिवाजी ने अपना सर्वस्व दांव पर लगा दिया और गुरु गोविंद सिंह ने अपने नन्हे-मुन्ने बेटों को जिंदा दफना दिया? आज समाज हाथ में कटोरा लेकर हमसे भीख मांग रहा है। यदि हम इसकी मांगों के प्रति उदासीन बने रहे तो एक दिन ऐसा आएगा जब हमें अपनी सबसे प्रिय वस्तु से विदा लेनी पड़ेगी। इतने सारे लोगों ने अपना जीवन केवल समाज कार्य के लिए क्यों समर्पित कर दिया है ? उन्होंने ऐसा इसलिए किया है क्योंकि सामाजिक प्रगति के बिना कोई व्यक्तिगत प्रगति संभव नहीं है।

दीनदयाल उपाध्याय ने अपने मामा को 21 जुलाई, 1942 को लखीमपुर से उपरोक्त यादगार पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने बताया कि वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक क्यों बने। उनके जीवन में देशप्रेम और देश की सेवा का भाव इतना गहरा था कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने दीनदयाल उपाध्याय के लिए कहा था, अगर मुझे दो दीनदयाल मिल जाएं तो मैं भारतीय राजनीति का नक्शा बदलकर रख दूंगा। 1953 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की रहस्यमय मृत्यु के बाद दीनदयाल ने जनसंघ को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली। वर्ष 1967 तक वो भारतीय जनसंघ में महासचिव रहे और पार्टी को लगातार आगे बढ़ाने के मिशन में जुटे रहे। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा दी। वे एक समावेशित विचारधारा के समर्थक थे जो एक मजबूत और सशक्त भारत चाहते थे।

**हिंदुत्व की विचाराधारा को प्रसारित करने के लिए उन्होंने मासिक राष्ट्रधर्म का प्रकाशन किया।**

दीनदयाल जी का शुरूआती जीवन काफी कष्ट में बीता था। वह जब तीन वर्ष के भी नहीं हुये थे कि उनके पिता का देहान्त हो गया। पति की मृत्यु से माँ रामप्यारी को अपना जीवन अंधकारमय लगने लगा। वे अत्यधिक बीमार रहने लगीं। उन्हें क्षय रोग लग गया। 8 अगस्त 1924 को उनका भी देहावसान हो गया। उस समय दीनदयाल 7 वर्ष के थे। 1926 में नाना चुन्नीलाल भी नहीं रहे। 1931 में पालन करने वाली मामी का निधन हो गया। 18 नवम्बर 1934 को अनुज शिवदयाल ने भी उपाध्याय जी का साथ सदा के लिए छोड़कर दुनिया से विदा ले ली। 1935 में स्नेहमयी नानी भी स्वर्ग सिधार गयीं। 19 वर्ष की अवस्था तक उपाध्याय जी ने मृत्यु.दर्शन से गहन साक्षात्कार कर लिया था। जीवन में इतना मृत्यु पक्ष देख लेने के बाद भी वह आजीवन भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए आशावादी बने रहे। बचपन में उनके घर आए ज्योतिषी ने दीनदयाल की जन्मकुंडली देखा थी और भविष्यवाणी करते हुए कहा कि, ये बालक आगे चलकर महान विद्वान और विचारक बनेगा, ये विलक्षण प्रतिभा का धनी होगा और इसकी गिनती देश के अग्रणी राजनेताओं में होगी, लेकिन ये विवाह के बंधन में कभी नहीं बंधेगा। आगे चलकर ज्योतिषी द्वारा कही गई सभी बातें सही सिद्ध हुईं।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने हाई स्कूल की शिक्षा राजस्थान के सीकर में प्राप्त की। पढ़ाई लिखाई में बहुत अच्छा होने के चलते सीकर के तत्कालीन नरेश ने उन्हें एक स्वर्ण पदक, किताबों के लिए 250 रुपये और दस रुपये की मासिक छात्रवृत्ति से पुरस्कृत किया। दीनदयाल ने अपनी इंटरमीडिएट की परीक्षा पिलानी में विशेष योग्यता के साथ उत्तीर्ण की, जिसके बाद उन्होंने बीए. की पढ़ाई के लिए कानपुर के सनातन धर्म कॉलेज में दाखिला ले लिया। यहां उनके कई मित्र बने। उन्हीं में से एक मित्र थे श्री बलवंत महाशब्दे। वर्ष 1937 में श्री बलवंत महाशब्दे के कहने पर वो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में सम्मिलित हो गए। बस यही से उनकी जिंदगी ने अहम मोड़ ले लिया। 1937 में ही बीए. की परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण करने के बाद दीनदयाल एमए. की पढ़ाई के लिए आगरा आ गए। आगरा में आकर वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में सक्रिय हो गए। संघ की सेवा के दौरान उनका परिचय हुआ भारत रत्न श्री नानाजी देशमुख और श्री भाऊराव देवरस से, जिन्होंने दीनदयाल जी के भविष्य निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभायी।

उसके बाद पंडित दीनदयाल बीटी. का कोर्स करने के लिए प्रयागराज (इलाहाबाद) आए और यहां भी उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से नाता नहीं तोड़ा। प्रयागराज पहुंचकर उन्होंने संघ में अपनी सेवा जारी रखी। बीटी. का कोर्स पूरा हुआ तो उन्होंने खुद को संघ में पूर्णकालिक रूप से समर्पित करने का फैसला किया। संघ ने वर्ष 1955 में उन्हें उत्तर प्रदेश के प्रांतीय संगठक (प्रान्त प्रचारक) बनाने का निर्णय लिया। जल्दी ही उन्होंने संघ में सभी को प्रभावित किया। उन्हें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का आदर्श स्वयंसेवक समझा जाता था, क्योंकि उनके भाषण व उनके विचार पूर्ण रूप से संघ की शुद्ध विचारधारा पर आधारित ही होते थे। उनके नाम के साथ पंडित जुड़ने का किस्सा भी काफी रोचक रहा। असल में अपनी चाची के कहने पर दीनदयाल एक सरकारी परीक्षा देने के लिए तैयार हुए। इस परीक्षा में जहां अन्य परीक्षार्थी सूट बूट में आए थे। वहीं दीनदयाल ने धोती और कुर्ता पहनने के साथ अपने सिर पर टोपी भी लगा रखी थी, जिसके बाद उनके साथियों ने उनका जमकर मजाक बनाया और उन्हें पंडित जी कह कर पुकारना शुरू कर दिया। बस तभी से ही लोग उन्हें इसी नाम से बुलाने लगे। दीनदयाल उस दिन के बाद से पंडित दीनदयाल हो गए। अच्छी बात ये थी कि दीनदयाल इस परीक्षा में भी प्रथम आए थे।

माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर से प्रेरणा लेकर 21 अक्टूबर 1951 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की अध्यक्षता में भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई और जनसंघ के माध्यम से ही दीनदयाल ने भारतीय राजनीति में कदम रखा। 1952 में कानपुर में जनसंघ का प्रथम अधिवेशन हुआ। पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पहले उत्तर प्रदेश शाखा का महासचिव बनाया गया और उसके बाद उन्हें अखिल भारतीय महासचिव के पद पर नियुक्त किया गया। उनकी कार्य कुशलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जनसंघ के कानपुर अधिवेशन में पारित हुए कुल 15 प्रस्तावों में से 7 प्रस्ताव पंडित दीनदयाल उपाध्याय के थे। दिसंबर 1967 में भारतीय जनसंघ का चैदहवां अधिवेशन कालीकट में हुआ और इसमें सर्वसम्मति से पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पार्टी अध्यक्ष चुना गया, लेकिन वो मात्र 43 दिन ही जनसंघ के अध्यक्ष रह सके। 10 फरवरी 1968 को वो लखनऊ से पटना जाने के लिए रेलगाड़ी में बैठे, लेकिन 11 फरवरी को सुबह पौने चार बजे उनकी लाश रेलवे लाइन के किनारे मिली। कहा जाता है कि जौनपुर तक वे जीवित थे, लेकिन उसके बाद किसी ने चलती ट्रेन में से उन्हें धक्का दिया और खंभे से टकरा जाने के चलते उनकी मौत हो गई। दीनदयाल जी के कद का अनुमान इससे ही लगाया जा सकता है कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस के नेता संपूणानंद ने उपाध्याय की राजनीतिक डायरी की प्रस्तावना में दीनदयाल को अपने समय के सबसे उल्लेखनीय नेताओं में शामिल बताया है।

दीनदयाल पत्रकार भी रहे थे, उन्होंने अनेकों पत्र पत्रिकाओं का प्रकाशन किया। हिंदुत्व की विचाराधारा को प्रसारित करने के लिए उन्होंने मासिक राष्ट्रधर्म का प्रकाशन किया। इसके अलावा उन्होंने साप्ताहिक पांचजन्य व दैनिक स्वदेश की शुरूआत भी की। उन्होंने चंद्रगुप्त मौर्य, शंकराचार्य की हिंदी में जीवनी लिखी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक हेडगेवार की जीवनी का मराठी से हिंदी में अनुवाद करने का श्रेय भी दीनदयाल को ही जाता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारत मां के मुखर और सच्चे सपूत थे। भारत सरकार ने दीनदयाल को श्रद्धांजलि देते हुए 1978 में एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। 2017 में गुजरात के कांदला बंदरगाह का नाम बदलकर दीनदयाल उपाध्याय बंदरगाह कर दिया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रस्ताव पर भारत सरकार ने 2018 में मुगलसराय जंक्शन का नाम बदलकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय कर दिया। 16 फरवरी 2020 को वाराणसी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल सेंटर खोला गया जिसमें उनकी 63 फुट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई। यही नहीं, आज देश में उनके नाम पर कई सरकारी योजनाएं भी संचालित की जा रही हैं।दीनदयाल जी का भारतीय राजनीति और भाजपा के शीर्ष नेताओं में इतना सम्मान था कि जब अयोध्या आंदोलन के समय लालकृष्ण आडवाणी ने रथयात्रा निकालने का प्रयास किया तो इसकी शुरूआत की तिथि 26 सितंबर 1990 का चुनाव किया था। यह दीनदयाल की जन्मतिथि थी, जिस दिन सोमनाथ से रथयात्रा निकाली गयी थी।

**(राज्यसभा सांसद और लेखक)**

## कोल्हान की खबरें

# सोनुआ में मैक्स पिकअप वाहन पलटने से सीआरपीएफ के आठ जवान घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के सोनुआ थाना क्षेत्र के लोंजो घाटी में बुधवार को सीआरपीएफ जवानों को नक्सल विरोधी अभियान से लेकर आ रही एक मैक्स पिकअप वाहन पलट गयी। इस दुर्घटना में सीआरपीएफ 60 बटालियन के आठ जवान गंभीर रूप से घायल हो गये, जिनमें से छह की हालत गंभीर है। सभी जवानों का इलाज चक्रधरपुर के रेलवे अस्पताल में चल रहा है. वहीं बाकी जवानों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि एक मैक्स पिकअप वाहन

बुधवार करीब साढ़े बारह बजे सीआरपीएफ 60 बटालियन के करीब 12 जवानों को नक्सल विरोधी अभियान एलआरपी से लेकर आ रही थी। इसी दौरान वह असंतुलित होकर पलट गयी, जिससे वाहन में सवार आठ जवान गिरकर घायल हो गये। घटना के बाद सभी घायल जवानों को इलाज के लिए सोनुआ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां से गंभीर रूप से घायल जवानों को बेहतर इलाज के लिए चक्रधरपुर के रेलवे अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

# झारखंड में अबुआ सरकार ओल चिकि लिपि को कर रही है दरकिनार : बाबूराम

आजाद सिपाही संवाददाता

**चांडिल।** सरायकेला खरसावां जिले में चांडिल प्रखंड स्थित सालगाडीह के निर्माणाधीन सिदो-कान्हू पब्लिक स्कूल में संथाली शिक्षा देवी बिदु चानदान पूजा के शुभ अवसर पर बैठक का आयोजन किया गया। बुधवार को बैठक में समाजिक कार्यकर्ता बाबूराम सोरेन ने कहा गुरु गोमके पंडित रघुनाथ मुर्मू ने सन 1925 में संथाली भाषा के लिए ओल चिकि लिपि का अविष्कार किया। संथाली भाषा को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में 2004 में शामिल किया गया था। लेकिन यह

आदिवासी समाज के लिए दुर्भाग्य की बात है ओल चिकि लिपि के 100 वर्ष पूरा होने के बाद भी आज तक न झारखंड की वर्तमान अबुआ सरकार और न ही केंद्र की भाजपा सरकार संथाली भाषा के उत्थान के लिए कोई ठोस पहल की। जो आदिवासियों के लिए चिंता का विषय है। मौके पर बनमाली हांसदा, सुदन टुडू, मोहन हांसदा, सुनिल मार्डी सहित अन्य शामिल रहे।

# फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के एग्जीक्यूटिव कमिटी की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया की एग्जीक्यूटिव कमिटी की बैठक दिल्ली के वर्ल्ड न्यू ट्रेड सेंटर में संपन्न हुई। बुधवार को पीसीआइ अध्यक्ष मोंटू पटेल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी राज्य से काउंसिल आफ इंडिया के सदस्य व अधिकारीगण के बीच झारखंड फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य धर्मेंद्र सिंह शामिल हुए। बैठक में धर्मेंद्र सिंह ने झारखंड के फार्मासिस्टों के समस्याओ से अवगत कराया। साथ ही झारखंड राज्य में फार्मासिस्टों की बहाली,

फर्जी सर्टिफिकेट के रजिस्ट्रेशन पर अभिलंब रोक, प्राइवेट हॉस्पिटल में फार्मासिस्टों की वेतन दर पर वृद्धि पर जोर दिया। वही बैठक के दौरान उन्होंने काउंसिल को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण चर्चा की। उधर एग्जीक्यूटिव कमिटी की बैठक में धर्मेंद्र सिंह के द्वारा की गयी पहल का सिंहभूम फार्मासिस्ट एसोसिएशन प्रेस प्रवक्ता मनी मोहंती, महासचिव दिपक शर्मा, उपाध्यक्ष दिपक नंदी, अंजन सरकार, शशि, विकास राय, रजनी ठाकुर, जितेंद्र कुमार ने सराहना की। सभी ने अहम बैठक के लिए पीसीआइ और उनके पूरी टीम को बधाई दी।

# शब-ए-बरात में बेकार कामों से करें परहेज : डॉ मो. ताहिर हुसैन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** हिंद आइटीआइ के डायरेक्टर व मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर डॉक्टर मोहम्मद ताहिर हुसैन ने समाज हित मे शब-ए-बरात के दौरान फजूल कामों से परहेज करने का सिफारिश किया। उन्होंने कहा परिवार में फजुल खर्चा व बच्चे को रेस ड्राइविंग से बचने की बात कही। डॉक्टर मोहम्मद ताहिर हुसैन ने कहा शब-ए-बारात एक इबादत की रात है। इस दिन रात में सिर्फ इबादत करें और फिजूल कामों से दूर रहे। उन्होंने कहा शब-ए-बरात बरकत वाली रात

है। इस रात में अपने और रिश्तेदारों के लिए दुआ मांगने के साथ-साथ कब्रिस्तान में भी जायें और मरहूम के लिए भी मगफीरात की दुआ करें। शबे बरात के दिन आतिशबाजी ना करें और ना ही रस ड्राइविंग करें। इस मुबारक रात में अपने घर वालों के साथ पूरे देश की हिफाजत उन्नति और अमन चैन के लिए दुआ करें।

# सरायकेला में सेफ इंटरनेट डे पर कार्यशाला का आयोजन

**सावधान व सतर्क रहकर करें इंटरनेट का उपयोग करें : ऋतुराज प्रियदर्शी**

**राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज करायें शिकायत : दानिश इकबाल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** सेफ इंटरनेट डे के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। बुधवार को जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी ऋतु राज प्रियदर्शी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में कई अहम जानकारी दी गयी। मौके पर जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी ने कहा इंटरनेट लाइफस्टाइल को आसान बना दी है लेकिन हमें सावधान और सतर्क रह कर ही इंटरनेट का

उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा शॉर्टकट से पैसे कमाने व विभिन्न तरह की लालच में पड़कर लोगों की गाढ़ी कमाई मिनटों में चली जाती है। साइबर अपराधी नये नये तरीके अपनाकर लोगों को ठगने की कोशिश करते हैं। जिसमे डिजिटल अरेस्ट, अधिक रिटर्न का लालच देकर निवेश करना, विभिन्न तरह के ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफार्म इत्यादि शामिल है। उन्होंने कहा साइबर फ्रॉड से बचने के लिए सुरक्षित तरीके से पैसे का ट्रांजैक्शन करें, सार्वजनिक स्थानों पर मोबाइल चार्जिंग, सार्वजनिक वाईफाई का इस्तेमाल करने से बचें, बिना जाने समझें अनजान लोगों के साथ रकम की लेनदेन नहीं करें, अनजान नंबर से व्हाट्सएप कॉल,वीडियो कॉल व इंटरनेशनल कॉल को रिसीव करने से बचें, स्वयं जागरूक बने और अपने परिवार के साथ समाज को भी जागरूक करें। साइबर थाना प्रभारी दानिश इकबाल ने कहा कभी भी डिजिटल अरेस्ट की बात सुनकर भयभीत न हो। अधिक रिटर्न देने वालों की जाल में न हीं फंसे। साइबर फ्रॉड होने से 1930 नंबर पर कॉल करे व राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शीघ्र शिकायत दर्ज करायें और ट्रांजेक्शन ब्लॉक करायें। इसमें देरी होने से गोल्डन आवर खत्म हो जाती है। इस अवसर पर सीएससी मैनेजर, ई जिला प्रबंधक, डीपीओ यूआइडी, कंप्यूटर ऑपरेटर, वीएलई सहित कार्यालय के अन्य लोग मौजूद रहे।

# डालसा सचिव ने घाटशिला जेल का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार जमशेदपुर के सचिव राजेन्द्र प्रसाद ने घाटशिला जेल का निरीक्षण किया। बुधवार को निरीक्षण के दौरान सचिव राजेन्द्र प्रसाद ने जेल में कैदियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जेल प्रशासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने कैदियों के अधिकार व जेल मैन्युअल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही डालसा के कार्य व उसके उद्देश्यों पर भी विस्तार से प्रकाश डाले। घाटशिला जेल भ्रमण के दौरान डालसा सचिव के साथ जेल अधीक्षक अजय कुमार प्रजापति सहित अन्य शामिल रहे।

## महाकुंभ जा रही इनोवा कार और ट्रक में भीषण टक्कर

# हादसे में एक की मौत, तीन गंभीर, दो अन्य भी घायल

**निर्माणाधीन फोरलेन एनएच 75 पर मेराल के लातदाग में हुआ हादसा**

**कार में सवार अरविंद कुमार के आवेदन पर ट्रक संख्या यूपी 64 बीटी 9471 पर मेराल थाना में प्राथमिक दर्ज**

आजाद सिपाही संवाददाता

दुर्घटना में घायल युवक और दुर्घटनाग्रस्त इनोवा कार।

**मेराल (गढ़वा)।** निर्माणाधीन फोरलेन एनएच 75 पर थाना क्षेत्र के लातदाग के समीप बुधवार की प्रातः 4 बजे एक ट्रक और इनोवा कार की भीषण टक्कर हो गयी। हादसे में रांची सचिवालय के सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के पिता रांची हटिया के प्रेम नगर निवासी शंभू कुमार राय की मौत मौके पर ही हो गयी, जबकि अन्य तीन गंभीर रूप से घायल हो गये, जबकि कर में सवार दो अन्य को भी चोटें लगी।

जानकारी के अनुसार रांची हटिया के प्रेम नगर से इनोवा कार जेएच 05 एल 3411 से अरविंद कुमार पिता उपेंद्र कुमार सिंह और सहायक प्रशाखा पदाधिकारी संदीप कुमार पिता शंभू कुमार राय एवं उनके पूरा परिवार के लोग एक साथ महाकुंभ में जा रहे थे, इसी बीच लातदाग गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रही कोयला लदे ट्रक से भीषण टक्कर हो गयी। हादसे में अरविंद कुमार 46 वर्ष पिता उपेंद्र प्रसाद सिंह, आदित्य सिंह 13 वर्ष पिता अरविंद कुमार, राधा देवी पति शंभू कुमार राय, संदीप कुमार राय 36 वर्ष पिता अवधेश कुमार सिंह और अखिलेश यादव 27 वर्ष पिता प्रमोद यादव घायल हो गये। जानकारी मिलने पर मेराल थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को मेराल सीएचसी तथा गंभीर रूप से घायल लोगों को सदर अस्पताल गढ़वा पहुंचाया। मेराल सीएचसी में शंभू कुमार राय को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया तथा घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। बाद में जानकारी घटना की जानकारी मिलने पर सीओ यशवंत नायक सीएचसी में पहुंच कर घटना की जानकारी ली तथा मृतक के परिजन से संपर्क किया तथा अन्य घायलों का हाल जाना। घायल अरविंद कुमार के आवेदन पर मेराल थाना में ट्रक संख्या यूपी 64 बीटी 9471 पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए ट्रक के चालक शंकर कुमार पंडित को हिरासत में लिया गया है तथा दुर्घटनाग्रस्त ट्रक तथा इनोवा कर को कब्जे में लेकर थाना लाया गया।

## कटे-फटे नोट बदलने को लेकर शिविर का आयोजन आज

**घाघरा (आजाद सिपाही)। बैंक ऑफ इंडिया शाखा के द्वारा घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य गेट के समीप आगामी 13 फरवरी को कटे-फटे नोट बदलने को लेकर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस आशय की जानकारी देते हुए बैंक के ब्रांच मैनेजर मयंक कंडुलना ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को कटे-फटे नोट होने के कारण साप्ताहिक हाथों में बिजलियों के माध्यम से नोट बदली की जाती है, जिसमें 30 से 40 प्रतिशत पैसे की कटौती होती है। जिसे लेकर बैंक आफ इंडिया के द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आगामी 13 फरवरी को दिन के 11 बजे से 3 बजे तक शिविर का आयोजन होगा। जिसमें पुराना फटा नोट दो टुकड़ा नोट को बदलकर सिक्का या नोट पूरी लगत का मूल्य दी जायेगी।**

## जेइइ मेंस में सफल हुआ गुमला का हर्ष, माता और पिता को डीएवी में किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** इंजीनियरिंग में नामांकन के लिए आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य के जारी परीक्षा परिणाम में गुमला के बैंक कालोनी निवासी डीएवी के शिक्षक चंदन झा और मनीषा झा के पुत्र हर्ष झा ने 100 परसेंट अंक हासिल कर सफलता के मुकाम को हासिल किया है। इस परीक्षा में 14 विद्यार्थियों ने 100 परसेंटाइल अंक हासिल किया है, जिसमें पूरे झारखंड से एक मात्र छात्र हर्ष जो गुमला के डीएवी स्कूल का पूर्व छात्र है। हर्ष ने नर्सरी से दसवीं तक की पढ़ाई डीएवी गुमला में किया है। दसवीं बोर्ड में हर्ष ने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर स्टेट में थर्ड टॉपर रहा था। हर्ष के इस उपलब्धि के लिए डीएवी स्कूल के प्राचार्य डॉ रामाकांत साहु ने विद्यालय परिवार की ओर से हर्ष के पिता चंदन झा और माता मनीषा झा को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कहा कि हर्ष ने अपनी उपलब्धि से डीएवी गुमला को हर्षित किया है। कहा कि जब हमारे विद्यालय के विद्यार्थी ऐसे स्वर्णिम मुकाम को हासिल करते हैं तो हम शिक्षकों का परिश्रम सफल हो जाता है। विद्यालय और शिक्षकों के प्रति अभिभावकों का विश्वास बढ़ता है। विद्यालय में सम्मान के लिए हर्ष के पिता चंदन झा और माता मनीषा झा भावुक हो गये। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को धन्यवाद देते हुए कहा कि डीएवी हर्ष को एक मजबूत शैक्षणिक नींव प्रदान किया। मनीषा झा ने कहा कि हर्ष मोबाइल से दूर रहता था। हर्ष के सफलता का कारण शिक्षक और उसका स्वाध्याय परिश्रम है। सम्मान समारोह में पवित्र कुमार मोहंती, सुशांत कुमार, अभिजीत झा, संजुक्ता खटुआ, अभिजीत झा उपस्थित थे।

## गुमला चेंबर का प्रतिनिधिमंडल नगर परिषद के प्रशासक से मिला

**गुमला।** गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधि मंडल चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के अध्यक्षता में गुमला नगर परिषद के प्रशासक संजय मरांडी से औपचारिक मुलाकात की। सर्वप्रथम नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की सूची प्रशासक को सौंपी गयी, उसके उपरांत नगर में साफ-सफाई और अन्य कई समस्याओं पर चर्चा हुई। विशेष रूप से बाजार टांड में पंजाबी गली से लेकर बाजार को जोड़ने के लिए जो पीसीसी रोड है उसे दीवार देकर बंद कर दिया गया है जिससे आम नागरिकों को काफी कठिनाई हो रही है, इसी दीवार में एक द्वार खोलने की मांग की गयी। साफ सफाई के संबंध में बहुत सारी संकीर्ण गलियां है, जहां हाथ गाड़ी के द्वारा साफ सफाई कराने पर सहमति बनी और भी अन्य बिंदुओं पर प्रशासक की तरफ से सकारात्मक आश्वासन मिला। मौके पर चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ सचिव बबलू वर्मा, सह सचिव प्रणय साहू, पीआरओ प्रतीक अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## संप्रेषण गृह गुमला के किशोर ने जेइइ मेंस में सफलता प्राप्त किया

**गुमला (आजाद सिपाही)। संप्रेषण गृह गुमला में एक किशोर जो एक मामले में संप्रेषण गृह में है, वहां किशोर न्याय बोर्ड के आदेश से प्रशासन के देखरेख में धनबाद ले जाकर जे ई एग्जामिनेशन दिलाया गया और आज वह किशोर उस एग्जामिनेशन में सफलता प्राप्त किया। इसकी सूचना मिलने पर प्रधान जिला में सत्र न्यायाधीश ध्रुव चंद्र मिश्र, एडीजे प्रथम प्रेम शंकर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामकुमार लाल गुप्ता, संप्रेषण गृह गुमला पहुंचे और उक्त किशोर से मिलकर उसे माला पहनाया एवं पेन गिफ्ट किया तथा मिठाई खिलाकर बधाइयां दी। प्रधान जिला जज ने अन्य बच्चों को भी पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सभी बच्चे भी समय का सदुपयोग करते हुए अच्छी तरह से पढ़ाई लिखाई करें। संप्रेषण गृह में पढ़ाई लिखाई की सुविधा उपलब्ध है। मौके पर न्यायिक पदाधिकारी सह अध्यक्ष किशोर नया बोर्ड रीमा कुमारी, न्यायिक पदाधिकारी प्रतिक राज, एलएडीसी के प्रमुख डीएन ओहदर, पीएलए के नवचयनित सदस्य शंभू सिंह, संप्रेषण गृह के अधीक्षक अविनाश कुमार गिरी, एलपीओ कन्हैया कुमार और संप्रेषण गृह के किशोर उपस्थित थे।**

## 45 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गुमला (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के बरिसा नकटी टोली गांव में 45 वर्षीय महावीर उरांव ने घर में पंखा में रस्सी के सारे फंदा बनाकर फांसी लगा ली। घटना बुधवार दिन के 2:00 बजे की है शाम 5:00 बजे पोस्टमार्टम के लिए शव को सदर अस्पताल लाया गया। जहां पंचनामा करने के उपरांत शव का पोस्टमार्टम किया गया। जानकारी देते हुए मृतक के पुत्र सुलेद्र उरांव ने बताया कि मैं नहाने गया था घर पर मेरे पिता अकेले थे, जब घर लौटा तो देखा की कमरे में पंखे के सहारे रस्सी से फंदा बनाकर मेरे पिताजी झूल रहे थे। घटना की जानकारी अगल-बगल के लोगों को दी जिसके बाद पुलिस पहुंची और मेरे पिता के शव को फंदे से उतारा। इसके बाद सदर अस्पताल में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।**

## संत रविदास का जीवन आज भी प्रेरणादायी : निदेशक

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय जीएन कान्वेंट स्कूल गढ़वा के सभागार में संत रविदास जी की जयंती समारोह बड़े ही धूमधाम से मनायी गयी। सभा को संबोधित करते हुए निदेशक ने कहा कि संत रविदास सनातन धर्म और संस्कृति के संवाहक थे। इनका पदार्पण ऐसे समय में हुआ जब समाज में कई तरह की कुरीतियां विद्यमान थी। छुआछूत, उच्च नीच, सांप्रदायिकता, जातिवाद बहुतदेव वाद, मूर्ति पूजा, बलि पूजा आदि से सभी ग्रसित थे। उन्होंने समाज को एक नई दिशा प्रदान की। भेदभाव, समरसता, समता, स्वतंत्रता और बंधुता की स्थापना कर जन-जन के लिए मिसाल कायम किया। मंच संचालन खुर्शीद आलम जबकि धन्यवाद, सरिता दुबे, नीलम, मुकेश, सुनीता, शिवानी, ज्योति, रागिनी, ऋषभ आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## वृद्ध दंपति की हत्या करने वाला पकड़ाया

**मझिआंव (आजाद सिपाही)। कांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत 11 फरवरी को ग्राम जतरो में एक दंपति की हत्या करने का मामला प्रकाश में आयी थी। इस कांड में पुलिस अधीक्षक गढ़वा और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गढ़वा के निर्देशानुसार कांड को त्वरित अनुसंधान करते हुए कांड के अभियुक्तों के गिरफ्तारी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गढ़वा नीरज कुमार के नेतृत्व में टीम गठित किया गया। 12 फरवरी को कांड के त्वरित अनुसंधान के क्रम में कांड के प्रारंभिक अभियुक्त फुलटन रजवार उर्फ सूजीत रजवार पिता नरेश रजवार को गिरफ्तार किया गया तथा हत्या करने में प्रयुक्त किये गये खुन लगे सब्बल और घटनाकारित के समय फुलटन रजवार उर्फ सुजीत रजवार के द्वारा पहना हुआ कपड़ा को पुलिस द्वारा बरामद किया गया है।**

## सामूहिक विवाह के लिए रमना प्रखंड में चलाया गया भिक्षाटन अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के रमना प्रखंड में कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास माली और उनकी टीम ने भिक्षाटन अभियान चलाया। कार्यक्रम की शुरूआत भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गयी। इस अभियान के तहत प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जाकर 351 कन्याओं के सामूहिक विवाह के लिए सहयोग जुटाया गया। विकास माली ने कहा कि यह अभियान समाज में सामूहिक विवाह की परंपरा को मजबूत करने और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहायता देने के लिए चलाया जा रहा है। उन्होंने संपन्न वर्ग और सामाजिक संगठनों से अपील की कि वे इस नेक कार्य में सहयोग दें, ताकि 351 बेटियों का विवाह सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। भिक्षाटन से जुटाए गए धन का उपयोग शादी समारोह की आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए किया जायेगा। इस अभियान में कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास माली, रमना प्रमुख करुणा सोनी, मरवानिया मुखिया स्वीटी वर्मा, सिलिदाग मुखिया अनिता देवी, अजित सोनी, मंजर खान, मुकेश कुमार, रौशन कुमार, विकास तिवारी, विभूति पांडेय समेत कई लोग उपस्थित थे।

## हमें संत रविदास के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए : देवव्रत सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बुधवार को संत रविदास जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण व दिपार्जन किया गया। विद्यालय के शिक्षक देवव्रत सिंह ने कहा कि हमें संत रविदास के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने समाज में जाति-भेद और छुआछूत जैसी कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई और समता, प्रेम और भक्ति का संदेश दिया। संत रविदास का जन्म 15वीं शताब्दी में वाराणसी के सीर गोवर्धनपुर गांव में हुआ था। समाज में फैले भेदभाव को खत्म करने के लिए समर्पित थे। उनकी रचनाओं में ईश्वर की भक्ति, प्रेम और समानता का संदेश मिलता है। उनके दोहे और पद आज भी लोगों को प्रेरित करते हैं। पारसनाथ नंद, जलेश्वर भगत, शसिलता देवी, अनिता नंदा, खुशी कुमारी, सहदेव सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## कुंभ स्नान के दौरान चंद्रधन अपने परिवार से बिछड़े

फाइल फोटो : चंद्रधन सिंह।

**कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत हरिहरपुर पंचायत के बत्तो गांव निवासी चंद्रधन सिंह पिता स्व. लिखनू सिंह उम्र 73 वर्ष कुंभ स्नान के दौरान अपने परिवार के सदस्यों से बिछड़ गये, उसके बाद से वे लापता हैं। विदित हो कि बीते 11 फरवरी 2025 को अपने परिवार वर्ष के संबंधियों के साथ कुंभ स्नान करने के लिए गये हुए थे। चंद्रभान सिंह पिता लिखनू सिंह की पहचान के लिए उनका विवरण जारी किया गया है। वे उनकी ऊंचाई 5 फिट 4 इंच, रंग गेंहुआ तथा वे शरीर पर आसमानी रंग का इनर तथा हल्का नीला व काले रंग की चेकदार लूंगी पहने हुए हैं। परिवार वालों ने कुंभ में मौजूद सभी श्रद्धालुओं से मदद करने की गुहार लगायी है। चंद्रभान सिंह के विषय में कोई भी जानकारी मिलने पर उनके परिजन अरुण कुमार सिंह मोबाइल नंबर 7461079487 पर संपर्क करें।**

## संत रविदास भारत के महान संतों में से एक हैं : मिथिलेश

**पूर्व मंत्री ने मनायी संत शिरोमणि गुरू रविदास की जयंती**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** संत शिरोमणि गुरू रविदास की 648वीं जयंती जिले भर में काफी धूमधाम से मनायी गयी। मौके पर श्री ठाकुर ने कहा कि संत रविदास भारत के महान संतों में से एक हैं। संत रविदास ने अपने वचनों व दोहों से भक्ति की अलग छाप दुनिया में छोड़ी। आज भी लोग उन्हें अपनी जेहन में बसाये हुए हैं। हम सभी उनके बताये मार्गों पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। पूर्व मंत्री ने कहा कि संत रविदास ने समाज से उंच-नीच का भेदभाव समाप्त करने एवं समता मूलक समाज की स्थापना करने में अपना पूरा जीवन लगा दिया। उन्होंने समाजिक समानता के लिए अपनी आवाज उठाई और इस विषय के बारे में लोगों को जागरूक किया था। श्री ठाकुर ने कहा कि गुरू रविदास के कहे हुए कई वचन - कोई भी व्यक्ति जन्म से छोटा या बड़ा नहीं होता है, लेकिन अपने कर्मों से छोटा-बड़ा होता है। भगवान उस व्यक्ति के हृदय में वास करते हैं, जहां किसी तरह का बैर भाव नहीं होता है आदि एवं उनके दोहे आज भी जीवंत हैं। उन्होंने कहा कि यदि हम सभी उनके वचन मानव सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है को अपना लें तो गुरू रविदास की जयंती मनाना सार्थक होगा। मौके पर केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, ज़िलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, जवाहर पासवान, मेराल प्रमुख दीपमाला, केंद्रीय सदस्य शंभु राम, मुखिया मुखराम भारती, मुन्ना राम, संजय राम, सुरेंद्र यादव, गुड्डू राम, दशरथ प्रसाद, राजेश बैठा, राजा सिंह, प्रियम सिंह, चंदन जायसवाल आदि लोग उपस्थित थे।

## सिसई : ट्रेन की चपेट में आने से एक की मौत

**सिसई (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के निमडा गांव निवासी आंगनबाड़ी सेविका सुकरो देवी के 30 वर्षीय पुत्र विकास उरांव की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी। मृतक के चचेरे भाई बबलू उरांव ने जानकारी देते हुए बताया कि एक सप्ताह पूर्व काम की तलाश में विजयवाड़ा गया हुआ था। काम नहीं मिलने के कारण दोनों भाई घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान झारसुगुड़ा रेलवे स्टेशन में रात्रि 11 बजकर 14 मिनट में विकास कुछ सामान खरीदने के लिए ट्रेन से नीचे उतरा तभी ट्रेन चलने लगी और वह छूट गया। वहीं परिजनों से फोन के माध्यम से लगातार बात होती रही, परिजन लोकेशन के माध्यम से उसको लेने के लिए रात में ही घर से निकले थे, परंतु मंगलवार की सुबह 7 बजकर 30 मिनट में ट्रेन की चपेट में आने से विकास की मौत हो गयी।**

## किन्नरों की शिक्षा, स्वरोजगार, पेंशन, पहचान पत्र आदि की दिशा में होगी पहल : एसडीओ

**एसडीएम ने किन्नर समूह को कॉफी पर आमंत्रित कर किया संवाद**

**'थर्ड जेंडर' समुदाय की समस्याओं को सुना, सुझाव भी लिये**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत इस सप्ताह के 'कॉफी विद एसडीएम' में आमंत्रित समूह के रूप में क्षेत्र के किन्नर (थर्ड जेंडर) समुदाय के लोगों ने भाग लिया। बुधवार पूर्वाह्न 11:00 से 12:00 बजे के बीच आयोजित हुये इस कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने गढ़वा क्षेत्र में निवासरत थर्ड जेंडर/किन्नर समुदाय के लोगों के साथ अपने सभाकक्ष में कॉफी के दौरान संवाद किया। इस दौरान आमंत्रित सदस्यों ने अपनी निजी समस्याओं के अलावा किन्नर समूह के कल्याण से जुड़े कुछ सामूहिक विषयों को रखा। संजय कुमार ने उपस्थित सभी को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं और शिकायतों का यथासंभव निस्तारण करने का प्रयास किया जायेगा।

कार्यक्रम के दौरान राधा, सिमरन, पिंकी, सानिया, गंगा, जूली, मुस्कान, लिपि, श्रद्धा, पीहू आदि ने अपने विचार रखे। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार दीपक सिंहा, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी और जिला समन्वयक भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

### कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का होगा प्रयास

संजय कुमार ने सभी किन्नर सदस्यों की विवरणी एकत्रित करते हुए सभी से अपील की कि वे सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने के लिए पंजीकरण करवाने हेतु आगे आएं, जिले के संबंधित विभाग के पदाधिकारी उनकी हर संभव मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सामान्य रूप से निवास कर रहे किन्नर सबसे पहले मतदाता सूची में अपना पंजीकरण जरूर करवायें।

### आवास, आइ कार्ड, स्वास्थ्य की समस्याएं को रखा

किन्नर समुदाय के लोगों ने अपने-अपने स्तर पर अलग-अलग समस्याओं और मांगों को रखा। गढ़वा की राधा किन्नर ने कहा कि उन्होंने कल्याणपुर के पास जमीन तो खरीद ली है किंतु उनके पास घर बनाने के लिए पैसे नहीं है इसलिए यदि आवास योजना से उनको लाभ मिल जाए तो बहुत अच्छा होगा। वही पिंकी किन्नर ने कहा कि उन लोगों के लिए पहचान पत्र उपलब्ध करवाया जाये। एसडीओ ने कहा कि उन सभी की मांगों को संबंधित पदाधिकारियों के पास अग्रसारित किया जा रहा है।

### कैंप लगा कर दिया जायेगा लाभ

संजय कुमार ने उपस्थित किन्नर सदस्यों की समस्याओं को सुनकर कहा कि जल्द ही उनकी ज्यादातर मांगों के संदर्भ में कैंप लगाकर उन्हें संबंधित सरकारी योजनाओं का लाभ देने का प्रयास किया जायेगा।

### जागरूकता कार्यक्रमों का एंबेसडर बनने की अपील

एसडीओ ने उपस्थित किन्नरों से अपील की कि वे विभिन्न सरकारी जागरूकता परक कार्यक्रमों जैसे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, सड़क सुरक्षा कार्यक्रम, स्वच्छ भारत मिशन आदि के ब्रांड एंबेसडर बन कर समाज में अपना रचनात्मक योगदान दें।

## कर्म ही पूजा है, संत रविदास ने इसे सिद्ध किया : देवेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** रंजीत नारायण सिंह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुदरा में बुधवार को संत रविदास जयंती धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य व दीदीयों ने दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। इस दौरान जयंती प्रमुख मृत्यंजय कुमार मिश्र ने कहा कि संत रविदास, संत कबीर, संत तुलसीदास, गुरु नानक देव, सभी एक ही भक्ति परंपरा के अनुयायी थे। इन्हें आत्मज्ञान प्राप्त हुआ और प्रेम इनकी रचनाओं का मूल बिंदु रहा। संत रविदास के बारे में कक्षा षष्ठम के हर्ष, दिव्या, सृष्टि, कक्षा सप्तम से कुमकुम व अन्य भैया बहनों ने अपने अपने विचार व्यक्त किया। वहीं प्रधानाचार्य देवेंद्र वर्मा ने कहा कि कर्म ही पूजा है। संत रविदास ने इसे सिद्ध किया और अपना कर्म करते हुए ही अपने कठौती में मां गंगा को प्रकट होने के लिए मजबूर कर दिया। इसलिए कहा जाता है कि मन चंगा तो कठौती में गंगा। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य-आचार्या और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## लाखों की लागत से बना शौचालय लगभग 2 वर्षों से बंद

**घाघरा (आजाद सिपाही)। घाघरा चांदनी चौक स्थित पेयजल और स्वच्छता विभाग से बने शौचालय लगभग 2 वर्षों से बंद पड़ी हुई है। जिससे आम राहगीरों, दुकानदारों और ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। राहगीरों और ग्रामीणों ने बताया कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा लगभग 3 वर्ष पूर्व लाखों रुपये की लागत से उक्त शौचालय का निर्माण कराया गया था। बावजूद शौचालय कुछ दिनों तक खुली जिसके बाद से वह बंद पड़ा हुआ है। आम राहगीरों और ग्रामीणों को शौच और लघु शंका के लिए नदी का सहारा लेना पड़ रहा है। खासकर महिलाओं को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। उक्त चांदनी चौक में घाघरा से नेतरहाट घाघरा से गुमला और घाघरा से लोहरदगा का केंद्र बिंदु है। वहीं ग्रामीणों ने उपायुक्त गुमला से उक्त शौचालय को खुलवाने की मांग की है, ताकि लोगों को उसका लाभ मिल सके।**

## नवविवाहिता से बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

**मझिआंव (आजाद सिपाही)। कांडी थाना क्षेत्र के राजाघटहुआ गांव में नवविवाहिता के साथ बलात्कार का मामला सामने आया है। पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी अजीत कुमार पासवान को गिरफ्तार कर गढ़वा जेल भेज दिया। पुलिस इंस्पेक्टर व थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने प्रेस वार्ता में जानकारी दी कि पीड़िता का पति बाहर काम करता है। इसी दौरान गांव का युवक अजीत कुमार पासवान उसके संपर्क में आया। आरोपी ने पीड़िता के घर जाकर उसके साथ बलात्कार किया और उसकी फोटो व वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी। ब्लैकमेलिंग के जरिये वह लगातार पीड़िता का शोषण करता रहा। पीड़िता की शिकायत पर कांडी थाना में केस संख्या 14/2025 के तहत मामला दर्ज किया गया। बुधवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। प्रेस वार्ता में कांडी थाना प्रभारी अविनाश राज और पुलिस अवर निरीक्षक विद्यासागर प्रसाद भी मौजूद थे।**

## एससी एसटी ओबीसी एकता मंच डकरा ने संत शिरोमणि रविदास जयंती मनायी

**खलारी (आजाद सिपाही)।** एससी एसटी ओबीसी एकता मंच डकरा के तत्वाधान में बुधवार को अंबेडकर पार्क डकरा में एक सादा समारोह आयोजित कर संत शिरोमणि रविदास की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के कार्यकारी अध्यक्ष देवपाल मुंडा ने की। वहीं कार्यक्रम में सर्वप्रथम संत शिरोमणि रविदास के तस्वीर पर दीप प्रज्जवलित कर एवं माल्यार्पण कर किया। साथ ही बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर भी उपस्थित लोगों ने माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया। इस दौरान उपस्थित मंच के सदस्यों ने बारी बारी से संत रविदास के विचारों को रखा और उनका जीवन परिचय दिया। इस अवसर मुख्य रूप से देवपाल मुंडा, कंहाई पासी, राम परीखा राम, नारद राम, बिंदेश्वरी राम, रामदेव राम, सुखराम सेठ, परमेश्वर राम, रामबचन राम, बरतु मुंडा, अमर लाल सतनामी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## तनाव मुक्त और एकाग्र होकर करें परीक्षा की तैयारी : सकलदीप भगत

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटठर में बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक सकलदीप भगत ने दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के साथ द्वीप प्रज्वलित कर किया। आठवीं और नौवीं के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रमों से समा बांध दिया, वहीं सीनियर छात्राओं ने अपने अनुभवों को साझाा किया। संस्थान तीन माह पूर्व से बोर्ड के परीक्षार्थियों के लिए साप्ताहिक जांच परीक्षा आयोजित कर रहा था। इस दौरान कई नागपुरी और हिंदी गानों पर रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी छात्र-छात्राएं मेहनत और ईमानदारी के साथ अपने निर्धारित लक्ष्य की ओर अग्रसर रहें। उन्होंने कहा कि आपने जो कुछ संस्थान से सीखा है, अपने जीवन में उसे अवश्य चरितार्थ करें। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, आप तनावमुक्त और एकाग्र होकर परीक्षा की तैयारी करें। परीक्षा को एक उत्सव के रूप में लें, जिससे आपको सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी। अंत में सभी छात्र-छात्राओं को बेस्ट ऑफ लक गिफ्ट दिया गया।। मौके पर शिक्षिका रिया, अंजलि, सावित्री, प्रियंका, कशिश एवं गौरी के अलावा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## पिपरवार के बिलारी गांव में महायज्ञ को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बिलारी गांव मे ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता बसंत नारायण महतो और संचालन मुंशी राम ने किया। बैठक में आचार्य पंडित जयनंदन मिश्रा के निर्देश पर महायज्ञ की तिथि को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से आचार्य के निर्देश पर 30 अप्रैल को ध्वजारोहण करने का निर्णय दिया गया। वहीं बैठक में 15 मई से 19 मई तक पांच दिवसीय महायज्ञ करने पर सहमति बनी। ग्रामीणों ने बताया कि 15 मई को कलश यात्रा के साथ महायज्ञ की शुरूआत की जायेगी। वहीं शाम को पचांग पूजा,16 मई को यज्ञ मंडप प्रवेश और वेदी पूजन, 17 मई को रुद्राभिषेक, वेदी पूजन, 18 मई को पूजन, हवन यज्ञ और 19 मई को महायज्ञ की पूणार्हुति एवं भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। बैठक मे बसंत नारायण महतो, मुंशी राम, अमर कुमार महतो, पंकज कुमार,विजयलक्ष्मी देवी, तारा देवी,प्रभा देवी सहित काफी संख्या में महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

## न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर में मनायी गयी संत शिरोमणि रविदास जयंती

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर में बुधवार को संत शिरोमणि रैदास जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल की प्राचार्या टाका नारो जमिर के द्वारा दीप प्रज्वलित कर और संत रविदास जी की पूजा अर्चना कर की गयी। कार्यक्रम मे स्कूल की प्रधानाचार्य टाका नारो जमिर ने संत रैदास जी के जीवन और उनके संदेशों के बारे में विस्तार से बताया। वही विद्यालय की प्रबंधक रेहाना परवीन ने कहा कि संत रविदास जी ने समाज में व्याप्त असमानता और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई थी और उन्होंने सबको एकता और समानता का संदेश दिया था। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के निदेशक मोहम्मद साहिल ने कहा कि संत गुरु रविदास जी ने जाति-पाति के भेदभाव को खत्म करने के लिए काफी काम किया। इसलिए उनके सम्मान में हर साल उनके जन्मदिन को गुरु रविदास जयंती के रूप में मनाया जाता है। इसी के साथ विद्यालय के शिक्षक उमेश कुमार ने कहा कि संत रविदास जी के संदेश प्रासंगिक हैं और हमें उनके उपदेशों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

## धमधमिया में मनायी गयी संत रविदास की जयंती

**खलारी (आजाद सिपाही)।** तुमांग पंचायत के धमधमिया में रविदास समाज के द्वारा संत शिरोमणि रविदास की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण किया। साथ ही पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया गया। उसके बाद धमधमिया चैक पर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया। विनोद कुमार ने संत रविदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत रविदास का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उपस्थित लोगों ने संत रविदास के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर बलराम राम, विनय कुमार, रंजीत राम, राजकुमार राम, रोहित राम, अयोध्या राम, कृष्णा राम, शिबु दास, सविता देवी आदि उपस्थित थे।

# साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल के पूर्व चार छात्र ने जेइइ मेंस में सफलता अर्जित की

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल से 10वीं तक की पढ़ाई करने वाले चार छात्र हिमांशु कुमार, यश राज, हरेकृष्ण गोराई और आदित्य अग्रवाल ने जेइइ मेंस में शानदार सफलता अर्जित की है। हिमांशु को 99.08, यस को 97.39, हरेकृष्ण 92.9 और आदित्य को 92.1 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त हुए हैं। चारों छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सुभाष कुमार पाटनी और अपने माता पिता को दिया है। छात्रों ने बताया कि कक्षा 8वीं से ही उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन और अतिरिक्त कक्षाएं साउथ प्वाइंट में करवायी गयी, जिससे उन्हें बहुत मदद मिली। छात्रों ने अपने आगे के लक्ष्य जेइइ एडवांस के लिए तैयारी शुरू कर दी है। अपने पूर्ववर्ती छात्रों की सफलता पर साउथ प्वाइंट के प्राचार्य सुभाष कुमार पाटनी ने विद्यालय में छात्रों के सम्मान समारोह के दौरान उनकी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। विद्यार्थियों की सफलता पर पूरे पांच परगना क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

## सीएचसी संचालक की मनमानी से हो रही वारदात

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ थाना क्षेत्र के रगामाटी तुड़ाई रोड पर दिन दहाड़े हथियार का भय दिखाकर ग्राहक सेवा केंद्र से पांच लाख रुपये लुट लिये। घटना से कई सवाल खड़े किये हैं। पिछले साल अड़की में भी एक सीएचसी संचालक लड़की से गोली मारकर तीन लाख रुपये लुट लिये गये थे। बिना सुरक्षा के पांच से छह लाख रुपये रखकर ग्राहक को देते हैं। आजकल ये संचालक बैंक के इर्द गिर्द ही केंद्र खोले लेते हैं और अपना कारोबार चलाते हैं। जबकि इन केंद्रों को सुदुर ग्रामीण क्षेत्रों के पंचायतों में खोलकर जरुरत मंदों को दस से पंद्रह हजार ही देना है। साथ ही बैंक के खाताधारक को सुविधा पहुंचाना है, लेकिन इसके विपरित ये केंद्र काम करते हैं। अपने बैंक से मिलने वाले कमीशन के अलावे ग्राहक से मनमानी अवैध रकम ले लेते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बैंक जाने से कतराते हैं और बैंक में भीड़ के चलते भी जाना नहीं चाहते हैं। आज की यह घटना भी ऐसे ही है अपराधी पहले से ही तैयारी किये थे, और जैसे ही केंद्र के कर्मचारी बैंक में आये ग्राहक बनकर घुस गये और कांड को अंजाम देकर चलते बने।

## झामुमो लपरा पंचायत और हुटाप पंचायत कमेटी का हुआ गठन

**खलारी (आजाद सिपाही)।** झामुमो प्रखंड संयोजक मंडली की बैठक बुधवार को लपरा पंचायत के महतो टोला एवं हुटाप पंचायत के हुटाप मोड में बैठक हुई। दोनों जगहो पर बैठक की अध्यक्षता संयोजक प्रमुख अनिल पासवान किया। वहीं लपरा पंचायत में संचालन रंथु उरांव एवं हुटाप पंचायत में संचालन कलीम रिजवी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से लपरा पंचायत एवं हुटाप पंचायत में सदस्यता अभियान चलाया गया। साथ ही लपरा पंचायत एवं हुटाप पंचायत कमेटी की गठन किया गया। जिसमें लपरा पंचायत कमिटी के अध्यक्ष प्रदीप यादव, उपाध्यक्ष उमेश यादव, राजेश यादव, रोशन लोहार, सचिव रजनीश भगत, सहसचिव प्रशांत गिरी, संगठन सचिव सुनील यादव, अंकित यादव, राजू यादव, कोषाध्यक्ष अमित सिंह, सह कोषाध्यक्ष राजेश महतो के अलावा कार्यकारी सदस्यों में मुकेश यादव सहित अन्य को शामिल किया गया है। वहीं हुटाप पंचायत कमिटी में अध्यक्ष मानती देवी, उपाध्यक्ष मनीता देवी, सोनी देवी, सचिव फलिंदर मुंडा, कोषाध्यक्ष काजल कुमारी सहित कार्यकारिधी सदस्यों में पायल खंडित, सपना देवी को शामिल किया गया है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में संत रविदास जयंती मनायी गयी

**खलारी (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में बुधवार को संत रविदास जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा ने संत रविदास जी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। मौके पर प्रधानाचार्य ने कहा कि हमें जात-पात से ऊपर उठकर उनके जीवन के आदर्शों का पालन करना चाहिए तभी हमारे जीवन सार्थक हो सकते हैं और हम अपने देश को आगे ले जा सकते हैं देश का विकास कर सकते हैं। उन्होने कहा कि वे एक महान संत, विचारक, कवि के रूप में जाने जाते हैं। उनके द्वारा कही गई 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' इसका क्या मतलब है जिस व्यक्ति को इस के अर्थ का पता चल गया उसका जीवन सफल हो गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में आचार्य शेषनाथ शर्मा ने 'प्रभुजी तुम चंदन हम पानी' जैसे कथनों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य दीदी जी आदि मौजूद थे।

## डीएवी खलारी में हर्षोल्लास से मनायी गयी स्वामी दयानंद सरस्वती जी की जयंती

**खलारी (आजाद सिपाही)।** डीएवी स्कूल खलारी में आधुनिक भारत के चिंतक और आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती जी की जयंती बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। विद्यालय के प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार ने स्वामी दयानंद सरस्वती जी के चित्र पर शिक्षकों के साथ संयुक्त रूप से माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की। साथ ही उपस्थित सभी शिक्षकों एवं विद्यालय के अन्य कर्मचारियों ने पुष्पांजलि देकर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार ने उपस्थित शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी जी आजीवन समाज को धार्मिक आडंबरों, अंधविश्वासों और अज्ञानता से जागरूक करने में लगे रहे। उन्होंने वेदों की ओर लौटो का नारा देकर लोगों में सनातन संस्कृति के प्रति विश्वास की भावना जागृत की। स्वामी दयानंद सरस्वती नारी शिक्षा एवं हिंदी के पुरजोर समर्थक थे। उन्होंने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का पुनरुत्थान किया। कहा कि स्वामी जी के सपनों को आज हमारी डीएवी शिक्षण संस्थाएं साकार करने में जुटी हुई हैं। प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार ने सभी उपस्थित लोगों को स्वामी जी के सपनों को साकार करने में ईमानदारी से जुड़ने का आह्वान किया। इससे पहले सुबह से ही विद्यालय प्रांगण में स्वामी जी के भजनों से माहौल भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर विद्यार्थी एवं सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।

## खूंटी के तीन स्वाथ्य उपकेंद्रों को मिला क्वालिटी सर्टिफाइड का दर्जा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी ।** खूंटी जिले के तीन सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान एएएम एसएचसी जरियागढ़, एएएम एसएचस और एएएम एसएचस बुरजू को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत क्वालिटी सर्टिफाइड का दर्जा प्राप्त हुआ है। यह प्रमाणन नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसोर्स सेंटर द्वारा किया गया, जो भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत कार्यरत है। जिला प्रशासन द्वारा बुधवार को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि ये तीनों स्वास्थ्य संस्थान जनवरी 2025 में संपन्न राष्ट्रीय स्तर के बाह्य मूल्यांकन में शामिल हुए थे, जहां इनकी गुणवत्ता, सेवाओं और आवश्यक मापदंडों की कठोर जांच की गयी। **एएएम एसएचस जरियागढ़रू 90.18 प्रतिशत, एएएम एसएचस बिरदा 88.66 प्रतिशत और:** एएएम एसएचस बुरजू 88.26 फीसदी। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन यह सुनिश्चित करता है कि इन स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। यह उपलब्धि जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सा कर्मियों के समर्पण का परिणाम है। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने इस उपलब्धि पर प्रसंनता व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रमाणन जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और नागरिकों को बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों, चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि वे आगे भी सेवा की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए प्रयासरत रहें। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक का उद्देश्य देशभर के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों की सेवाओं को एक निर्धारित मानक के अनुरूप बनाना है, जिससे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

# जेइइ मेंस में कस्तूरबा गांधी विद्यालय खूंटी की 17 बेटियों ने सफलता हासिल की

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** कस्तरबा गांधी विद्यालय खूंटी की 17 बेटियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित परीक्षा जेईई मेन 2025 में जेइइ मेन 2025 में सफलता प्राप्त की है। जिला प्रशासन द्वारा संचालित संपूर्ण शिक्षा कवच अभियान की यह बड़ी उपलब्धि है। सफलता प्राप्त करने वाली छात्राओं में महिमा कुमारी, दिव्या कुमारी, गुंजा कुमारी, जांबी टूटी प्रमिला टूटी, आरती कुमारी, ईशा कुमारी, आकांक्षा कुमारी, लीला कुमारी, जयंती कुमारी, प्रियांशी कुमारी, प्रियंका कुमारी, अंजनी उरांव, आरती संगा, ललिता पूर्ति, अमिका कुमारी, अनंत कुमारी, अंता कुमारी अर्चना कुमारी शामिल हैं। इस उपलब्धि पर उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने सभी छात्राओं को बधाई और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा कि छात्राओं ने सिद्ध कर दिया कि सही मार्गदर्शन और कठिन परिश्रम से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह हमारे जिले के लिए गर्व का क्षण है। इन 17 छात्राओं ने साबित कर दिया कि संसाधनों की सीमाओं के बावजूद यदि उचित मार्गदर्शन और समर्थन मिले, तो ग्रामीण क्षेत्र की छात्राएं भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। यह उपलब्धि न केवल छात्राओं की मेहनत का परिणाम है, बल्कि सम्पूर्ण शिक्षा कवच अभियान के तहत शिक्षकों और जिला प्रशासन द्वारा किए गए सतत प्रयासों की भी पुष्टि करती है। हम आगे भी इसी तरह छात्रों के समग्र सहयोग हेतु प्रयासरत रहेंगे।छात्राओं को 247 डिजिटल शिक्षा सहायता और व्यक्तिगत मार्गदर्शन सम्पूर्ण शिक्षा कवच अभियान के तहत छात्राओं को 247 डिजिटल शिक्षा सहायता, व्यक्तिगत मार्गदर्शन और मॉडल टेस्ट श्रृंखला के माध्यम से तैयारी कराई गई। इस अभिनव पहल से न केवल जेईई मेन परीक्षा में सफलता मिली, बल्कि यह आगे भी छात्राओं को आइआइटी और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश के लिए प्रेरित करेगा।

## मानव सेवा संस्था 14 फरवरी को बुंडू में रक्तदान और निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन करेगा

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** मानव सेवा संस्था की ओर से 14 फरवरी को मौसी बाड़ी धुर्वा मोड बुंडू में रक्तदान सह निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर मानव सेवा संस्था के संस्थापक प्रदीप कुमार उर्फ रोशन महतो ने कहा कि मानव सेवा संस्था के रक्तदान शिविर में आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरि नारायण सिंह और बुंडू एसडीओ किस्टो कुमार बेसरा मुख्य अतिथि के रूप में रहेंगे। रक्तदान महादान है रक्तदान से लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। बुंडू के लोगों के लिए इस बार रक्तदान के साथ पहली बार निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का अभी आयोजन किया जायेगा।

## चोगा में त्रिदिवसीय हरिनाम कीर्तन का हुआ आयोजन

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के चोगा गांव में त्रिदिवसीय हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसका जागरण रात्रि बुधबार को हुआ। वही आयोजक समिति के सदस्य महेंद्र महतो ने बताया कि प्रति वर्ष कि भांति इस वर्ष भी चोगा गांव में हरिनाम संकीर्तन महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें बंगाल, झारखंड के विभिन्न संकीर्तन मंडली भाग लिया। वही महेंद्र महतो ने बताया कि संकीर्तन मंडली में मंजू रानी झारग्राम,अनिल वरण पांडेय हेबेन, अमृत महतो बरदाडीह, भीम दास सोरो, पंचानन पातर पिलिद और विमल महतो चिमटिया ने तीन दिन चोगा हरी मंदिर में हरिनाम संकीर्तन में भाग लिया और गांव के लोगों को भक्ति से मंत्रभक्त किया। मौके पर उमाकांत महतो, कमलाकांत महतो, ठाकुरदास महतो, आजसू प्रखंड अध्यक्ष गोपेश कुमार महतो, गणेश महतो, बुद्धेश्वर महतो सहित कई आयोजक समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## निःशुल्क मोतियाबिंद जांच और ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया

**राहे (आजाद सिपाही)।** मानिक चंद्र महतो इंटर कॉलेज बारूडीह, पारमडीह में लायंस क्लब रांची ईस्ट के द्वारा निरामया अस्पताल कोकर रांची और जिला अंधापन नियंत्रण समिति रांची एवं स्व नंदकिशोर लाल गुप्ता के परिवार के सहयोग से निःशुल्क मोतियाबिंद जांच और ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन कुरमाली भाषा परिषद के डॉ राजाराम महतो, डॉ किरण चौधरी, सीदाम महतो, प्रो नीना महतो आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में प्रदीप वर्मा फाउंडेशन की ओर से लगभग 200 से अधिक जरूरत मंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में हरिदास महतो की देख-रेख में 50 मरीजों के आंखों का जांच की गयी। शिविर में आये लोगों से उन्होंने कहा कि आंख को स्वस्थ रखने के लिए हरी सब्जी, आंवला, दूध और 8 घंटे की गहरी नींद जरूरी है। मौके पर प्राचार्य संजीव महतो, खुदी मुंडा, गौर महतो, विश्वंभर महतो, रविंद्र नाथ महतो, रीता महतो, बसंत महतो, धीरेन महतो, प्रवीण कुमार कुलदीप महतो, मनोज महतो, आदि उपस्थित थे।

## पुलिस ने क्षेत्र में कुल 155 एकड़ भूमि पर अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने बुधवार को अनुमंडल क्षेत्र में कुल 155 एकड़ भूमि पर अवैध अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। बुंडू थाना क्षेत्र में लगभग 45 एकड़, दशम फॉल थाना क्षेत्र में लगभग 22 एकड़, तमाड़ थाना क्षेत्र में लगभग 80 एकड़, राहे थाना क्षेत्र में लगभग 07 एक-ड़ भूमि और सोनाहातु थाना क्षेत्र अंतर्गत लगभग 01 एकड़ भूमि पर अफीम की खेती को नष्ट करने के साथ लोगों को जागरुक भी किया गया। इस अभियान में बुंडू डीएसपी ओमप्रकाश, बुंडू थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा, तमाड़ थाना प्रभारी रौशन कुमार, दशम फॉल थाना प्रभारी प्रशांत गौरव, राहे थाना प्रभारी यशवंत कुमार सिंह, सोनाहातु थाना प्रभारी चंदन कुमार, विकास के अलावे जैप और सैप के जवान शामिल थे।

## बैंक ऑफ इंडिया खलारी शाखा ने शिविर लगाकर दिया केसीसी लोन

शिविर में ग्रामीणों को लोन संबंधी हर तरह की जानकारी दी गयी

**खलारी (आजाद सिपाही)।** बैंक ऑफ इंडिया की खलारी शाखा द्वारा बुधवार को शिविर लगाकर ग्रामीण उपभोक्ताओं को लोन दिया गया। मुख्य अतिथि बैंक आफ इंडिया रांची जोन की डीजीएम बनीता मोहपात्रा और कृषि एवं वित्त विभाग प्रमुख मुक्ति महतो उपस्थित थी। शिविर में ग्रामीण उपभोक्ताओं को नया केसीसी लोन तथा रोलओवर, नया और पुराना व्यापार के लिए मुद्रा लोन दिया गया। इसके अलावा स्वयं सहायता समुह ग्रुप का लिंकेज किया गया। उपभोक्ताओं ने भी शिविर में कई प्रश्न किये। जिनमें ऋण प्रक्रिया राशि, बेकरी दुकान चलाने के लिए ऋण का कार्यकाल, मत्स्य पालन व्यापार के लिए मुद्रा लोन, नए ग्रोसरी दुकान के लिए व्यापार लोन आदि के बारे में जानकारी ली। शिविर में करीब 25 लोगों को नया लोन दिया गया। बैंक अधिकारियों ने ग्रामीणों को लोन संबंधी हर तरह की जानकारी दी। शिविर में बैंक आफ इंडिया खलारी शाखा की शाखा प्रबंधक अराधना गुप्ता, प्रशासकीय प्रभारी रजत कश्यप, क्रेडिट प्रभारी मो सिद्दिकी, क्रेडिट अधिकारी समीर लकड़ा आदि उपस्थित थे।

# मेला हमारी सभ्यता, संस्कृति, पहचान है, इसे संरक्षित रखें : रामटहल चौधरी

## मेला परंपरा को बरकरार रखने और एक-दूसरे से मिलजुलकर रहना सिखाता है : विधायक

**माघ पूर्णिमा पर चिलदाग सती मेला में उमड़ी भीड़**

आजाद सिपाही संवाददाता

चलदाग गांव में आयोजित सती मेला को संबोधित करते पूर्व सांसद रामचहल चौधरी, विधायक राजेश कच्छप और अन्य।

**अनगड़ा।** माघ पूर्णिमा के अवसर पर चिलदाग गांव में बुधवार को सती मेला का भव्य आयोजन किया गया। इसमें आसपास व दूरदराज से हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मेला में टुसू झांकी के साथ बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और बच्चे नाचते-गाते शामिल हुए। इस अवसर पर बालक-बालिकाओं के लिए फुटबॉल सहित अन्य खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही नागपुरी कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। कार्यक्रममें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी के अलावा विधायक राजेश कच्छप, प्रमुख दीपा उरांव, जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा, सुरेंद्र महतो, रणधीर चौधरी, डॉ रिझु नायक, मनोज चौधरी, कामेश्वर चौधरी, नीलकंठ चौधरी, वीरेंद्र सिंह भोगता, अब्दुल इमाम अंसारी, अनिसा खातुन, नरेश साहू, सुनील महतो, रामसाय मुण्डा, डॉ दिनेश कुमार, सोनालाल महतो और शिवलाल महतो आदि उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेला समिति के अध्यक्ष रामनाथ महतो और संचालन राजेंद्र मुण्डा व राजू कुमार महतो ने किया। इस अवसर पर रामटहल चौधरी ने कहा कि मेला हमारी सभ्यता, संस्कृति और पहचान से जुड़ी है। उन्होंने लोगों से अपनी परंपराओं संस्कृति एवं धरोहरों को संरक्षित रखने व नशाखोरी से दूर रहने का आह्वान किया। वहीं, विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि मेला संस्कृति सामाजिक समरस्ता को बढ़ावा देती है। यह हमें अपनी संस्कृति और परंपरा को बरकरार रखने के साथ एक-दूसरे के साथ मिलजुलकर रहने और खुशहाली का संदेश देता है। बाद मे शिक्षा, खेल, समाजसेवा आदि क्षेत्रों में बेहतर करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। वहीं टुसू झांकी में उत्कृष्ट प्रर्दशन करने वाले प्रतिभागी पुरस्कृत किये गये। इस मौके पर बनमाली महतो, राजेश महतो, सरिता देवी, कुंती देवी, रब्बानी राज, हिमांशु शेखर चैधरी, राजेन्द्र महतो, दुर्गा पाहन, घनेनाथ महतो, सचिन लकड़ा आदि मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष रामनाथ महतो, संयोजक राजेन्द्र मुण्डा, बाबुलाल महतो, रामकुमार नायक, श्रीनाथ मुण्डा, दुर्गा पाहन, वीरसिंह नायक, राजू महतो, जीतलाल महतो, राजेन्द्र चौधरी, नरेश महतो, सुनील नायक, वीरेन्द्र महतो, मदन साहू, सुलेन्द्र चैधरी, विगना महतो, सरोज महतो, जितेन्द्र महतो, दुर्गा महतो, बर्मा नायक, लालमोहन करमाली, जगदीश महतो, विकास अहीर, शनि नायक, श्यामवीर महतो, रामजन्म महतो, तनीजर मुण्डा, लखीराम मुण्डा, लक्ष्मण महतो, छोटेलाल महतो, झब्बुलाल महतो आदि का योगदान रहा।

## बाघवार एकेडमी में 12वीं के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई

# इरादे पक्के होंगे तो लक्ष्य की प्राप्ति अवश्य होगी : अशोक

**पहली बार बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे बाघवार एकेडमी के 12वीं के विद्यार्थी**

आजाद सिपाही संवाददाता

विदाई के समय मौजूद 12वीं के विद्यार्थी।

**चान्हो।** बाघवार एकेडमी के सांस्कृतिक भवन में बुधवार को 11वीं के विद्यार्थियों ने 12वीं के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी। यह विदाई समारोह इसलिए भी विशेष रहा, क्योंकि बाघवार एके-डमी पहली कक्षा 12वीं की बैच है जो बोर्ड परीक्षा में शामिल होगी। कार्यक्रम की शुरूआत कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का पुष्पवर्षा के साथ की गयी। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए विद्यार्थियों ने कई रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान कार्यक्रम के बीच में कक्षा 12वीं की छात्रा शीला उरांव को मंच पर बुलाया गया। उन्होंने अपनी नर्सरी से कक्षा 12वीं तक की यात्रा के खट्टे-मीठे अनुभव साझा किए। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के महत्वपूर्ण मार्ग बताए। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि सपने बड़े देखो और उसे प्राप्त करने के लिए हरसंभव प्रयास करो। यदि इरादे पक्के होंगे तो लक्ष्य की प्राप्ति अवश्य होगी। उन्होंने छात्रों को कड़ी मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के महत्व को समझाया और खुद का उदाहरण देते हुए उन्हें हमेशा आगे बढ़ने व जीवन में उच्चतम शिखर तक पहुंचने की प्रेरणा दी। यह भी कहा कि यह बाघवार एकेडमी का पहला बैच है जो 12वीं का बोर्ड परीक्षा देगा। इसलिए परे विद्यालय परिवार की आशाएं और शुभकामनाएं इस बैच के साथ हैं। हम उम्मीद करते हैं कि यह बैच उत्कृष्ट प्रदर्शन करके विद्यालय का नाम रोशन करेगा। कार्यक्रम का स्मरणीय और व्यवस्थित संचालन विद्यालय की छात्राओं राशि कुमारी, मानसी गुप्ता और विद्या कुमारी ने किया।

# बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में शिक्षण संस्थानों का बड़ा योगदानः रामटहल चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** लूपुंग के बलदेव चिल्ड्रेन एकेडमी ने बुधवार को अपना 10वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी के अलावा समाजसेवी नीलकंठ चौधरी, वीरेंद्र सिंह भोगता, नरेंद्र नाथ महतो, हरेकृष्ण चौधरी, रामपोदो महतो, हिमांशु शेखर चौधरी, आईओबी के मैनेजर संजय आदि थे। इससे पूर्व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूवात की गई। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। छात्र-छात्राओं ने एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, देशभक्ति नाटक, गीत, एकता, पर्यावरण संरक्षण आदि से संबंधित आकर्षक प्रस्तुतियां देकर लोगों का मन मोन लिया। वहीं इसके माध्यम से समाज को जागरुकता का संदेश दिया। इस अवसर पर अनगड़ा आरटीसी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो एवं उत्कृष्ट सरकारी शिक्षक हरेकृष्णा चौधरी को सम्मानित किया गया। मौके पर स्कूल के प्रतिभावान विद्यार्थियों को भी सम्मान दिया गया। स्कूल के निदेशक दिनेश महतो ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्कूल के अबतक के गतिविधियों की जानकारी दी। इस असर पर रामटहल चौधरी ने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का बड़ा योगदान रहता है। बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए शिक्षकों को गुणवतापूर्ण शिक्षा देना चाहिए। मुझे लगता है कि इन सब गुणों में यह स्कूल अव्वल दर्जे का है। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक शिक्षिकाओं सहित अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

# काम दिलाने का झांसा देकर विवाहिता से दुष्कर्म

**वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर किया शारीरिक शोषण, थाने में शिकायत दर्ज**

**इटकी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में काम दिलाने का झांसा देकर विवाहित महिला से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। बुधवार को पीड़िता ने इटकी थाना में आरोपित विकास पासवान नामक युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। पीड़िता बेड़ो थाना क्षेत्र की रहने वाली है, जबकि आरोपित विकास इटकी का रहने वाला है। उधर, इटकी थाना में दर्ज शिकायत में पीड़िता ने बताया कि उसका पति शराबी है। वह ठीक से काम धंधा नहीं करता है, जिससे आर्थिक तंगी बनी रहती है। इससे परेशान होकर वह अकेली मजदूरी कर अपना जीवन यापन करती है। इसी बीच विकास पासवान से उसकी जान पहचान हो गयी। दोनों के बीच मोबाइल नंबरों का आदान-प्रदान हुआ और वे अक्सर मोबाईल पर बात करने लगे। इस बीच वह बिल्डरों से बात कर उसे स्थायी रूप से काम दिलाने का विश्वास दिलाया करता था। इसी बीच वह रांची से मजदूरी कर अपने घर बेड़ो लौट रही थी, तभी विकास ने उसे फोन कर बताया कि बिल्डर से बात हो गयी है। इटकी पहुंच कर उससे बात कराना है। वह उसकी बातों में आ गयी और भरोसा करके इटकी पहुंच गयी। इसके बाद वह उसे काम का स्थान दिखाने के नाम पर एक गोहाल (गोशाला) में ले गया और उसे रातभर बंधक बनाकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। इस दौरान उसका वीडियो भी बना लिया। साथ ही धमकी दी कि अगर उसने किसी को कुछ भी बताया तो वह वीडियो वायरल कर उसे बदनाम कर देगा। साथ ही उसने जान से मारने की भी धमकी दी। लोक लाज के कारण उसने कुछ नहीं बताया। इससे उसका मनोबल और बढ़ गया और वह उसका शारीरिक शोषण करने लगा। विरोध करने पर जाति सूचक गाली और धमकी देने लगा। उसकी मनमानी से तंग आकर थाने में शिकायत दर्ज करायी। उधर, शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार करने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक इस मामले में आरोपित के गिरफ्तार होने की सूचना नहीं है।

**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**
www.azadsipahi.in

# नीरजा सहाय डीएवी में मनायी गयी महर्षि दयानंद की जयंती

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद की 201वीं जयंती मनायी गयी। इस अवर पर प्राचार्या किरण यादव ने कहा कि आज के युग में दयानंद जी अधिक प्रासंगिक और समीचीन नजर आते हैं। उनके विचार वेदों से प्रभावित होते हुए भी अत्यधिक आधुनिक और तर्कसंगत हैं। हम दयानंद की तरह तो नहीं बन सकते, लेकिन उनके किसी एक विचार अथवा एक गुण को भी यदि अपना लें तो जीवन धन्य हो सकता है। इस अवसर पर विद्यालय में वैदिक हवन, भजन, कविता वाचन, दयानंद जी के जीवन वृत्त से संबंधित भाषण, क्विज एवं संस्मरणों के माध्यम से महर्षि जी को श्रद्धांजलि दी गई।

## आगजनी करने वालों पर होगी कार्रवाई

**कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)। कसमार और पेटरवार प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में जंगलों, खेत, खलिहान, टांड़, सड़क किनारे आदि स्थानों पर सूखे झाड़ियों-पत्तों में आग लगाने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी दी गयी।**

# कलश यात्रा और भजन-कीर्तन में बढ़चढ़ कर शामिल हुए श्रद्धालु

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** कुटीयातू पंचायत स्थित श्री महावीर मंदिर का तीसरा वार्षिकोत्सव बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दिनभर मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठानों की गूंज रही। इस अवसर पर पूजा-अर्चना, हवन, पूणार्हूति और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वार्षिकोत्सव की शुरूआत सुबह आठ बजे भव्य कलश यात्रा से हुई। मंदिर प्रांगण से निकली यह यात्रा कुटीयातू पंचायत स्थित सपाही नदी तक पहुंची, जहां से 251 सुहागिनों ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर पवित्र जल भरा और वापस मंदिर लौटीं। कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा के उपरांत मंदिर के पुजारी चंदन मिश्रा ने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना, हवन एवं पूणार्हूति संपन्न करवाई। इसके बाद दोपहर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। देर शाम भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें मंडली के कलाकारों ने अपनी सुमधुर भजनों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर कुटीयातू की मुखिया निशा उरांव, दिलीप कुमार साहू, प्रदीप तिर्की, प्रेम महतो, कृष्णा काशी, कंदरु महतो, बब्लू महतो, अशोक मुंडा, रमेश महतो, साधु महतो, हरिलाल महतो, तेजू महतो, रविंद्र महतो आदि मौजूद रहे।1

# संत रविदास को आदर्श मान कर जीवन जीने का प्रयास करें : सविता उरांव

**लापुंग में धूमधाम से मनायी गयी रविदास जयंती**

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के फतेहपुर में बुधवार को संत रविदास की जयंती धूमधाम से मनायी गई। मौके पर सापुकेरा की मुखिया सविता उरांव व पूर्व पंसस नसीम आलम सहित रविदास समाज के लोगों ने संत रविदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर मुखिया सविता उरांव ने कहा कि संत रविदास जी की वाणी को अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। ऐसे महापुरुष को अपना आदर्श मान कर जीवन जीने का प्रयास करना चाहिए । रविदास जी भारत के विशेष महापुरुषों में से एक हैं । जिन्होंने अपने आध्यात्मिक वचनों से सारे संसार को एकता भाईचारा से जोड़ दिया था। वहीं, नसीम आलम ने कहा समाज एकजुट रहेगा तभी शिक्षित और विकास की ओर आगे बढ़ेगा। मौके पर दिनेश राम , सरोज राम, नरेश राम, संतोष राम आदि मौजूद रहें।

# लांग बॉल में स्वर्ण पदक विजेता को कांके विधायक ने दी बधाई

**कांके (आजाद सिपाही)।** देहरादून में आयोजित नेशनल गेम 2025 के लॉन बॉल में झारखंड की ओर से खेलते हुए वसीम अकरम ने स्वर्ण पदक जीता। वसीम कांके के मिल्लत कॉलोनी निवासी कांके प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष संजर खान के छोटे भाई है। लॉन बॉल में स्वर्ण पदक जीतने के बाद घर लौटने पर उनसे मिलने उनके प्रशंसकों की भीड़ जुट गई। विधायक सुरेश बैठा भी वसीम के मिलने मिल्लत कॉलोनी स्थित उसके घर पंहुचे. विधायक ने वसीम को बधाई देकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर मनीष महतो, अफजल मंसूरी, फिरोज अहमद, मो शमीम, सरफराज खान, आमिर खान, विनोद साहू, गौरी शकंर महतो, शकील आजाद आदि उपस्थित थे।

# दो शिक्षिकाओं ने बदल दी राजकीयकृत बालिका मध्य विद्यालय स्कूल की तस्वीर

## निजी खर्च और अपने वेतन से करवाये कई काम

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** मन में कुछ करने का जज्बा और जुनून हो तो असंभव कुछ भी नहीं है। ऐसा ही कर दिखाया है राजकीयकृत बालिका मध्य विद्यालय की दो शिक्षिकाएं रेखा रानी खलखो व पूनम टोप्पो ने। सरकारी की नग्णय मदद के बावजूद स्कूल की तस्वीर और तकदीर को दोनों ने बदल दी है। इनकी मेहनत व लगन से शिक्षण, संस्कार, पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए गए कार्य दूसरे स्कूलों के लिए नजीर बन चुका है। स्कूल में प्रवेश करते ही लगता ही नहीं कि हम किसी सरकारी स्कूल में जा रहे हैं। विद्यालय का अनुशासन और फूलों के रखरखाव किसी कॉन्वेंट स्कूल जैसा ही नजर आएगा। उन्होंने विद्यालय की बदहाली देखी तो विभाग से बजट पास कराने का प्रयास किया, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इसके बाद निजी खर्च और अपने वेतन से कई काम करवाया। पूरे स्कूल परिसर में हरियाली और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की। सुरक्षा की दृष्टि से विद्यालय की चहारदीवारी का निर्माण व गेट लगवाया। गेट में प्रवेश करते ही महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर लिखाए गए हैं। इसके अलावा कई अन्य कार्य भी विद्यालय में कराए जो अन्य स्कूलों के लिए प्रेरणा बने है।

### अच्छी शिक्षा के साथ मिलते हैं संस्कार भी

विद्यालय में बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के साथ ही संस्कार भी सिखाया जाता है। बेहतर पढ़ाई के लिए अतिरिक्त कक्षा लगाई जाती है। जिससे प्रखंड स्तर पर कई पुरस्कार बच्चों को मिल चुका है। यहां से बच्चे लगातार खेलकूद व अन्य उत्सव में अव्वल आ रहे हैं। विद्यालय में क्यारियां बनाकर फूल व पौधे लगाकर पर्यावरण का संदेश दिया जा रहा है। स्कूल में हर तरफ फैली हरियाली, महापुरुषों के संदेश व उनके फोटो के साथ ही साफ सुथरा भवन सभी को आकर्षित करता है। जिससे स्कूल के बेहतर माहौल से बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति रहती है।

# नगड़ी में मनायी गयी संत शिरोमणी रविदास की जयंती

**पिस्कानगडी (आजाद सिपाही)।** नगडी प्रखंड के अंबेडकर मुहल्ला में बुधवार को रविदास जण कल्याण समिति के तत्वावधान में 648वां संत शिरोमणी रविदास जयंती समारोह मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता संजय राम, संचालन राम प्रवेश राम और धन्यवाद ज्ञापन जीवन राम ने किया। इसमें उपस्थित नगड़ी, नारो और बांध टोली गांव के दर्जनों लोगों ने संत शिरोमणि रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके मार्ग पर चलने का सामूहिक संकल्प लिया। सभी लोगों ने समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने और नशा मुक्ति अभियान चलाने का भी सामूहिक निर्णय लिया। इस मौके पर रविदास जनकल्याण समिति मौसी बारी पंचायत के चौधरी साहब काली चरण राम और छेदी राम के अलावा जगदेव राम, नितेश राम, संतोष राम, शिवनंदन राम, रवि राम, मनीष राम, दिनेश राम, अनिल राम, आशीष राम, सोनू राम, रघुनन्दन राम, राजेश राम, विदेशी राम, अंकित राज, विकाश रवि, विकास राम, विशाल रवि, निखिल राम, राजू राम, हेमन्त राम, सरोज रामजसोमती देवी, संगीता देवी व सरिता देवी आदि मौजूद थे।

# मुड़हर पहाड़ पर महाशिवरात्रि को लेकर बैठक

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के खुखरा गांव स्थित मुड़हर बाबा के प्रांगण में प्रबंधन कमेटी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता नीरज सिंह ने की। इसमें 26 फरवरी को मनाये जाने वाले महाशिवरात्रि को लेकर चर्चा की गई। महाशिवरात्रि के दिन पूजा, भजन कीर्तन और भंडरा का आयोजन होगा। जबकि 27 फरवरी को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा। सर्वसम्मति से महाशिवरात्रि पर लगने वाले मेले की व्यवस्था के लिए एक समिति का गठन भी किया गया। जिसकी सभी व्यवस्थाएं नीरज सिंह की देखरेख में होगी। बैठक में मुखिया जतरु उरांव, अरुण गोप, अरविंद भोक्ता, विक्रम उरांव, सुरेश उरांव, अशोक भोक्ता, दीपक सिंह, विश्राम महतो, ओम प्रकाश साहू, राम नंदन दास गोस्वामी, दिगम्बर सिंह आदि मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 13 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in
10

### फिल्म निर्माता बोनी कपूर और अर्जुन कपूर ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की

# सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग के लिए आमंत्रित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रसिद्ध बॉलीवुड फिल्म निमार्ता बोनी कपूर और अभिनेता अर्जुन कपूर ने ओड़िशा विधानसभा कक्ष में मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से शिष्टाचार मुलाकात की। कपूर ने मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी को ओड़िशा में आयोजित होने वाले सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। कपूर ने कहा कि ओड़िशा में अपार प्राकृतिक सौंदर्य और फिल्म शूटिंग के लिए पर्याप्त सुविधाएं हैं। यदि यह सब फैलाया जाये,

तो ओड़िशा कई फिल्म निमार्ताओं के लिए पसंदीदा फिल्म शूटिंग स्थान होगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही राज्य में पर्यटन का भी विकास होगा। इस बैठक के दौरान उप मुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंहदेव और मंत्रिपरिषद के सदस्य एवं विधायक उपस्थित थे।

# एसओए प्रोफेसर के आविष्कार को अमेरिकी पेटेंट मिला

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (एसओए) डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर द्वारा विकसित एक स्वचालित मौखिक बायोप्सी डिवाइस के आविष्कार को संयुक्त राज्य अमेरिका का पेटेंट मिला है, जिससे मौखिक बायोप्सी प्रक्रियाओं में क्रांतिकारी बदलाव की उम्मीद है। उपयोगकर्ता के अनुकूल स्वचालित पेन जैसी डिवाइस जिसने बायोप्सी की प्रक्रिया को सरल बना दिया है और टेली-स्क्रीनिंग और फाइबर-ऑप्टिक लाइट की सुविधाओं के साथ व्यापक इंस्ट्रूमेंटेशन की आवश्यकता को समाप्त कर दिया है, इसे प्रो डॉ नीता मोहंती द्वारा तैयार किया गया है, जो वर्तमान में एसओए की प्रो-वाइस चांसलर (अनुसंधान और सहयोग) के रूप में नामित हैं। प्रो डॉ मोहंती ने कहा कि बायोप्सी निदान के लिए स्वर्ण मानक है और अकुशल बायोप्सी अक्सर गलत और

विलंबित निदान की ओर ले जाती है, जिसके परिणाम स्वरूप जीवन के लिए खतरा पैदा होता है। प्रो डॉ मोहंती, जो पहले एसओए के दंत विज्ञान संकाय, दंत विज्ञान संस्थान की डीन थीं, ने कहा कि उन्होंने 2018 में एक ही उत्पाद के लिए दो भारतीय पेटेंट के लिए आवेदन किया था, जिन्हें क्रमशः 2023 और 2024 में प्रदान किया गया था और उन्हें 2019 में एक डिजाइन पेटेंट मिला था। उन्होंने कहा कि मैंने 2019 के अंत में अमेरिकी पेटेंट के लिए आवेदन किया था, जिसे 2020 में प्रकाशित किया गया था और कुछ दिन पहले पेटेंट प्रदान किया गया था। इस नवाचार ने 2021 में ग्लोबल आउटरीच डेंटल इनोवेशन अवार्ड जीता था। इसे ओड़िशा सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा नयी दिल्ली में आयोजित ग्लोबल बायो इंडिया 2024 में प्रदर्शित करने के लिए चुना गया था। मैं प्रोफेसर सुशांत कामिला की अध्यक्षता वाली एसओए डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के मजबूत बौद्धिक संपदा अधिकार प्रकोष्ठ को धन्यवाद देता हूं। मैं एसओए के संस्थापक अध्यक्ष प्रो डॉ मनोजरंजन नायक और एसओए सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष प्रो दामोदर आचार्य को भी धन्यवाद देती हूं, जिन्होंने मुझे अमेरिकी पेटेंट के लिए आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके शोध को प्रोटोटाइप विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वित्त पोषित किया गया था और आवश्यकता आधारित सहायता के लिए स्टार्ट-अप ओडिशा से अनुमोदन प्राप्त हुआ था। प्रो डॉ मोहंती ने कहा कि उपयोगी आविष्कार से रोगियों को विशेषज्ञ की राय से समझौता किये बिना मौखिक रोगों के शीघ्र निदान और उपचार से काफी लाभ होगा और मौखिक रोगों, विशेष रूप से मौखिक कैंसर के बोझ को कम किया जा सकेगा।

# अंतरराष्ट्रीय बर्न केयर विशेषज्ञ डॉ मार्कस वागस्टाफ ने एम्स भुवनेश्वर का दौरा किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** उन्नत बर्न केयर के क्षेत्र में एक रोमांचक विकास में, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध बर्न केयर विशेषज्ञ, डॉ मार्कस वागस्टाफ, विशेषज्ञ प्लास्टिक और पुनर्निर्माण सर्जन और रॉयल एडिलेड अस्पताल (आरएएच), ऑस्ट्रेलिया में वयस्क बर्न सेवा के प्रमुख, ने एम्स भुवनेश्वर में बर्न सेंटर का दौरा किया। यह दौरा अनुसंधान, नवाचार और नई तकनीकों के विकास के माध्यम से बर्न उपचार में क्रांति लाने के उद्देश्य से एक प्रेरक साझेदारी की शुरूआत का प्रतीक है। राष्ट्रीय संस्थान में डॉ मार्कस का स्वागत करते हुए, एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष बिस्वास ने सहयोग के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने एक परिवर्तनकारी साझेदारी की अपार संभावनाओं पर जोर दिया जिसका उद्देश्य न केवल भारत में, बल्कि वैश्विक स्तर पर बर्न केयर के मानकों को ऊपर उठाना है। यह दौरा डॉ मार्कस के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देकर दुनिया भर में बर्न केयर प्रथाओं को बढ़ाने

के चल रहे प्रयासों का हिस्सा था। इस दौरे के दौरान, डॉ मार्कस ने एम्स भुवनेश्वर में बंर्स और प्लास्टिक सर्जरी के प्रमुख डॉ संजय कुमार गिरि और डॉ दिलीप कुमार परिदा (चिकित्सा अधीक्षक), डॉ मनोज कुमार मोहंती और डॉ प्रभास रंजन त्रिपाठी सहित एक टीम के साथ गहन चर्चा की। साथ में, उन्होंने उन्नत तकनीकों को एकीकृत करने, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने और बर्न मैनेजमेंट में रोगी परिणामों को बेहतर बनाने के लिए संयुक्त अनुसंधान प्रयासों को शुरू करने के तरीकों की खोज पर ध्यान केंद्रित किया। डॉ मार्कस, जो आरएएच स्किन इंजीनियरिंग प्रयोगशाला के प्रमुख भी हैं, ने एम्स भुवनेश्वर बर्न सेंटर में अत्याधुनिक सुविधाओं की प्रशंसा की। उन्होंने एम्स भुवनेश्वर और आरएएच के बीच साझेदारी की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला, उन्होंने कहा कि यह सहयोग बर्न केयर में अभूतपूर्व प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेगा, जहां दोनों संस्थान अभिनव और अत्याधुनिक तरीकों का उपयोग करके बर्न पीड़ितों के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करेंगे।

सहयोग से अत्याधुनिक देखभाल रणनीतियों के कार्यान्वयन, नये नैदानिक प्रोटोकॉल की शुरूआत और सहयोगी अनुसंधान परियोजनाओं की शुरूआत होने की उम्मीद है, जिसका बर्न रोगी देखभाल पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। ये पहल न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में रोगियों को लाभान्वित करेंगी। अंततः एक ऐसा भविष्य तैयार करेंगी जहां बर्न देखभाल सटीकता, प्रभावकारिता और करुणा की नयी ऊंचाइयों तक पहुंचेगी। एम्स भुवनेश्वर में बर्न सेंटर के प्रमुख डॉ संजय गिरि ने चिकित्सा प्रगति में वैश्विक भागीदारी के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि डॉ मार्कस की यात्रा दुनिया भर में बर्न देखभाल में सुधार के हमारे साझा मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम बर्न रोगियों के पुनर्वास और उपचार पर इस सहयोग के दीर्घकालिक प्रभाव की आशा करते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि कोई भी रोगी अपने ठीक होने की यात्रा में पीछे न छूट जाये। एम्स भुवनेश्वर और रॉयल एडिलेड अस्पताल के बीच साझेदारी जटिल चिकित्सा चुनौतियों का समाधान करने में वैश्विक सहयोग की शक्ति का प्रमाण है। विशेषज्ञता, अनुसंधान और तकनीकी प्रगति को मिलाकर, दोनों संस्थान बर्न केयर प्रबंधन में नये मानक स्थापित करने के लिए तैयार हैं।

# कड़ी सुरक्षा के बीच नोडल केंद्रों पर पहुंचे मैट्रिक के प्रश्न पत्र

### इस बार 5 लाख 22 हजार 336 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (बीएसइ) द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा 21 फरवरी से शुरू होने वाली है। इस की तैयारियां जहां अंतिम चरण में पहुंच गयी हैं, वहीं बुधवार को बोर्ड मुख्यालय से प्रश्न पत्र नोडल केंद्रों पर पहुंच गये हैं। ओड़िशा के 30 जिलों में 314 नोडल केंद्र स्थापित किये गये हैं। कड़ी सुरक्षा के बीच 44 मार्गों से प्रश्नावली भेजी गयी। प्रश्न पत्र को नोडल केंद्रों पर रखने के लिए सख्त सुरक्षा उपाय किये गये हैं। 3133 परीक्षा केंद्रों पर 5 लाख 22 हजार 336 अभ्यर्थी यह परीक्षा देंगे। जिस दिन जिस विषय की परीक्षा होनी है, उस दिन प्रश्नपत्रों को नोडल केंद्र से परीक्षा केंद्र तक भेजने की व्यवस्था की गयी है। प्रश्न पत्र ले जाने वाले कंटेनरों में जीपीएस ट्रैकिंग रहा है। ताकि बोर्ड अधिकारियों को पता चल सके कि कहां रुका है।

FURNITURE PLANET
A Unit of Supreme Techno (India)
Manufacturing Unit of
Revolving Chairs, Office Sofa and Restaurant Furniture

LARGEST SHOWROOM IN JHARKHAND
Web: www.supremetechnoindia.com
Add.: Opp. Hanuman Dharamkanta, Kokar, Ranchi
9570040095, 9570007788

POPKORN cinemas
Now Showing
SUJATA PICTURE PALACE




Schedule For 08th Feb., 2025 onwards!

at Screen-1 (Sujata)
Sanam Teri Kasam : 11.00, 1.45, 4.45, 7.30

at Screen-2 (Miniplex)
Badass Ravi Kumar : 10.15, 6.30
Sanam Teri Kasam : 12.45, 3.45

at Popkorn Cinemas
Badass Ravi Kumar : 11.45, 1.30, 2.30, 4.15, 5.15, 7.15
Sanam Teri Kasam : 10.45, 8.00

*Due to security reasons, only mobiles, wallets & ladies handbags allowed. Patrons are requested to reach the cinema 30 mins before the start of the show to avoid any inconvenience.
*All above information is subject to change without prior notice.

# शिक्षा मंत्री ने योजनाबद्ध कनिष्ठ शिक्षकों का कावेतन बढ़ाने पर मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया

- मासिक पारिश्रमिक 11,100 रुपये से बढ़ाकर 16,000 रुपये किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** स्कूल और जन शिक्षा मंत्री नित्यानंद गंड ने समग्र शिक्षा के तहत प्राथमिक विद्यालयों के कनिष्ठ शिक्षकों (योजनाबद्ध) के वेतन में वृद्धि के लिए मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी को धन्यवाद दिया है। मंत्री गंड ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट के माध्यम से मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस फैसले से शिक्षक सशक्त होंगे और प्राथमिक शिक्षा में सुधार होगा। हालांकि, स्कूल और जन शिक्षा विभाग की ओर से एक अधिसूचना के माध्यम से यह जानकारी दी गयी है कि योजनाबद्ध जूनियर शिक्षकों का मासिक वेतन 11,000 रुपये से बढ़ाकर 16,000 रुपये कर दिया गया है। संपूर्ण शिक्षा कार्यक्रम में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर पर नियोजित योजनाबद्ध जूनियर शिक्षकों को 11,100 रुपये प्रति माह का वेतन दिया जाता था। 16 जनवरी, 2025 को मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने इस श्रेणी के शिक्षकों के मासिक वेतन में वृद्धि करने का निर्णय लिया और संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इससे प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। साथ ही राज्य में इस वर्ग के 13,740 शिक्षक लाभान्वित होंगे।

JOB VACANCY
सुनहरा अवसर महिलाओं के लिए
एक बड़ी Reputed Company में राँची के लिए Jobs Opportunity है जिसके लिए निम्न योगयताएँ अनिवार्य है :-
• Only Female.
• Age 30 to 45 Years.
• Minimum Qualification Graduation
• Married only.
• Experience को वरियता
Post Applied For
Life planning Officer (LPO)
Fixed Salary : Rs. 12000 to 17000 (Monthly)
+Incentive, PF, Gratuity, Medical & Bonus
Eligible Candidates are request to contact immediately with resume & Photograph on below Contact.
Vacancy सिमित है..
ONLY 10 LEFT HURRY UP
नोट : 29 साल से कम एवं 45 साल से उपर उम्र वाले व्यक्ति सम्पर्क न करें ।
Address : 2nd Floor, R.S. Tower, Lalpur, Ranchi
M.: 7004800036, 9905678089 (W)

# दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में होगी किस के विद्यार्थियों की रिकॉर्ड संख्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** किस के रिकॉर्ड संख्या में छात्र इस वर्ष माध्यमिक परीक्षा बोर्ड और उच्च माध्यमिक परीक्षा परिषद द्वारा आयोजित की जाने वाली दसवीं और बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने के लिए तैयार हैं। 21 फरवरी से शुरू होने वाली दसवीं कक्षा की परीक्षा में लगभग 2000 छात्र बैठेंगे, जबकि 18 फरवरी से शुरू होने वाली बारहवीं कक्षा की

परीक्षा में 1900 छात्र बैठेंगे। सभी छात्रों में साठ प्रतिशत से अधिक लड़कियां हैं। परीक्षा से पहले, डॉ अच्युत सामंत संस्थापक किट और किस ने छात्रों को सभी सफलताओं की कामना की और आशीर्वाद समारोह के दौरान आवश्यक सलाह साझा करते हुए पिछले वर्ष की तरह कलम वितरित किये। किस ने छात्रों को विभिन्न परीक्षा केंद्रों तक ले जाने की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्था की है, जिसमें उनके आवागमन के लिए 50 से अधिक बसें उपलब्ध कराया गया है।

# कटक रेलवे स्टेशन पुनर्विकास कार्य जारी

- नराज माथार्पुर के रास्ते तीन लंबी दूरी की ट्रेनों का अस्थायी मार्ग परिवर्तन।
- नराज माथार्पुर और कटक स्टेशन के बीच परिवर्तित ट्रेनों के यात्रियों के लिए मुफ्त बस सेवा।
- कटक रेलवे स्टेशन पर एयर-कॉनकोर्स के निर्माण के साथ यार्ड का नवीनीकरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे के खुर्दा रोड डिवीजन के तहत कटक रेलवे स्टेशन पर एयर कॉनकोर्स के निर्माण और कटक रेलवे स्टेशन पर अन्य सुरक्षा संबंधी आधुनिकीकरण कार्यों के मद्देनजर, एक महीने की अवधि के लिए तीन लंबी दूरी की ट्रेनों को डायवर्ट करने की योजना बनायी गयी है। ये अस्थायी रूप से परिवर्तित ट्रेनें बारंग-कटक-कपिलास रोड के बजाय निर्धारित मार्ग बारंग-नराज माथार्पुर-

कपिलास रोड के रास्ते चलेंगी। इन ट्रेनों का कटक स्टेशन पर ठहराव बंद कर दिया जायेगा और 16 फरवरी से 17 मार्च 2025 तक नराज माथार्पुर रेलवे स्टेशन पर अस्थायी स्टॉपेज प्रदान किया जायेगा।

पूर्व तट रेलवे इन आधुनिकीकरण और सुरक्षा संबंधी कार्यों के लिए अस्थायी रूप से परिवर्तित ट्रेनों के यात्रियों के लिए खुर्दा रोड रेलवे स्टेशन कटक रेलवे स्टेशन और नराज माथार्पुर रेलवे स्टेशन के बीच मुफ्त बस सेवा प्रदान करेगा। 12515 कोयंबटूर-सिलचर साप्ताहिक सुपर-फास्ट एक्सप्रेस 16 फरवरी से 16 मार्च 2025 तक प्रत्येक मंगलवार (सोमवार देर रात) को कटक पहुंच रही है, बुधवार और गुरुवार (मंगलवार और बुधवार की देर रात) को कटक पहुंचने वाली 22643 एनार्कुलम-पटना द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस और शुक्रवार, शनिवार और रविवार (गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार की देर रात) को कटक पहुंचने वाली 12509 बेंगलुरु-गुवाहाटी त्रि-साप्ताहिक एक्सप्रेस कटक रेलवे स्टेशन के बजाय नराज माथार्पुर रेलवे स्टेशन पर ठहराव प्रदान करेगी। उपरोक्त ट्रेनों के लिए कटक रेलवे स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्रियों को इस अवधि के दौरान नराज माथार्पुर और कटक रेलवे स्टेशन पर दोनों तरफ से मुफ्त बस सुविधा रेलवे द्वारा प्रदान की जायेगी।

# वेदांता एल्युमीनियम ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**झारसुगुड़ा।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर, भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से एक व्यापक कृमि मुक्ति अभियान आयोजित करके सामुदायिक स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। झारसुगुड़ा के घनश्याम हेमलता विद्या मंदिर स्कूल में आयोजित इस पहल में 1,300 से अधिक छात्रों को कृमि मुक्ति की गोलियां और सस्पेंशन दवा देना शामिल था। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, राजस्व, उपस्थित थे, डॉ राधारमण भीरतिया, सहायक जिला चिकित्सा और जन स्वास्थ्य अधिकारी, झारसुगुड़ा, इस अवसर पर सहायक जिला चिकित्सा

अधिकारी पार्वती बेहरा, मोबाइल स्वास्थ्य इकाई के डॉक्टर डॉ जयनारायण पुजारी और घनश्याम हेमलता विद्या मंदिर स्कूल, झारसुगुड़ा की प्रिंसिपल संजुक्ता दाश के अलावा वेदांता झारसुगुड़ा के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। मजिस्ट्रेट ब्रजबंधु भोई ने कहा कि एक स्वस्थ बचपन एक उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करता है, और बच्चों के समग्र कल्याण को सुनिश्चित करने में कृमि मुक्ति एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे उनके समग्र विकास को बढ़ावा मिलता है। कला और संस्कृति के क्षेत्र में वेदांता के सामाजिक हस्तक्षेप, महिला और बाल विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए, झारसुगुड़ा और आस-पास के क्षेत्रों में लगभग 80 गांवों तक पहुंचते हैं, जिससे एक वर्ष में 3 लाख से अधिक लोग लाभान्वित होते हैं।

प्रकाशित



आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 13 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in
11

# जेइइ मेंस में गोल संस्थान के विद्यार्थियों का बेहतर प्रदर्शन

## आकृति ने 95 व मीनाक्षी ने हासिल किया 93 परसेंटाइल अंक

आजाद सिपाही संवाददाता

आकृति कुमारी।

मीनाक्षी कुमारी।

**धनबाद।** कोयलांचल में मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी कराने वाली संस्था गोल इंस्टिट्यूट धनबाद के विद्यार्थियों ने साल 2025 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। संस्थान के कई छात्रों ने इस कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त की औरअच्छे मार्क्स हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है। जेइइ मेन परीक्षा में गोल के कई छात्रों ने 90 प्रसेंटाइल से अधिक अंक लाकर अपनी मेहनत और समर्पण का परिचय दिया। जहां संस्थान कि छात्रा आकृति कुमारी ने 95 प्रसेन्टाइल से अधिक अंक लाकर संस्थान को गौरवांवित किया वहीं संस्थान कि एक अन्य छात्रा मिनाक्षी कुमारी ने 93 प्रसेन्टाइ ललाकर यह साबित कर दिखाया कि यदि हौसले बुलंद होने के साथ ही उचित मार्गदर्शन हो तो केवल सफलता ही नहीं, बल्कि टॉपर भी बना जा सकता है। गौरतलब हो कि संस्थान के अन्य कई छात्र भी 90 प्रसेन्टाइल से अधिक मार्क्स लाने में सफल हुए हैं। गोल इंस्टिट्यूट के फाउण्डर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर विपीन सिंह ने सभी सफल छात्रों को बधाई दी और उम्मीद जताई कि जेइइ एडवांस में भी संस्था के छात्र बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि गोल इंस्टिट्यूट ने पहले भी मेडिकल और इंजीनियरिंग में सफलता पाने वाले कई छात्रों को तैयार किया है, और अब इस संस्थान का लक्ष्य और भी अधिक छात्रों को सफलता दिलाना है। वहीं, गोल इंस्टिट्यूट धनबाद के निदेशक संजय आनंद ने बताया कि गोल संस्थान प्रतियोगी छात्रों के लिए बड़े निष्ठा और ईमानदारी से काम कर रही है। यहां के छात्रों में बड़ी प्रतिभा है। सफल छात्रों को उन्होंने शुभकामनाएं दी एवं तैयारी कर रहे छात्रों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बताया कि संस्थान आगामी सत्रों के लिए नीट और जेईई की तैयारी के लिए टारगेट एवं फाउण्डेशन बैच प्रारंभ करने जा रही है, जिसमें छात्रों को सभी प्रकार के तकनीकी सहायता, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

# धनसार गोलीकांड में एक और आरोपी हुआ गिरफ्तार

## बाकियों की तलाश में पुलिस कर रही छापामारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** थाना क्षेत्र के हल्दी पट्टी में अवैध धंधे में वर्चस्व को लेकर दो गुटों के बीच मारपीट व गोलीबारी की हुई घटना के एक अन्य आरोपी सूरज यादव को पुलिस ने बुधवार को धनबाद से गिरफ्तार कर लिया है। लगे हाथ अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस जगह-जगह छापामारी कर रही है। बतातं चलें कि सोमवार को हल्दी पट्टी में वर्चस्व को लेकर दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हो गयी थी। इस दौरान दो राउंड गोली भी चली थी। इसके बाद दोनों गुटों ने एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट व आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया है। इस दौरान एक पक्ष के आकाश का वीडीओ भी वायरल हुआ ता, जिसमें वह पिस्टल लहराते देखा जा रहा है। जबकि आकाश की मां सुशीला देवी ने छोटू ओझा, सूरज यादव, कुंदन और विपिन यादव के खिलाफ घर में घूसकर मारपीट करने, नाबालिग बेटी के साथ दुर्वयव्हार और दो राउंड फायरिंग करने की शिकायत दर्ज करायी है। वहीं, विपिन की बहन पिंकी कुमारी ने आकाश, विकास, नीतीश और राहुल साव के खिलाफ मारपीट और घर पर आकर बंदूक का भय दिखाने का आरोप लगाया था। इसके बाद पुलिस ने पिस्टल बरामद करते हुए आकाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उधर, घटना के बाद से अभी भी यहां दोनों गुटों के बीच तनाव बना हुआ है।

# बिना सेफ्टी उपकरण के काम कर रहा व्यक्ति गंभीर रूप से झुलसा

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** जेलगोड़ा सात नंबर निवासी बीसीसीएल कर्मी कुलदीप साव (45) करेंट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया है। सहयोगियों की मदद से उसे जेलगोड़ा अस्पताल ले जाया गया। जहां हंगामे के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाजे के लिए सरायढेला अस्पताल भेज दिया।कर्मियों का कहना है कि कुलदीप इलेक्ट्रिक कर्मी था, जो कुंजाम पावर हाउस में कार्यरत था। बुधवार को प्रथम पाली में ड्यूटी पर गया था। वहां बिना सेप्टी उपकरण लिए 11 हजार बोल्ट को चार्ज कर रहा था। तभी करंज की चपेट में आकर घायल हो गया है। वहीं, श्रमिक नेता शैलेश सिंह उर्फ छोटू सिंह ने अस्पताल पहुंच कर बीसीसीएल के अधिकारियों व चिकित्सको की क्लास लगायी। मरीज को धनबाद ले जाने के लिए जिस एम्बुलेंस को लाया गया उसमें ऑक्सीजन सिलेंडर नहीं था, जिले लेकर मजदूरों ने हंगामा कर दिया। इसके बाद दूसरा एम्बुलेंस लाकर उसे धनबाद भेजा गया है। मजदूर नेता का कहना है कि बिना सेफ्टी उपकरण के ही प्रबंधन कार्य ले रहा था जो घोर लापरवाही हैं। जल्द ही प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन किया जायेगा।

# फुसरो में 30 हजार झामुमो सदस्य बनाने का लक्ष्य, 10 हजार बन चुके हैं : दीपक महतो

**झामुमो ने फुसरो में चलाया सदस्यता अभियान, सैकड़ों लोगों ने ली सदस्यता**

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** झामुमो फुसरो नगर कमेटी की ओर से बुधवार को फुसरो नगर परिषद के वार्ड संख्या 25 में सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसकी अगुवाई नगर प्रमुख भोलू खान व पर्यवेक्षक दीपक महतो ने की। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने झामुमो की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। सभी का सदस्यता रशीद काट कर पार्टी में शामिल कराया गया। इस अवसर पर भोलू खान और दीपक महतो ने कहा कि पार्टी आलाकमान के आर्देश पर पूरे राज्य में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें फुसरो नगर समिति को 30 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक 10 हजार से अधिक सदस्य बनाये जा चुके है। शेष लक्ष्य को पूरा करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। ताकि शहर के गांव-गांव में भी झामुमो का सदस्य बन सके। प्रत्येक घर से कम से कम दो व्यक्ति को झामुमो से जोड़ने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने राज्य सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हेमंत सोरेन सरकार की मंइयां सम्मान योजना से हर घर की गरीबों को लाभ मिल रहा है, जिससे सरकार की लोकप्रियता और विश्वास में लगातार वृद्धि हो रही है। पार्टी के नीति सिद्धांत व सरकार के विकास कायों को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों में सरकार के प्रति गहरी निष्ठा है और यह क्षेत्र हमेशा झामुमो का मजबूत गढ़ रहेगा। अभियान के दौरान जो लोग सरकार के योजनाओं के लाभ से अब तक वंचित रह गये हैं उन्हें भी लाभ दिलवाने का प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर संयोजक मंडली सदस्य टीकू महतो, समीर शाह, मधु शाह, विनोद गंझु, सोनी खातून, अनीशा खातून, बेबी खातून, जुलेखा खातून, बसिरन खातून, अनवरी बीवी, नूर आयशा खातून आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# फाइलेरिया मुक्त समाज के लिए चलाया जागरूकता अभियान

**कथारा (आजाद सिपाही)।** बोरिया गांव में फाइलेरिया मुक्त समाज निर्माण को लेकर बुधवार को फाइलेरिया एवं सर्वजन दवा सेवन के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसकी अगुवाई बेरमो केबी कॉलेज के प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने की। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के सदस्यों ने कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ प्रभाकर कुमार के निर्देश पर कार्यक्रम आयोजित किया। वहीं, डॉ प्रभाकर कुमार ने बताया कि मच्छरों के काटने से यह बीमारी होती है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से 10 से 25 फरवरी तक घर-घर जाकर निःशुल्क दवा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए दवाएं अनुमंडलीय अस्पताल, स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य उप केंद्र, ग्राम टोला की बूथों पर भी उपलब्ध कराया गया है।

# टाटा डीएवी स्कूल में मनी दयानंद सरस्वती और संत रविदास जयंती

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा की विशेष प्रार्थना सभा में बुधवार को समाज सुधारक आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती एवं संत रविदास की जयंती मनाई गयी। सर्वप्रथम विद्यालय के वाणिज्य शिक्षक बिनय कुमार सहाय ने माल्यार्पण किया। इसके बाद विद्यालय के बच्चे, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अमरेश नंदन सिंह, हरिश्चंद्र मिश्र, कुमारी प्रियदर्शनी, विनीता, संध्या मिश्रा, अनीता दास गुप्ता आदि ने स्वामी जी के बारे में अपने विचार साझा किए। बतातें चलें कि स्वामी दयानंद सरस्वती का जन्म 12 फरवरी 1824 में गुजरात के टंकारा में हुआ था। ये एक समाज सुधारक थे। उन्होंने समाज में फैली अनेक कुप्रथाएं जैसे छुआ-छूत, स्त्री शिक्षा, अछूतोद्धार के लिए कार्य किया। वेदो के प्रचार-प्रसार के लिए भी काम किया। सके बाद 1875 में आर्य समाज की स्थापना की। उनके निधन के बाद आर्य समाज के लोगों ने इनके नाम से डीएवी शिक्षण संस्था की स्थापना की। जो आज देश-विदेश में लगभग 1000 जगह पर स्थित है। भारतीय संस्कृति के साथ ही ज्ञान और विज्ञान की शिक्षा दे रही है। इस अवसर पर संस्कृत शिक्षक धर्मराज जी की देख-रेख हवन किया गया। संगीत शिक्षका श्रुति पाठक ने भजन प्रस्तुत किया। हिन्दी शिक्षिका पिंकी के निर्देशन स्वामी दयानंद पर आधारित लघु नाटिका का भी मंचन किया गया। कला शिक्षक पिंस ने स्वामी दयानंद से संबंधित कक्षा तृतीय से सातवीं के बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। जबकि प्राचार्य अनुज मिश्रा ने बच्चों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं दी।

# महाशिवरात्रि भव्य तरीके से मनाने का लिया निर्णय

**गांधीनगर/बेरमो (आजाद सिपाही)। बैदकारो पूर्वी पंचायत अंतर्गत चलकरी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर प्रांगण में 55 वें महाशिवरात्रि महोत्सव मनाने को लेकर स्थानीय लोगों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य हरिश्चंद्र झा और संचालन मनोज कुमार सिंह ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से 26 फरवरी को महाशिवरात्रि भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मंदिर कमेटी द्वारा बीते साल के आय ब्यय का लेखा-जोखा पेश किया गया। वहीं, पूर्व प्रधानाचार्य हरिश्चंद्र झा, दिगंबर महतो, मनोज कुमार सिंह, कार्तिक महतो, बी एन सिंह ने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि सक्षम व्यक्ति आर्थिक एवं शारीरिक सहयोग विशेष रूप से करें। ताकि इस महोत्सव को सफल बनाया जा सके। इस आयोजन में सभी लोगों का सहयोग आवश्यक है। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार आकर्षक सजावट एवं लाइटिंग 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन भोलेनाथ की बारात को गाजे बाजे के साथ भव्य रूप से निकाला जाएगा। बैठक में मंदिर के पुजारी द्वारिका पांडे, विमल पाठक, मिंटू दत्ता, निर्मल यादव, जितेंद्र यादव, धनंजय कुमार राय, हरलाल महतो, ललन चौधरी आदि थे।**

# स्कूल के वार्षिकोत्सव में शामिल हुईं रागिनी सिंह

**झरिया (आजाद सिपाही)।** सुदामडीह अजमेरा स्थित किड्स एंजल पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव में झरिया विधायक रागिनी सिंह भी शामिल हुईं। विदायक ने स्कूली छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए उनके भविष्य की मंगलकामनाएं दी। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक विशाल श्रीवास्तव, रूपेश सिन्हा और अभिषेक पांडेय आदि मौजूद रहे।

# कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन मे संत रविदास जयंती पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** फुसरो के पुराना बीडीओ ऑफिस स्थित कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन में बुधवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती पर सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र की ओर से कक्षा अष्टम एवं नवम की कुल 60 विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच की गयी। साथ ही सभी को निःशुल्क दवा भी दिया गया। सीसीएल ढ़ोरी केंद्रीय अस्पताल के चिकित्सक डॉ शैल्या, सीनियर फार्मासिस्ट अजय झा, सहयोगी प्रीति कुमारी, अमृता कुमारी एवं रीता कुमारी के सहयोग से सिविर आयोजित हुआ। इसके बाद विद्यालय में संत रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

# आइआइटी आइएसएम में नारीवाद, अनुवाद संबंधी विचार व आलोचनात्मक पद्धतियों पर विचार विमर्श

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** आइआइटी आइएसएम ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के प्रतिष्ठित जीआइएएन कार्यक्रम के तहत आधुनिक आलोचनात्मक परंपरा में महिला लेखिकाएं और विचारक विषय पर 10 फसवरी से एक विचारोत्तेजक वर्चुअल कार्यशाला का आयोजन किया है, जो 14 फरवरी तक चलेगा। इसका संचालन मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग की प्रो रजनी सिंह ने किया। इसमें दुनियाभर के प्रख्यात विद्वानों ने नारीवाद, अनुवाद संबंधी विचार और आलोचनात्मक पद्धतियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। प्रमुख वक्ताओं में प्रो मेना मित्रानो के सीए फोसकारी यूनिवर्सिटी अविनाश वेनेस वेनिस प्रो रश्मि गौड़ आईआईटी रुड़की और प्रो रजनी सिंह शामिल थीं, जिन्होंने आधुनिक आलोचनात्मक परंपराओं और नारीवादी चिंतन पर गहन बौद्धिक संवाद में भाग लिया। जीआइएएन पाठ्यक्रम के दूसरे दिन प्रो रजनी सिंह ने गर्ट्रूड स्टीन और महिलाओं की आलोचनात्मक सोच में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर व्याख्यान दिया। बताया कि स्टीन ने आधुनिक आलोचनात्मक परंपरा में एक केंद्रीय भूमिका निभाई और अपने नवाचारपूर्ण लेखन व दार्शनिक विचारों के माध्यम से आधुनिकतावादी साहित्य को प्रभावित किया। इस चर्चा में स्टीन की नारीवादी विचारधारा एवं आधुनिकतावादी साहित्य में उनकी विरासत को उजागर किया गया। उनके सत्र में दलित महिला लेखिकाओं और दलित नारीवादी ज्ञानमीमांसा (एपिसटेमोलॉजी) पर चर्चा की गई, जिसमें प्रतिनिधित्व, शक्ति संरचनाएं व ज्ञान उत्पादन जैसे विषयों का विश्लेषण किया गया। इस व्याख्यान में मानवता की विवादित परिभाषा, गायत्री चक्रवर्ती स्पिवाक की दलित प्रतिनिधित्व पर आलोचना और सैंड्रा हार्डिंग द्वारा ज्ञान में वस्तुनिष्ठता को चुनौती देने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को शामिल किया गया। चर्चा में जाति और लिंग पदानुक्रम की संयुक्त रूप से उत्पीड़नकारी प्रकृति को रेखांकित किया गया एवं सामूहिक पहचान व एकजुटता की आवश्यकता पर जोर दिया गया। व्याख्यानों के बाद इंटरैक्टिव ट्यूटोरियल आयोजित किए गए, जहां प्रतिभागियों ने चर्चा की, महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे और वक्ताओं से गहन उत्तर प्राप्त किए। इस कार्यशाला का उद्देश्य मानविकी के भीतर होने वाले प्रमुख बदलावों की व्यापक समझ प्रदान करना था, जिसमें आलोचनात्मक चिंतन को केंद्रीय रूप में रखा गया। प्रतिभागियों को साहित्यिक आलोचना, आलोचनात्मक और साहित्य सिद्धांत के शास्त्रीय ग्रंथों की व्याख्या, चर्चा और मूल्यांकन करने के लिए प्रेरित किया गया, साथ ही उनकी अंतर्विभागीय प्रासंगिकता की भी खोज की गई। 150 से अधिक प्रतिभागियों के साथ, यह कार्यशाला सफलतापूर्वक अपने उद्देश्य को प्राप्त करने में सक्षम रही। इस आयोजन ने आइआइटी आइएसएम धनबाद की अकादमिक उत्कृष्टता और भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली में मानविकी और आलोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को पुनः स्थापित किया।

# संत शिरोमणि रविदास जी समाज में फैली बुराइयों व भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाते रहे : बबिता देवी

## संत रविदास जी के आदर्शों पर चलकर जीवन के हर लक्ष्य को पा सकते हैं : पंकज मिश्रा

**संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती पर जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित, निकाली गयी प्रभात फेरी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**ललपनिया/फुसरो/बेरमो।** गोमिया प्रखंड क्षेत्र स्थित कुंदा पंचायत के चुगणु, बकड़ी पुन्नू चोतरोचट्टी एवं होसिर पश्चिमी पंचायत के गोरिया टोला में बुधवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास की 648वीं जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक बबिता देवी के अलावा झारखंड के अवर वन संघ जितेंद्र कुमार, मुखिया पार्वती देवी, पंसस महेश रविदास, शिक्षक मदन रविदास, शिक्षक रेवतलाल रविदास, कपिलदेव रविदास और महावीर दास शामिल हुए। सभी ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सर्व प्रथम रविदास कमेटी की ओर से 51 किलो का माला पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की तस्वीर पर मल्यापर्ण कर आशीर्वाद लिया। कहा कि आज पूर्णिमा है। आज के दिन रविदास जी का जन्म हुआ था। गुरु रविदास 15वीं शताब्दी के महान संतो में से थे। जो कवि होने के साथ ही समाज सुधारक भी थे। उन्होंने अपने जीवन काल में समाज में फैली बुराइयों एवं भेदभाव के खिलाफ आवाज उठायी। आज उनके सहरानीय योगदान की वजह से हर साल संत शिरोमणि गुरू रविदास जी की बड़े ही उत्साह के साथ मनाते हैं। वही, कमेटी के अध्यक्ष बुधन रविदास, सचिव नारायण रविदास, कोषाध्यक्ष ने भी अपने-अपने विचार रखे। वहीं, कार्यक्रम का संचालन संतोष रविदास ने किया। इस अवसर पर मुखिया पार्वती देवी ने कहा कि इस साल पांच गांव मिलकर गोरिया टोला में धूमधाम से संत रविदास जयंती मना रहे हैं। पंसस महेश रविदास ने कहा कि आज ही के दिन गुरु रविदास जी का जन्म हुआ था। अपने जीवन में संत रविदास समानता और मानव अधिकारों की शिक्षा दिया करते थे। इस दौरान बाइक जुलूस भी निकाला गया, जो गोमिया टोला से होते हुए देवीपुर शाब्दिटांड बगियां टोला मियांबंध से निकलकर होसिर साडम से घुमकर गोरियां टोला लौटा। इस मौके पर माणिक रविदास, भरत रविदास, दीपक रविदास, मनोज रविदास, रामदेव रविदास, कपिलदेव रविदास, मुकेश रविदास, हेमंत कुमार दास, कारण रविदास, परन रविदास, मिहीलाल रविदास आदि उपस्थित थे।

## अनपति देवी स्कूल ने निकाली प्रभात फेरी

फुसरो अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर प्रांगण में बुधवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती धूमधाम से बनाई गई। इस उपलक्ष्य पर विद्यालय की ओर से फुसरो नगर में स्थित शारदा कॉलोनी में प्रभात फेरी निकालकर लोगों को संत रविदास जी के त्याग और महान व्यक्तित्व से अवगत कराया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य पंकज मिश्रा, सचिव अमित सिंह, कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन के सचिव धीरज पांडेय मुख्य रूप से उपस्थित थे। विद्यालय में संयुक्त रूप से जयंती मनाने के बाद शारदा कॉलोनी में प्रभात फेरी निकाली गई। जिसका समापन शारदा कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर में हुआ। जहां शारदा कॉलोनी के सभी अभिभावक बंधु भगिनी मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रधानाचार्य एवं सभी अभिभावकों ने संयुक्त रूप से संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही साथ विद्यालय के आचार्य साधन चंद्रधर, भगवती नोनिया ने भी अपने विचार रखें। प्रधानाचार्य पंकज मिश्रा ने कहा कि संत शिरोमणि संत रविदास जी के आदर्शों पर चलकर हम अगर आगे बढ़े, तो जीवन के हर लक्ष्य को पा सकते हैं। समाज में उपेक्षित वर्ग भी त्याग, तपस्या और समर्पण के भाव के साथ ईश्वर की प्राप्ति कर सकता है। मन में ईर्ष्या द्वेष को त्याग कर हम सभी को जन सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में शारदा कॉलोनी के अभिभावकों द्वारा प्रसाद की व्यवस्था की गई थी।

# खूबसूरत ज्वेलरी के साथ रिश्तों के बंधन जुड़ेंगे

मानकः पथप्रदर्शकः

हमारे यहां शुद्ध 916 BIS प्रमाणित हॉलमार्क जेवर भी उपलब्ध है।

EXQUISITE
JEWELLERY
COLLECTION

# SHIV JEWELLERS

PROPRIETOR:- SHIV JEWELLERS, BARIATU, HOUSING COLONY CHOWK
NEAR DAV PUBLIC SCHOOL, BARIATU, RANCHI, JHARKHAND
PHONE:-9835142965, 7209335501


आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**